



# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 141 • नई दिल्ली, रविवार, 27 अगस्त 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737




3 फुटबाल लीग मैच में चौथे दिन अररिया की टीम ....

# भारत गौरव ट्रेन में लगी आग, 10 यात्रियों की जलकर मौत, 20 अन्य घायल

**एजेंसी। मदुरै**

भारत गौरव ट्रेन में आग लगने से 10 यात्रियों की जलकर मौत हो गई है। वहीं 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिस कोच में आग लगी वह किसी प्रायवेट पार्टी ने बुक किया था, जिसमें चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से आग लग गई। हालांकि अभी जांच चल रही है, इसलिए पुख्ता कारण अभी सामने नहीं आया है। इधर रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये आर्थिक सहायता को मंजूरी दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपी के लखनऊ से रामेश्वरम जा रही भारत गौरव पर्यटक ट्रेन में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई है। ट्रेन मदुरै रेलवे स्टेशन से लगभग 1 किमी दूर रुक गई। एक डिब्बे से शुरू हुई आग की लपटें तेजी से अगल-बगल के डिब्बे तक फैल गईं। आग लगने के कारण मची अफरा-तफरी के बीच यात्रियों ने तुरंत ट्रेन को खाली कर दिया और नीचे उतर गए। इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी यात्री उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे हैं। दक्षिण रेलवे ने मृतकों के परिवार के लिए 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग ट्रेन में सवार श्रद्धालुओं द्वारा गैस सिलेंडर से खाना पकाने की गतिविधियों के कारण लगी। यहा डिब्बा प्रायवेट पार्टी द्वारा बुक किया गया था। मदुरै जिला कलेक्टर एमएस संगीता ने कहा कि आज सुबह पर्यटक ट्रेन में लगी आग में 10 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। अन्य 20 घायलों को मदुरै के राजाजी गवर्नमेंट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि आग बुझाने में शामिल रेलवे कर्मचारियों के अलावा पुलिस, अग्निशमन और बचाव सेवा कर्मियों ने डिब्बे से जले हुए शवों को बाहर निकाला। मदुरै जिला कलेक्टर एमएस संगीता ने कहा कि आज सुबह लगभग 5:30 बजे, मदुरै रेलवे स्टेशन पर रुकी ट्रेन के एक कोच में आग लग गई। इसमें उत्तर प्रदेश से यात्रा कर रहे श्रद्धालु सवार थे। जब उन्होंने कॉफी बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाया तो गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जो हादसे की वजह बना। आग धीरे-धीरे दो और कोच तक फैल गई। अब तक, हमने 10 शव बरामद किए है! दक्षिणी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी बी गुगनेसन ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि मदुरै यार्ड में एक निजी पार्टी कोच में सुबह 5.15 बजे आग लग गई और अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया जो 5.45 बजे पहुंची और सुबह 7.15 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। रेलवे ने कहा है कि अन्य किसी कोच को कोई नुकसान नहीं हुआ। रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक निजी पार्टी कोच में यात्रियों अवैध रूप से गैस सिलेंडर लेकर चढ़े थे। इसी वजह से आग लगी। आग लगने की सूचना पर कई यात्री कोच से बाहर निकल गए थे। कुछ यात्री प्लेटफॉर्म पर ही उतर गए थे। घटनास्थल पर बिखरे हुए सामान में एक सिलेंडर और आलू की एक बोरी मिली है, जिससे पता चलता है कि डिब्बे में खाना पकाया जा रहा था। कोई भी व्यक्ति आईआरसीटीसी के पोर्टल का उपयोग करके प्राइवेट पार्टी कोच बुक कर सकता है।



## ख़ास ख़बर

### शिवराज मंत्रिमंडल में तीन नए मंत्री शामिल, चुनाव से पहले हुआ कैबिनेट विस्तार



**भोपाल**। मप्र की शिवराज सरकार में आज फिर तीन नए मंत्रियों को शामिल किया गया। विधानसभा चुनाव के ठीक पहले आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए तीन मंत्रियों जिसमें गौरीशंकर बिसेन और राजेंद्र शुक्ल कैबिनेट मंत्री और राहुल सिंह लोधी राज्य मंत्री बनाए गए हैं। राजभवन में आयोजित संक्षिप्त समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने तीनों नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री चौहान के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि विधानसभा चुनाव के ठीक पहले क्षेत्रीय, जातीय और राजनैतिक संतुलन के उद्देश्य से नए मंत्रियों को शपथ दिलायी गई है। मंत्रिमंडल में अब मुख्यमंत्री के अलावा मंत्रियों की संख्या बढ़कर 33 हो गयी है। इसमें 25 कैबिनेट मंत्री और आठ राज्य मंत्री शामिल हैं। दो सौ तीस सदस्यीय राज्य विधानसभा में तय मापदंड के अनुरूप मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 35 मंत्री हो सकते हैं। इस तरह अब भी एक पद रिक्त है। बता दें कि विंध्य अंचल से आने वाले राजेंद्र शुक्ल रीवा विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और वे पहले भी मंत्री रह चुके हैं। महाकौशल अंचल से आने वाले लगभग 70 वर्षीय गौरीशंकर बिसेन बालाघाट विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और वे पहले भी मंत्री रह चुके हैं।

### परिवर्तन यात्राः पूनिया को नई जिम्मेदारी मिलने से राजस्थान बीजेपी के कुछ दिग्गज नाराज

**नई दिल्ली**। भाजपा राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रही है, लेकिन इसकी राज्य इकाई में अंदरूनी कलह पार्टी को परेशान कर रही है। कई दिग्गज नेता शीर्ष नेतृत्व द्वारा पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपने से नाराज दिख रहे हैं। जब पूनिया राजस्थान भाजपा प्रमुख थे, तब उनकी कार्यशैली की पार्टी के कुछ दिग्गज नेताओं ने कड़ी आलोचना की थी। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के चार प्रमुख धार्मिक स्थलों से चार 'परिवर्तन यात्राएं' निकालने जा रही भाजपा ने पूनिया को एक यात्रा का नेतृत्व सौंपा है। इससे राजस्थान से लेकर दिल्ली तक पार्टी के कुछ नेता नाराज हो गए हैं। क्रमशः 2, 3, 4 और 5 सितंबर को शुरू होने वाली यात्राएं 25 सितंबर को जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक विशाल सार्वजनिक संबोधन में समाप्त होंगी। चौथी यात्रा को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 5 सितंबर को हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी से हरी झंडी दिखाएंगे। पार्टी आलाकमान ने इस यात्रा के नेतृत्व की जिम्मेदारी अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूनिया को सौंपी है। लोग पूनिया से खुश नहीं हैं, उनमें राजस्थान में पार्टी के कुछ दिग्गज नेता, कुछ वर्तमान और पूर्व केंद्रीय मंत्री और संवैधानिक पदों पर बैठे राजस्थान बीजेपी के एक दिग्गज नेता भी शामिल हैं।

### कोविड के नए वेरिएंट ने वैज्ञानिकों को चिंता में डाला



**वॉशिंगटन** । कोरोना के वेरिएंट ओमिक्रॉन के बाद एक नए वेरिएंट ने वैज्ञानिकों को चिंता में डाल दिया है। कोविड का यह नया वेरियंट अमेरिका, ब्रिटेन में मामलों में वृद्धि का कारण बन रहा है। यह ओमिक्रॉन की तरह, बीए.2.86 वैरिएंट है। शोधकर्ता इसके प्रभाव को जानने की कोशिश कर रहे हैं और उनमें से कई ओमिक्रॉन वेरिएंट से जुड़ी समानता पा रहे हैं। बीए.2.86 वेरिएंट के स्पाइक प्रोटीन में कई बदलाव होते हैं। यह वायरस का प्रमुख क्षेत्र है जो इंसान के इम्यून सिस्टम पर अटैक करता है। जानकारी के अनुसार, कई वैज्ञानिकों का मानना है कि बड़े पैमाने पर वैक्सीन रोल-आउट के कारण यह तेजी से नहीं फैलेगा यानी यह ओमीक्रॉन लहर की तरह नहीं होगा। वैज्ञानिकों ने पाया कि बीए2.86 वैरिएंट का वंश ओमीक्रॉन सबवेरिएंट बीए.2 से जुड़ा हुआ है। कोविड-19 से जूझ रहे मरीजों में बड़े स्पाइक म्यूटेशन थे, और ऐसा ही बीए.2.86 में पाया गया है। वायरोलॉजिस्ट जेसी ब्लूम का कहना है कि जिन लोगों ने बूस्टर टीकों या पहले के कोविड संक्रमण के माध्यम से एंटीबॉडी विकसित की है, वे अभी भी नए संक्रमण की चपेट में आ सकते हैं, यानी यहां पहले लगवाई गई वैक्सीन बेअसर साबित होने वाली है।21 अगस्त तक इजराइल, यूनाइटेड किंगडम, डेनमार्क और संयुक्त राज्य अमेरिका में कोविड संक्रमण के 6 मामले सामने आए हैं।

# विदेश से लौटते ही पीएम पहुंचे इसरो, वैज्ञानिकों से मिलकर हुए भावुक

## पीमए मोदी ने चंद्रयान 3 की सफलता को बताया असाधारण उपलब्धि, किया सैल्यूट

**एजेंसी। बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान 3 की सफलता को असाधारण उपलब्धि बताया है। उन्होंने ग्रीस से लौटने के तुरंत बाद आज सीधे बेंगलुरु पहुंचकर इसरो के वैज्ञानिकों से मुलाकात की। उन्होंने यहां इसरो कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में चंद्रयान-3 मिशन में शामिल वैज्ञानिकों को संबोधित किया। इस दौरान वह भावुक भी हो गए। उन्होंने कहा, मैं सुबह-सुबह यहां आ गया, मुझे पता है आपको दिक्कत हुई होगी। लेकिन मैं आपको परेशान करना नहीं चाहता था, बस आपके दर्शन करने की बेसब्री थी। आप सभी को मैं सैल्यूट करता हूं। आपकी मेहनत, आपके धैर्य को सैल्यूट करता हूं। अपने संबोधन के दौरान भावुक होते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी के बीच आकर आज एक अलग ही खुशी महसूस कर रहा हूं। शायद ऐसी खुशी बहुत दुर्लभ अवसरों पर होती है, जब ऐसी घटनाएं घटती हैं तो बेसब्री हावी हो जाती हैं। इस बार मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ है। इतनी बेसब्री, कि मैं साउथ अफ्रीका में था फिर ग्रीस का कार्यक्रम था, वहां चला गया- लेकिन मेरा मन पूरी तरह आपके साथ ही लगा हुआ था। मैं जल्द से जल्द



आपके दर्शन करना चाहता था। आप सबको सैल्यूट करना चाहता था। पीएम मोदी इतना बोलते ही काफी भावुक हो गए।

**23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे मनाएंगे-** प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि अब 23 अगस्त को हर साल नेशनल स्पेस डे मनाया जा जाएगा। उन्होंने कहा कि जब भारत ने चंद्रमा पर तिरंगा फहराया, उस दिन को अमर कर दिया इसलिए अब यह नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने इसरो वैज्ञानिकों से कहा आपकी वजह से हमने वह किया जो किसी ने नहीं किया, हम वहां पहुंचे, जहां पहले कभी कोई नहीं पहुंचा। यह वह भारत है जो नया सोचता है, नए तरीके से सोचता है। जो डार्क जोन में जाकर भी 21वीं सदी में दुनिया की बड़ी-बड़ी समस्याओं का समाधान करेगा।

### परिश्रम, धैर्य और जज्बे को किया सैल्यूट

पीएम नरेन्द्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों से कहा कि सैल्यूट आपके परिश्रम को। सैल्यूट आपके धैर्य को, सैल्यूट आपकी लगन को, सैल्यूट आपकी जीवटता को, सैल्यूट आपके जज्बे को। आप देश को जिस ऊंचाई पर ले गए हैं यह कोई साधारण सफलता नहीं है। यह अनंत अंतरिक्ष में भारत के वैज्ञानिक सामर्थ्य का शंखनाद है। पीएम ने कहा कि मेरी आंखों के सामने 23 अगस्त का वह दिन, वह एक-एक सेकंड बार-बार घूम रहा है। जब टच डाउन कंफर्म हुआ तो जिस तरह यहां इसरो सेंटर में, पूरे देश में लोग उछल पड़े, वह दृश्य कौन भूल सकता है। कुछ स्मृतियां अमर हो जाती हैं। वह पल अमर हो गया। आज पूरी दुनिया हमारे वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक प्रतिभा का लोहा मान चुकी है। चंद्रयान महाअभियान सिर्फ भारत की नहीं बल्कि पूरी मानवता की सफलता है।

### टचडाउन पॉइंट को 'शिव शक्ति' नाम दिया

पीएम ने चांद पर चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम के टचडाउन पॉइंट को 'शिव शक्ति' नाम देते हुए पूरे चंद्रमा मिशन में महिला वैज्ञानिकों की भूमिका की सराहना की। पीएम ने कहा कि यह वह भारत है जो अंधेरे क्षेत्रों में भी जाता है और प्रकाश फैलाकर दुनिया को रोशन करता है। पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता पर दुनियाभर में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि की जोरदार चर्चा है। हमारी महिला वैज्ञानिकों ने चंद्रयान 3 की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह मिशन आने वाली पीढ़ियों को मानवता के कल्याण के लिए विज्ञान का उपयोग करने के प्रति प्रेरित करेगा। पीएम ने इसरो की तारीफ करते हुए कहा कि हमारे वैज्ञानिकों ने लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग का परीक्षण करने के लिए इसरो फैसिलिटी में ही एक कृत्रिम चंद्रमा बनाया। पीएम मोदी ने कहा, 'लैंडर का सफल होना तय था, क्योंकि वहां (चंद्रमा पर) जाने से पहले उसने कई परीक्षण पास किए थे।'

# एआई का गलत इस्तेमाल पर हो सकती है तीन साल की जेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के गलत इस्तेमाल को लेकर एक नई चुनौती लोगों के सामने आती दिख रही है। सोशल मीडिया पर इस तरह के कई मामले देखने को मिल रहे हैं, जहां एआई का इस्तेमाल करके आपकी तस्वीर को गलत रूप दिया जा सकता है। अगर कोई शख्स इस तरह का वीडियो एडिट करता है, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इस तरह के मामले कई धाराओं के साथ मामला दर्ज हो सकता था। इस तरह के मामलों में आईटी एक्ट, आईपीसी की विभिन्न धाराओं और डेटा प्रोटेक्शन लॉ के तहत केस हो सकता है। एक साइबर एक्सपर्ट्स ने बताया कि आई टी एक्ट की धारा 67 के अंतर्गत यदि इंटरनेट पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वीडियोज पोस्ट की जाती है तो व्यक्ति पर कार्रवाई करने का प्रावधान है।

इस धारा के तहत तीन साल तक की सजा और जुर्माने का भी प्रावधान है और यह सज़ा बढ़ाई भी जा सकती है। आपके शेयर किए वीडियो से जिस शख्स की छवि खराब होती है, वो आप पर मानहानि का भी केस कर सकता है। हमने जिस मामले की बात इस आर्टिकल की शुरुआत में की है, उसमें पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कई मामलों में केस दर्ज किया है। इसमें यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पोस्को)



की धाराओं के तहत भी केस दर्ज किया गया है। अगर कोई इस तरह के अपराध का शिकार हो जाएं, तो साइबर क्राइम संबंधित थाना से संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा यूजर्स को सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज को शेयर करते वक्त थोड़ा सवाधान रहने की भी जरूरत है। अगर आपको किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी फोटोज मिलती हैं, तो भी आप वहां भी रिपोर्ट कर सकते हैं।हर फोटोज के साथ आपको कई सारे ऑप्शन मिलते हैं। अगर आपको फेसबुक पर अपना कोई आपत्तिजनक वीडियो या फोटो मिलती है, तो आप उसे रिपोर्ट कर सकते हैं। इसके साथ ही आप उस प्लेटफॉर्म के कस्टमर केयर से भी संपर्क कर सकते हैं और अपना वीडियो या फोटो रिमूव करने के लिए रिक्वेस्ट कर सकते हैं।सोशल मीडिया पर आपको ऐसे कई सबूत मिलते हैं, जिससे पता चलता है कि लोग एआई का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें डीपफेक वीडियो, मॉर्फ वीडियो और बच्चों के अश्लील वीडियो शामिल हैं।

## मां के चिता को पुत्री ने दी मुखाग्नि, लोगों ने मुक्त कंठ से की प्रशंसा

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । बेटी, बहू कभी मां बनकर सबके ही सुख-दुख को सहकर अपने सब फर्ज निभाती है तभी तो वो नारी कहलाती है। और मौका मिलने पर पुत्र का धर्म मृत परिजन को मुखाग्नि देकर भी खुद को संबल प्रदान करती है नारी। कोर्ट में भले ही बेटी बेटा सामान्य होने का अधिकार दे दिया गया हो परंतु आज भी इसकी प्रभाव शत प्रतिशत समाज में देखने को नहीं मिलता है। हालांकि कई जगह इसकी शुरुआत हो चुकी है। ऐसा ही एक मामला जामताड़ा जिला के नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र के मिरगा गांव में देखने को मिला। जहां पुत्र के नहीं



रहने पर पुत्री ने मां के अंतिम संस्कार में श्मशान घाट पहुंचकर मुखाग्नि दिया। विदित हो कि नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा गांव की कौशल्या देवी की एकमात्र पुत्री पार्वती देवी जिनका विवाह नारायणपुर थाना क्षेत्र के झिलुवा गांव के विदुर मंडल के साथ हुआ था। मां की मृत्यु होने पर दिवंगत कौशल्या की पुत्री पार्वती ने मां की चिता को मुखाग्नि देने का फैसला लिया। जिस पर समाज ने भी समर्थन दिया। पार्वती देवी ने बताया कि मां के संतान बेटा बेटी दोनों होता हैं ,अगर बेटा को मुखाग्नि देने की अधिकार है तो बेटी को भी समानता के तहत बराबर का अधिकार है। आज समाज बदल रहा है। संतान होने का अपना धर्म निभाते हुए मैंने मां को मुखाग्नि दिया एवं अंतिम क्रिया कर्म भी विधि विधान से करने का कार्य किया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी में महामंथन

**दैनिक शुभ भास्कर। पटना**

भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर हर दिन बैठक कर रही है। शनिवार को इस चरण में प्रदेश के सभी जिला पदाधिकारियों और नेताओं के साथ बैठक की है। इसमें बिहार के सभी जिलों के जिलाध्यक्ष के अलावा अन्य सीनियर नेता मौजूद हैं। बैठक की अध्यक्षता बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और संगठन महामंत्री भीखू भाई संयुक्त रूप से कर रहें है। भाजपा प्रदेश पार्टी कार्यालय के अटल



सभागार मे बुलाई गई है।

**महागठबंधन को पटखनी देने पर चर्चा** - बैठक में आए पदाधिकारियों को महागठबंधन से किस तरीके से पटकनी देनी है इस पर चर्चा हो रही है। नेताओं से उनके फील्ड का फीड बैक भी ली जा रही है। पार्टी की मजबूती और कमजोर कड़ी पर विशेष रूप से चर्चा हो रही है। मजबूत पक्ष को और मजबूत करना तो कमजोर क्षेत्र में पार्टी को और ताकत देने का गुर सिखाया जा रहा है। लोकसभा के सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने को लेकर यह बैठक बुलाई गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी क्षेत्र से आए नेताओं मे जोश भर रहें है। प्रदेश अध्यक्ष ने नेताओं को पूरी इच्छा शक्ति के साथ चुनावी मैदान मे उतरने का निर्देश दे रहें है। केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और विपक्ष की खामियां को आम लोगो से शेयर करने की बात कर रहें हैं।

### रावतभाटा न्यायालय ने जावदा थाने को प्रकरण दर्जकर कार्यवाही के दिए आदेश

**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान /चितौड़गढ़** / रावतभाटा तहसील का दूरस्थ जावदा निमड़ी थाना क्षेत्र का है मामला।प्रार्थी के अनुसार कुछ लोगों ने जावदा निवासी देवेंद्र सिंह राठौड़ और सुरेश खटीक का अपहरण कर झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देकर एक लाख रुपए की मांग की।जिस मामले को लेकर प्रार्थीगण के परिवार वालों जावदा थाना में मुकदमा दर्ज करवाने पहुंचे तो थानाधिकारी ने टालमटोल कर दिया।जिस पर प्रार्थीगण ने न्यायालय से गुहार लगाई, उन्होंने न्यायालय से बजरंग मीणा,अनिल चौधरी,राकेश मीणा,दशरथ मीणा,गांधीसागर थानाधिकारी एवं गांधीसागर थाना हेड कांस्टेबल के खिलाफ मुकदमा दर्जकर कार्यवाही की मांग की।साथ ही न्यायालय में सबूत के तौर पर सीसीटीवी फोटोज पेशकर दावा किया की हम श्याम सिंह हाड़ा की मोटर साइकिल मांग कर मित्र से मिलने जा रहे थे। बीच रास्ते में कुछ लोगों ने हमे सफेद थार में जबरन डालकर हमारी मोटर साइकिल छीन ली,जिसे दशरथ मीणा सफेद थार के पीछे - पीछे लेकर आ रहा है।मामले पर संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने जावदा थाना को प्रकरण दर्जकर कार्यवाही के आदेश दिए।

**अपराध** छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया

# साइबर अपराध से अकूत संपत्ति का मालिक बना मनरेगा मजदूर जामताड़ा साइबर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। साइबर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर करमाटांड़ थाना क्षेत्र के काशीटांड़ गांव में छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए साइबर अपराधियों में एक मनरेगा मजदूर भी शामिल है। उसने साइबर अपराध से अकूत संपत्ति अर्जित की है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 51 हजार नगद, 19 फर्जी सिम कार्ड, 12 मोबाइल, दो एटीएम कार्ड, दो बैंक पासबुक और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। रंगेहाथ पकड़े गए तीनों साइबर अपराधीः दरअसल,



पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि करमाटांड़ के काशीटांड़ गांव में मंटू मंडल नामक शख्स के घर में बैठ कर कई साइबर अपराधी साइबर क्राइम कर रहे हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस रेस हो गई और काशीटांड़ गांव पहुंचकर मंटू मंडल के घर में छापेमारी की। मौके से तीनों साइबर अपराधी को पुलिस ने पकड़ लिया।गिरफ्तार साइबर अपराधियों में मंटू मंडल, प्रकाश मंडल और मिथुन मंडल शामिल है। मनरेगा मजदूर निकला साइबर अपराधीः पुलिस ने पूछताछ की तो कई अहम जानकारी निकल कर सामने आयी। गिरफ्तार साइबर अपराधी मंटू मंडल से पूछताछ के क्रम में पुलिस को यह पता चला कि मंटू मंडल साइबर क्राइम तो करता ही है, साथ ही मंटू मनरेगा मजदूर भी है। साइबर अपराधी मंटू मंडल और उसकी पत्नी के नाम पर जॉब कार्ड भी बना हुआ है। साइबर अपराधी ने मंटू ने साइबर ठगी से अकूत संपत्ति अर्जित की है। पुलिस मामले में गहन छानबीन कर रही है।पुलिस ने तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। साइबर थाना पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तीनों साइबर अपराधी के बारे में काफी दिनों से सूचना मिल रही थी। जिसपर पुलिस ने छापेमारी की और तीनों साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। मंटू मंडल सहित तीनों साइबर अपराधी घर के कमरे में बैठकर साइबर ठगी कर रहे थे। मंटू मंडल के बारे में जांच में पता चला कि वह एक मनरेगा मजदूर भी है और उसकी पत्नी और उसके नाम से जॉब कार्ड है। फिलहाल साइबर थाना की पुलिस ने पकड़े गए तीनों साइबर अपराधियों के विरुद्ध साइबर थाना में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जामताड़ा जेल भेज दिया है।

## ख़ास ख़बर

### भूपेन्द्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय में डिग्री पार्ट वन की प्रायोगिक परीक्षा शुरू



परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत है -

| SUBJECT | HONS/SUB. | DATE | DAYS |
|---|---|---|---|
| PHYSICS | HONS | [illegible] | [illegible] |
| | SUB. | [illegible] | [illegible] |
| CHEMISTRY | HONS | [illegible] | [illegible] |
| | SUB. | [illegible] | [illegible] |
| BOTANY | HONS | [illegible] | [illegible] |
| | SUB. | [illegible] | [illegible] |
| ZOOLOGY | HONS | [illegible] | [illegible] |
| | SUB. | [illegible] | [illegible] |
| GEOGRAPHY | HONS | [illegible] | [illegible] |
| | SUB. | [illegible] | [illegible] |
| PSYCHOLOGY | HONS | [illegible] | [illegible] |
| | SUB. | [illegible] | [illegible] |
| HOME SCIENCE | HONS | [illegible] | [illegible] |
| | SUB. | [illegible] | [illegible] |



**मधेपुरा**। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर, मधेपुरा की अंगीभूत इकाई भूपेन्द्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़, मधेपुरा में स्नातक प्रथम खण्ड (डीपी-I) - 2023, प्रायोगिक परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई।महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक डा.अरविन्द कुमार ने बताया की ऑनर्स एवम सब्सिडियरी हेतु प्रायोगिक विषय के लिए अलग अलग तिथि निर्धारित कर दी गई है उसी अनुसार महाविद्यालय में प्रैक्टिकल परीक्षा ली जा रही है।

### चंद्रयान-3 की सफलता प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का पल : रामनाथ प्रसाद



**फारबिसगंज**। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य रामनाथ प्रसाद ने चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग को प्रत्येक भारतीय की सामूहिक सफलता माना है। उन्होंने कहा कि निश्चित रुप से यह प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का पल है। उन्होंने इसका पूर्ण श्रेय इसरो के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों को दिया जिनके अथक प्रयास एवं लगातार मेहनत से यह सफलता प्राप्त हुई और भारत का नाम विश्व पटल पर स्थापित हो सका। निश्चित रूप सेइसरो के महान वैज्ञानिकों ने अपने अथक प्रयास से वह कर दिखाया जिसकी बराबरी विश्व का कोई भी देश नहीं कर सकता है। बाबू रामनाथ प्रसाद ने कहा कि पहली बार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत के द्वारा सफल लॉन्चिंग और चंद्रयान- 3 का सफल प्रक्षेपण न सिर्फ भारत की गरिमा को बढ़ाएगा बल्कि लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी विकसित करेगा। बच्चों के अंदर पूरे राज्य में वैज्ञानिकों के इस महत्वपूर्ण कार्यों की विशेष जानकारी दे रही है ताकि बच्चे जो हमारे भविष्य हैं उनके अंदर भी विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़े और भारत की शक्ति पूरी दुनिया में परिलक्षित हो।

### चंद्रयान- 3 की सफल लैंडिंग विकसित भारत का आगाज,हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व हैः किमी आनंद



**जोगबनी**। लोकसभा मीडिया संयोजक सह मीडिया प्रभारी अभिनव आनंद उर्फ किमी आनंद ने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा है कि भारत के वैज्ञानिकों की मेहनत एवं लगन से भारत ने चंद्रमा पर तिरंगा फहराने कामयाबी प्राप्त किया है। इसके लिए इसरो के वैज्ञानिक बहुत-बहुत बधाई के पात्र हैं। वरीय भाजपा नेता भाई किमी आनंद ने कहा है कि चंद्रमा पर चंद्रयान-3 का सफल लैंडिंग विकसित भारत का परिचायक है। यह कामयाबी अमृत काल की अमृत वर्षा की तरह है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह भारत धरा से लेकर आसमान तक परचम लहरा रहा है, यह भारतीयों के लिए हर्ष एवं उत्सव मनाने का अवसर है। चंद्रयान-3 की सफलता ने विकसित भारत की ओर एक लंबी छलांग लगा दी है। इस सुखद चांद पर सभी वैज्ञानिकों के साथ-साथ पूरे देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई है हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है।

### पियर टीम नेक पहुंची पटना, बी एन एम यू में आगमन आज, यू वी के कॉलेज सज धज कर है तैयार



**पटना/मधेपुरा**। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा एवम शिक्षा विभाग पटना तथा रूसा, बिहार इकाई के सहयोग से उदयनाचार्य विद्याकर कवि महाविधालय कड़ामा आलमनगर मधेपुरा का राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक गुणवत्ता का मूल्यांकन दिनाँक 28 अगस्त से 29 अगस्त 2023 तक होना है। नेक बंगलोर द्वारा टीम गठित कर रवाना कर दिया गया है जो आज राजधानी पटना पहुंच रही है। कल दिनांक 27अगस्त को टीम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में रहेगी तथा 28 अगस्त को पूर्वाह्न में महाविद्यालय मुख्यालय पहुंचेगी। विभिन्न स्तरों पर मानक के अनुकूल सभी प्रविष्टियों का भौतिक सत्यापन कर 29 अगस्त को महाविद्यालय प्रशासन को अपना गोपनीय रिपोर्ट सौंपेगी। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन का भी काफी सहयोग मिल रहा है। कमोवेश, बिहार के शैक्षिक विकास में नेक बंगलोर का यह प्रयास सराहनीय माना जा रहा है।

# डीएम ने समाहरणालय स्थित आत्मन सभा कक्ष में की बैठक



**अररिया**। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023 के आयोजन को लेकर आज समाहरणालय स्थित आत्मन सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, अररिया ने बताया कि कला संस्कृत एवं युवा विभाग बिहार पटना तथा जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 14 एवं 15 सितंबर 2023 को टाउन हॉल अररिया में किया जाएगा। इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव हेतु पहले प्रखंड स्तर पर प्रतिभागी चयनित करें। इसके लिए प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित करने का निर्देश दिया गया। इसमें विद्यालय, कॉलेज सरकारी एवं गैर सरकारी, मदरसा, संस्कृत विद्यालय, निजी कला संस्थान एवं अन्य कोई भी प्रतिभागी जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष तक है, प्रखंड स्तर पर चयन प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव में विधाओं के नाम क्रमशः 1. समूह लोक नृत्य, 2. समूह गायन/ लोकगीत एकल/ लोकगाथा, 3. लघु नाटक (वन-ऐक्ट प्ले) अग्रेजी या हिन्दी, 4. शास्त्रीय गायन (एकल), 5. शास्त्रीय वाद्य वादन (एकल), 6. हारमोनियम (सुगम), 7. शास्त्रीय नृत्य, 8. चित्रकला, मूर्तिकला, हस्तशिल्प, छायाचित्र 9. वक्तृता हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राजकुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री शैलेश चंद्र दिवाकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती सोनी कुमारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता फारबिसगंज सुश्री अंकिता कुमारी, उपाधीक्षक उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा मो० आकिफ वक्कास एवं संबंधित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित शारीरिक शिक्षक एवं संगीत शिक्षक उपस्थित थे।

### कॉमर्स कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी बने डा. शंभु राय



**मधेपुरा**। माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक, डॉ० अभय कुमार ने अधिसूचना जारी कर बी. एन. एम. भी कॉलेज, साहुगढ़, मधेपुरा के डॉ. शंभू राय, सहायक प्राचार्य-संस्कृत विभाग को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का कार्यक्रम पदाधिकारी नियुक्त किया है।उनका कार्यकान तीन वर्षों का होगा। इस बाबत विश्वविद्यालय ने प्रधानाचार्य बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा को लेटर इश्यू कर जानकारी दी। विश्वविद्यालय के पत्र के आलोक में सहायक प्राचार्य-संस्कृत विभाग डॉ. शंभू राय ने एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार के समक्ष योगदान किया। प्रिंसिपल सर ने उनका योगदान स्वीकृत किए और योगदान लेकर विश्वविद्यालय को सूचित किए। इस मौक़े पर महाविद्यालय के वरीय प्राध्यापक डा. मृत्युंजय कुमार, डा. मनोरंजन प्रसाद, डा. शेफालिका शेखर, डा. प्रभाकर कुमार , डा. हरीश खंडेलवाल, उत्तम जी, रोमन जी आदि मौजूद थे।

### रामखेलावन झरी लाल डिग्री कॉलेज खुरहान का विश्वविद्यालय टीम ने किया निरीक्षण



**आलमनगर**। आलमनगर थाना क्षेत्र के रामखेलावन झरी लाल डिग्री कॉलेज खुरहान का औचक निरीक्षण हुआ औचक निरीक्षण महाविद्यालय निरीक्षक कला एवं वाणिज्य बीएनएमयू मधेपुरा के डॉक्टर गोपाल प्रसाद सिंह ने किया निरीक्षण के उपरांत निरीक्षक डॉक्टर सिंह ने रामखेलावन झाड़ीलाल डिग्री महाविद्यालय के प्रति संतुष्टि जाहिर करते हुए बताया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति संतोषजनक थी वहीं विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य बेहतर पाया गया जांच के दौरान शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी का ब्यौरा भी लिया गया वहीं महाविद्यालय के सभी पंजी के साथ-साथ लाइब्रेरी ,लैबोरेट्री एवं वर्ग कक्षा कार्यालय एवं आय व्यय का ब्यौरा लिया गया इस कार्य में प्राचार्य प्रो सुनीता कुमारी एवं सचिव प्रो प्रभात कुमार सिंह उर्फ गुड्डु, जी ने जांच के लिए आए हुए पदाधिकारी का पूर्ण सहयोग किया, जांच के क्रम में निरीक्षक महाविद्यालय के कार्यकलापों से संतुष्ट दिखे और कहा कि आने वाले समय में यह महाविद्यालय इस सुदूर देहात के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयनगर के नगर इकाई का हुआ गठन




**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। जयनगर डीबी कॉलेज परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई का बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मधुबनी के जिला संयोजक रोहित झा ने किया। इसी कड़ी में नगर इकाई टीम का गठन किया गया जिसमें नगर मंत्री विवेक पूर्वे,नगर सह मंत्री आदिय पौदार ,नगर सह मंत्री मनीष कुमार,चंदन कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी चंदन राम,प्रखंड संयोजक पुष्कर कुमार,सोशल मीडिया सह प्रभारी हेमंत पूर्वे,एसएफडी प्रमुख अनुज कपड़ी,सहप्रमुख जय सुरेखा,कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार,नगर कार्यकारणी अमन राय सहित अन्य पद का गठन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मधुबनी के जिला संयोजक रोहित झा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद 1948 से ही राष्ट्र के लिए अपनी सनातन संस्कृति के साथ समाज की रक्षा हेतु प्रतिबद्धता के साथ काम करने का संकल्प लिया है । राष्ट्र के पुनर्निर्माण को लेकर विद्यार्थी परिषद ने देश को कई समस्याओं से आंदोलन के माध्यम एवं रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से समाधान देने में सफलता हासिल किया।परिषद के बारे में बताते हुए कहा विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक छात्र संगठन है जो दलगत राजनीति से उठकर कार्य करता है।

### बिहार युवा जदयू के अध्यक्ष श्री नीतीश पटेल ने संगठन के विस्तार में प्रियंका यादव को जताया भरोसा



**मो0 नजीर/ दैनिक शुभ भास्कर सुपौल**। जिले में बिहार युवा जदयू के अध्यक्ष श्री नीतीश पटेल ने संगठन के विस्तार में सुपौल जिला युवा जनता दल यू.के अध्यक्ष पद के लिए थरबिटिया निवासी सुश्री- प्रियंका यादव पर भरोसा जताया है। जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हरिमोहन बिश्वास ने बताया कि प्रियंका यादव पूर्व में भी छात्र जदयू की ज़िला अध्यक्ष रह चुकी है और उन्होंने संगठन के प्रति अपनी कार्य शैली अहम भूमिका निभाई है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रियंका यादव ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा वरिष्ठ नेतृत्व ने जो मुझपर भरोसा जताया उस पर खड़ा उतरने का भरसक प्रयास करूँगी, उन्होंने बिहार के यसस्वी मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, वरिष्ठ मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, युवा जदयू प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल,सांसद दिलेश्वर कामत, विधायक अनिरुद्ध यादव,विधायक रामबिलास कामत, जदयू जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव सहित वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया। खुशी व्यक्त करने वालों में पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर कुमार चौधरी उर्फ भगवान चौधरी, प्रधान महासचिव जगदीश प्रसाद यादव,उपाध्यक्ष हरेकान्त झा, युगल किशोर अग्रवाल,किशन मंडल,खुर्शीद आलम,ओम प्रकाश यादव, प्रमोद मंडल, हरिमोहन बिश्वास,अभय कुमार मिश्रा,अजय जायसवाल,अजय अजनवी,पप्पू साह,अमित गुप्ता,शम्भु मिश्रा, बद्री मंडल,अक्षय मिश्रा, प्रशान्त यादव,कलानंद झा,उपेन्द्र मंडल,दिलीप यादव, सौरभ झा,निर्धन पासवान,पप्पू जायसवाल, सौरभ कुमार, सिकंदर सरदार,राहुल ठाकुर,सुनील कुमार सिंह, अशोक मेहता,रंजीत चौधरी, सरोज मंडल,ओम प्रकाश कुमार, राजा कुमार,सागर यादव,साजन कुमार, विजय यादव, ऋषभ मंडल,सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

### मारवाड़ी युवा मंच फारबिसगंज द्वारा साइकलोथोन कार्यक्रम का आयोजन आज, तैयारी पूरी



**फारबिसगंज**। मारवाड़ी युवा मंच शाखा फारबिसगंज के द्वारा आज साइकलोथोन का आयोजन किया जा रहा है। साइकलोथोन की शुरुआत हवाई फ़ील्ड से शुरू होकर गोढ़ियारे चौक, दिनदयाल चौक, पोस्ट ऑफ़िस चौक, सदर रोड, स्टेशन चौक होते हुए कटहरा स्कूल में समापन होगा। कार्यक्रम को लेकर मंच के सदस्यों के साथ साथ फारबिसगंज में लोगों में काफ़ी उत्साह है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार अलबेला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूसरू सिराज, मुख्य पार्षद वीणा देवी, सुनीता जैन, मूलचंद गोलछा, राजकुमार अग्रवाल,अजातशत्रु अग्रवाल, मोतीलाल शर्मा, जयकुमार अग्रवाल, सुरेश राठी, पूनम पांडिया, निर्मल मरोठी व समाज के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। साइकलोथोन में प्रथम, द्वितीय व तृत्य स्थान पर आने वाले बच्चों को मंच के द्वारा अवार्ड भी दिया जाएगा एवं सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। कार्यक्रम को लेकर अध्यक्ष निशांत गोयल, पूर्व अध्यक्ष ई. आयुष अग्रवाल, सचिव कुणाल केडिया, कोषाध्यक्ष गौरव जैन, विशाल गोलछा, आदर्श गोयल, प्रमोद केडिया, ऋषव अग्रवाल, शुभम फिटकिरिवाला, हर्ष बैद, सौरव अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अमन धनावत, रौशन सेठिया, दिलीप गौतम, प्रथम अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, बिपुल छाजेड, अभिषेक लोहिया, अंकित अग्रवाल, यश जैन, नितेश अग्रवाल, आशीष गोलछा, मयंक अग्रवाल, अभिषेक खेमानी सक्रिय व अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका में नज़र आ रहे हैं।

### जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र अररिया के प्रांगण मे एक दिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन 29 को

**अररिया**। श्रम संसाधन विभाग के अन्तर्गत जिला नियोजनालय, अररिया के तत्वाधान मे दिनांक 29-08-2023 (मंगलवार) को जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र, अररिया के प्रांगण मे एक दिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें WELSPUN INDIA LIMITED के द्वारा अररिया में Machine Operator, के पद पर उपलब्ध रिक्तियों के विरूद्ध सुयोग्य आवेदकों का चयन जायेगा। कथित विवरणी के अनुरूप योग्यता रखने वाले इच्छुक पुरूष आवेदक इस जॉब कैम्प में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार अपना आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं सभी मूल प्रमाण-पत्रों की छाया प्रति अवश्य लायें। नोटः- नियोजक निजी क्षेत्र के हैं। अतएव नियोजन की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार है। इस जॉब कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नही देना होगा। जिला नियोजनालय अररिया मात्र सुविधा प्रदाता की भूमिका में है एवं इसके लिए किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं है। यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी अररिया द्वारा दी गई है।

संगोष्ठीसं संगोष्ठी के दौरान प्राथमिक कक्षाओं के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री किट का प्रदर्शन किया गया

# प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित




**फारबिसगंज**। प्रखण्ड फारबिसगंज अंतर्गत संकुल बसगड़ा रामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया में शनिवार को विभागीय निर्देशानुसार अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान (एफएलएन) मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी अपने बच्चों के शैक्षिक एवं सह शैक्षिक उपलब्धि हासिल करने में उनकी सक्रिय भागीदारी के बारे में अवगत कराना था। इस संगोष्ठी में शिक्षकों के द्वारा अभिभावकों को अपने बच्चों को घर पर पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया गया। साथ ही साथ राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) के संबंध मे बच्चों को जागरूक किया गया। शिक्षक रंजेश कुमार के द्वारा विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित किए जाने एवं विद्यालय स्तर पर उपलब्ध खेल सामग्रियों के संबंध मे अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी गई। संगोष्ठी के दौरान विद्यालय स्तर पर शिक्षकों द्वारा विद्यालय मे उपलब्ध पुस्तकालय, प्राथमिक कक्षाओं के लिए उपलब्ध शिक्षण अधिगम सामग्री किट का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही अभिभावकों ने विद्यालय में होने वाले नवाचार, बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन किया। विद्यालय परिवार द्वारा यथासंभव यह प्रयास किया गया कि प्रत्येक अभिभावक से उनके बच्चों के सामान्य उपलब्धि (शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक) के बारे मे चर्चा की जाए। मौक़े पर वर्ग एक दो तीन के छात्रों के अभिभावक एवं शिक्षक रंजेश कुमार, शिक्षा सेवक बचनदेव ऋषिदेव, रसोइया रीना देवी एवं अघनिया देवी उपस्थित थी।

# प्रांगण रसोई में लायंस क्लब ने चलाया हंगर प्रोजेक्टः डॉ. आरके पप्पू




**मधेपुरा**। लायंस क्लब इंटरनेशनल मधेपुरा शाखा द्वारा शनिवार को प्रांगण रंगमंच की अनुषांगिक इकाई प्रांगण रसोई में लोगों को भोजन कराया गया। लायंस क्लब के हंगर प्रोजेक्ट के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कला संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण सहित सामाजिक सरोकारों से जुड़े प्रांगण रंगमंच की अनुषांगिक इकाई प्रांगण रसोई द्वारा प्रत्येक शनिवार को चलाए जा रहे हैं। भोजन कार्यक्रम में लायंस क्लब द्वारा शनिवार को बड़ी संख्या में लोगों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. आर के पप्पू ने कहा कि खाना लोगों के लिए जरूरी है। भोजन की महत्ता को बताते हुए कहा कि भोजन से हम प्यार करें लेकिन इसकी बर्बादी नहीं होने दें। उन्होंने कहा कि एक-एक दाने लोगों के जीवन के लिए अनमोल होता है। भोजन की बर्बादी होने से कई लोग भोजन नहीं कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में बढ़-कर कर हिस्सा लेती रही है। इसके तहत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधारोपण, लोगों को भोजन करने के साथ-साथ अन्य सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता रहा है। प्रांगण रंगमंच के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार ने लायंस क्लब के सभी सदस्यों सहित प्रांगण रंगमंच से जुड़े सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के सचिव डॉ. संजय कुमार ने कहा कि लायंस क्लब और प्रांगण रंगमंच सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी लेती रही है। आज हंगर प्रोजेक्ट के तहत 800 से अधिक लोगों को भोजन कराया गया। जिसमें लायंस क्लब और प्रांगण रंगमंच के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रांगण रंगमंच के मुख्य संरक्षक प्रो. प्रदीप झा ने बताया कि सामाजिक सद्भाव का सबसे बड़ा नमूना बड़ी दुर्गा स्थान में देखने को मिलता है, जहां बड़ी संस्थाएं भी साथ चलकर युवाओं का मार्गदर्शन देता है। मौके पर लायंस क्लब के डॉ. एसएन यादव, दिलीप खंडेलवाल, चंदन कुमार डॉ. हिमांशु, विकास सर्राफ, बबलू सिंह, इंद्रनील घोष, ओम श्रीवास्तव, संजय सर्राफ, प्रांगण रंगमंच के सचिव अमित आनंद, संस्थापक सदस्य दिलखुश कुमार, कोषाध्यक्ष मुरारी सिंह, प्रांगण रसोई के अक्षय कुमार, विक्की विनायक, शिवानी अग्रवाल, अभिषेक सोनी, मुन्ना, बबलू कुमार, प्रमोद, सूरज सिंह तोमर, गोलू, नीरज कुमार निर्जल सहित अन्य मौजूद थे ।

## ख़ास ख़बर

### 31 अगस्त को मनेगा रक्षाबंधन पर्व , शुभ मुहूर्त- सूयोर्दय काल से सायंकाल तक



**एक संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल ।** जिले में राघोपुर प्रखंड के करजाईन बाजार में आचार्य धर्मेंद्र नाथ मिश्र का कहना है कि पहले देवलोक में रक्षाबंधन पर्व की शुरूवात हुई। उसके बाद पृथ्वी पर यह पर्व भाई बहन के त्योहार के रूप में मनाया जाने लगा। इसवार सिद्धियोग में होगी रक्षाबंधन का पर्व। श्रावणी पूर्णिमा को ही रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। 30 अगस्त को राखी नहीं बांधा जा सकता है, कारण 30 अगस्त को पूर्णिमा तिथि प्रातः काल 10 बजकर 19 मिनट से शुरू होगी। तथा 11 बजकर 38 मिनट से भद्रा प्रारंभ हो जाएगा जो 38/33 यावत अर्थात देर रात्रि तक भद्रा का निवास है। भद्रा में रक्षाबंधन का निषेध है। भद्रा में रक्षाबंधन और होलिका दहन नहीं हो सकता यह शास्त्र आज्ञा है। श्रावणी पूर्णिमा के दिवस ही भगवान हयग्रीव के स्वरूप में अवतार ग्रहण किए थे। इसी दिवस को देव भाषा संस्कृत दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिवस महान ऋषी या ज्ञवल्क्य जी का जयंती समारोह भी मनाया जाता है। राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दिनांक 31 अगस्त गुरुवार को भर दिन है। आचार्य धर्मेंद्र नाथ मिश्र ने रक्षाबंधन के मुहूर्त तथा अनेक रहस्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह स्नेह का वह अमूल्य बंधन है पर्व है जि सका बदला धन से नहीं चुकाया जा सकता। महाभारत के अनुसार द्रौपदी भगवान श्री कृष्ण को भाई कहती थी। एक बार कृष्ण भगवान की उंगली कट गई। द्रौपदी ने अपनी सारी फाड़कर मधुसूदन की उंगली पर एक पट्टी बांध दी ।चीर हरण होने पर श्री कृष्ण भगवान ने उसकी लाज रखी और जीवन भर उसकी सहायता की भाई बहन का हार्दिक व पवित्र प्रेम और भावना ही इस त्यौहार का आधार है। राखी बांधते समय मंत्र कुछ इस प्रकार हैं- येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महा बलः। तेन त्वां प्रतिबध्नामि रक्षे मा चल मा चल । देवलोक के रक्षा बंधन और उसकी देखा देखी धरती पर शुरू हुए रक्षाबंधन के चलन के बीच सबसे गंभीर परिवर्तन इस रूप में हुआ कि, रक्षा से अभिमंत्रित धागों को देवलोक में पत्नी द्वारा पति की कलाई पर बांधा जाता रहा है जबकि, धरती पर बहन द्वारा भाई की कलाई पर बांधा जाने लगा।

### मझारी चौक पर देर शाम को अज्ञात वाहन द्वारा मछली मारने जा रहे युवक को कुचला



**डॉ0 बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल ।** जिले में निर्मली थाना अंतर्गत मझारी चौक एनएच 57 पर शुक्रवार की देर शाम मछली मारने जा रहे युवक को अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया। हादसे में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे अनुमंडलीय अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बता दे की मझारी निवासी देव कुमार मंडल एवं मो.इस्लाम मछली मारने के लिए पैदल अपने घर से एनएच 57 होते हुए मारियाना नदी जा रहा था। इसी दौरान मझारी चौक से तकरीबन 200 मीटर उत्तर एक अज्ञात वाहन ने दोनों को जोड़दार ठोकर मार दिया। जिसमें देव कुमार मंडल के मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर रूप से जख्मी इस्लाम को लोगों ने अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। उधर मृतक के शव को पुलिस पोस्टमार्टम में भेजने की तैयारी में जुट गई है। घटना के बाद मझारी गांव में हड़कंप मच गया।

# बेख़ौफ़ चोर चोरी की घटना को लगातार दे रहे हैं अंजाम



**राजकुमार झा / दैनिक शुभ भास्कर,छातापुर ,सुपौल ।** जिले के छातापुर थाना क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता से चोरी की घटनायें दिनप्रतिन बढ़ती जा रही है। मुख्यालय बाजार हो या ग्रामीण क्षेत्र सभी जगहों पर चोर गिरोह का लोगों की गाढी कमाई पर बुरी नजर है। हद तो तब है जब पिडीत व्यवसाई की सुचना के बाद भी थाना पुलिस मौके पर पहूंचना मुनासिब नहीं समझती, शुक्रवार की रात लालगंज में दो घरों में जबकि चुन्नी में दो दूकान में चोरी की घटना को अंजाम देकर लाखों की संपत्ति पर चोरों ने हाथ साफ किया। जानकारी अनुसार थानाक्षेत्र के लालगंज वार्ड संख्या 13 में शुक्रवार की रात दो घरों में चोरी की बडी वारदात को अंजाम दिया गया, जहां लाखों मूल्य के जेवरात सहित किमती सामानों की चोरी हुई है। घटना को लेकर दोनों गृहस्वामी के द्वारा थाना को आवेदन देकर घटना का उद्भेदन व चोरी गए संपत्ति के बरामदगी की गुहार लगाई गई है। पहली घटना उदयकांत ठाकुर के घर हुई, जहां से सोना व चांदी के आभूषण सहित करीब तीन लाख की संपत्ति पर चोरों ने हाथ साफ किया। वहीं दूसरी घटना शिवशंकर झा के घर हुई, जहां जेवरात, नगदी सहित दो लाख की संपत्ति चोरी हुई है, पिडीत गृहस्वामी की मानें तो रात्रिकाल हो रही बारिश के बीच लाइन भी कटा हुआ था, इस दरमियान चोरों ने सो रहे गृहस्वामी के कमरे का कुंडी बाहर से लगा दिया और घटना को अंजाम दिया, सुवह जगने पर घटना ज्ञात हुआ और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। एसडीपीओ को सुचना के बाद भी मौके पर नहीं पहूंची पुलिस, पुलिस पहूंचती तो नहीं होती दूसरी घटना चुन्नी पंचायत स्थित चुन्नी चौक पर अज्ञात चोरों ने दो दूकानों का ताला व शटर तोड़कर हजारों मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली, पहली घटना राजेंद्र मंडल के सौनदर्य प्रसाधन की दूकान में हुई, जहां दूकान में लगे शटर व ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया गया, जानकारी के बाद पिडीत दूकानदार श्री मंडल अपने दूकान पहूंचे और 112 पर कॉल कर घटना से अवगत कराया, 112 की पुलिस ने थाना का नंबर देते इस घटना की सुचना थानाध्यक्ष को देने की बात कही, जिसके बाद थानाध्यक्ष के नंबर पर कॉल किया गया लेकिन रिसीव नहीं हुआ, फिर एसआई रंजीत पासवान के नंबर पर बात हुई तो उन्होने बताया कि गश्ती वाहन को भेज रहे हैं, पुलिस के इस रवैये की शिकायत रात्रिकाल ही त्रिवेणीगंज एसडीपीओ से की गई, बावजूद इसके कोई भी गश्ती वाहन मौके पर नहीं पहूंचा, नतीजा हुआ कि उस चौक पर देररात ही चोरी की दूसरी घटना भी हो गई, जहां शंकर यादव के बहादुर कम्यूनिकेशन शॉप में ताला तोड़कर करीब 40 हजार की संपत्ति चोरी कर ली गई।

### पुलिस ने 122 बोतल शराब के साथ तीन शराब तस्कर को किया गिरफतार



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर ,सुपौल ।** जिले के राघोपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को रात में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करके शराब के साथ एक बाइक और तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए राघोपुर थाना अध्यक्ष रजनीश केसरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सिमराही के धर्मपट्टी में शराब की खेप पहुंची है। सूचना मिलने के तुरंत बाद छापामारी करके एक बाइक बीआर 38 एच 8532 के साथ 60 बोतल नेपाली दिलवाले सोफी शराब और सिमराही वार्ड 9 निवासी 42 वर्षीय रविन्द्र कुमार साह के घर में तलाशी लेकर एक बोरी में 62 बोतल नेपाली मार्का दिलवाले सोफी शराब को बरामद कर लिया। छापेमारी करते हुए बाइक और शराब को जब्त करते हुए धर्मपट्टी वार्ड 9 निवासी रविन्द्र कुमार साह (42), दीनदास टोला वार्ड 1 निवासी बिजेन्द्र कुमार ठाकुर (28) और करजाइन थाना क्षेत्र के हरिराहा वार्ड 5 निवासी मनोज कुमार यादव (40) को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है।

### शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**राजकुमार झा / दैनिक शुभ भास्कर ,छातापुर ,सुपौल ।** जिले में छातापुर प्रखण्ड के लक्ष्मीपुर खूंटी पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय यादव राम टोला नरहैया परिसर में शनिवार को वर्ग 1 से 3 के छात्रों के अभिभावक के साथ शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका कंचन कुमारी के अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि निदेशक (प्राथमिक शिक्षा) के निर्देश के आलोक में आज प्रत्येक विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान एच एम कंचन कुमारी व सहायक शिक्षक फैज अहमद ने संयुक्त रूप से बुनियादी शिक्षा साक्षरता संख्या ज्ञान (एफएलएन) के तहद किये जा रहे विभिन्न तरह के गतिविधियों की जानकारी दिया। एच एम कंचन कुमारी ने अभिभावकों से अनुरोध किया आप अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजे। ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सके। साथ ही उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से विद्यालय परिसर को स्वक्ष व बेहतर बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह आपने सहयोग करते रहा तो आने बाले समय मे यह विद्यालय व इस विद्यालय के छात्र प्रखण्ड व जिला स्तर पर परचम लहरायेंगे। इस अवसर पर श्रवण यादव, गुणसागर यादव, बुधनी देवी, रूकिया देवी, शांति देवी, सरिता देवी, अनमोल यादव, सेविका कंचन कुमारी, सुनील सरदार, उमेश राम, करी देवी आदि मौजूद थे।

## "जाप सदस्यों ने बिहार के वर्तमान हालात और पार्टी संगठन पर बैठक कर किया मंथन"





**संजीव यादव/ दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर, सुपौल ।** जिले में पिछले दिन शुक्रवार को प्रतापगंज प्रखंड के चि लौनी दक्षिण पंचायत में जन अधिकार पार्टी महिला प्रकोष्ठ की बैठक नवनिर्वाचित महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संजन कुमारी के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जन अधिकार पार्टी (लो0) के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप बसेदार और युवा परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सतेंदर यादव ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ विभा कुमारी, बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष परमेश्वर सिंह यादव किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव, सुपौल जिला अध्यक्ष नंद कुमार चौधरी, युवा परिषद जिलाध्यक्ष मिन्नतुल्लाह खान उपस्थित हुए।बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष परमेश्वर सिंह यादव ने कहा कि सरकार के गलत नीति के कारण बिहार में मंहगाई, भष्टाचार, बेरोजगारी, हत्या, लुट, बलात्कार सहित कई सारी समस्याओं चरण सीमा पर है। बिहार प्रदेश अध्यक्ष विभा कुमारी ने कही बिहार में हत्या बलात्कार की घटना आम बात हो गई है बीते दिन पत्रकार विमल यादव की हत्या ने मानवता को शर्मसार कर दिया है।ऐसी इस हालत में इस देश में कोई सुरक्षित नहीं है।बैठक में जाप पार्टी का सुपौल जिला में संगठन विस्तार पर चर्चा किया गया। जिसमे कि रेणू देवी को बिहार प्रदेश महिला प्रकोष्ठ महासचिव मनोनीत किया गया, संजन कुमारी को सुपौल महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वन्दना कुमारी को महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुपौल मनोनीत किया गया।आरती मिश्रा को जिला महासचिव सुपौल मनोनीत किया गया । रंजना कुमारी को प्रखंड अध्यक्ष प्रतापगंज मनोनीत किया गया । युवा परिषद जिलाध्यक्ष मिन्नतुल्लाह खान ने संगठन विस्तार पर चर्चा किया साथ ही सतीश कुमार को युवा परिषद प्रखंड अध्यक्ष राघोपुर दक्षिण भाग मनोनीत किया गया, किशोर कुमार चौधरी को जिला महासचिव सुपौल मनोनीत किया गया, रामदेव सरदार को प्रखंड महासचिव प्रतापगंज मनोनीत किया गया, अजय कुमार मंडल को प्रखंड सचिव प्रतापगंज, बेचन साह को प्रखंड महासचिव प्रतापगंज, अनिल कुमार दास को प्रखंड सचिव प्रतापगंज, गुरूदेव ठाकुर को प्रखंड उपाध्यक्ष प्रतापगंज और बीरेन्द्र रजक को प्रखंड सचिव प्रतापगंज मनोनीत किया गया।मौके पर सुरत लाल यादव, सरोज कुमार पंडित, बलराम शर्मा, मुकेश मुकामी , अफताब आलम, प्रमोद साह , कुन्दन, प्रवेश, राजकुमार ठाकुर, ललन महेता आशोक रजक गंगाय महतो, राकेश मिश्रा, आदि दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लेखक गौतम केशरी ने सीने स्टार बॉबी देओल को स्वरचित दो पुस्तकें की भेंट



**फारबिसगंज अररिया ।** के जाने-माने चर्चित साहित्यकार लेखक गौतम केशरी ने अपनी स्वरचित दो पुस्तकें दर्पण एक सच और चार दिवस की वेला फ़िल्म अभिनेता बॉबी देओल को भेंट किया। छत्तीसगढ़ के रायपुर में आफ्ट यूनिवर्सिटी में 23 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में सीने स्टार बॉबी देओल स्टूडेंट्स का हौसला बढ़ाने के लिए आये हुए था। बॉबी देओल के साथ नोएडा मारवाह स्टूडियो के मालिक संदीप मारवाह भी ओरियंटेशन प्रोग्राम में मौजूद थे। बॉबी देओल ने छोटे लेखक को प्यार से गले लगाया और छोटी सी उम्र में इस तरह की साहित्य साधना को लेकर उनकी तारीफ करते हुए बधाई दी। साथ ही मारवाह स्टूडियो के मालिक सन्दीप मारवाह ने भी लेखक गौतम केशरी को रचना के लिए बधाई दिया।ऑडिटोरियम में 400 छात्र और आफ्ट यूनिवर्सिटी के सभी शिक्षक मौजूद थे। इस दृश्य पर पूरा ऑडिटोरियम तालियों से गूँज उठा। गौतम केशरी की इस उपलब्धि पर साहित्यकार मांगन मिश्र मार्तण्ड, विजय वंशल, अजातशत्रु अग्रवाल, अंजनी गौतम, उज्जवल चौधरी, हेमन्त यादव, हर्ष नरायण दास, विनोद कुमार तिवारी, पत्रकार अमित ठाकुर, सुमन ठाकुर, परवाहा के उपमुखिया वीरेश यादव, सैफगंज पंचायत के शिक्षक मनीष कुमार राज ने सराहना करते हुए बधाई दिया।

### फुटबाल लीग मैच में चौथे दिन अररिया की टीम जीते



**प्रवीण कुमार,कटिहार।** जिला फुटबाल संघ कटिहार के द्वारा 71 वॉ बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल क्षेत्रिय लीग मैच बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल लीग मैच में शनिवार को पहली पारी में कटिहार और पूर्णिया के टीम के बीच लीग फुटबाल मैच खेला गया। जिसमे दिनों की टीम 1-1 से प्वाइंट लाते हुए मैच ड्रॉ हो गया। वही दूसरी पाली में किशनगंज और अररिया की टीम के बीच खेला गया। जिसमे 2-0 अररिया की टीम ने जीत हासिल किया। जिला फुटबॉल संघ के मीडिया प्रभारी ने बताया की रविवार को कटिहार किशनगंज और मधेपुरा पूर्णिया के टीम के बीच फुटबॉल लीग मैच खेला जाएगा। हालाकि लगातार बारिश के कारण शनिवार को दोनो पाली का मैच सेकंड हाफ में हुआ। बावजूद इसके शनिवार को राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित लीग मैच में सभी खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।लीग मैच में कमेंट्री कंचन केशरी ने किया। मौके पर जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरोडिया,सचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भोला, संरक्षक रमेश केडिया के साथ उदय साधु खान, जे पी शर्मा,हीरा लाल, बबन झा,नलीन सिन्हा,आनन्द यादव ,डा एस सुमन,आशिश बलीदानी,हरीन्द्र मोहन,मुकेश, लक्खि,राजा कुमार,विनोद कुमार,संजय कुमार,शुभाशीष शुभम,बिनोद चौधरी,गोविंद, सिकंदर,गोपाल,अमर,गौरव केडिया आदि संघ के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### 8 फीट लंबा मगरमच्छ को देख मची भगदड़



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा।** वाल्मीकिनगर वीटीआर वन प्रमंडल-2 के वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र से सटे रिहायशी क्षेत्रो मे इन दिनों वन्यजीवों के निकलने का सिलसिला थम नही रहा है।कभी साँप तो कभी मगरमच्छ किस्म के सरीसृप आए दिन रिहायशी क्षेत्रो मे निकल रहे है।जिससे ग्रामीणो मे भय व्याप्त हो गया है।इसी दौरान शनिवार की सुबह वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र के सटे जी टाइप कालोनी मे अहले सुबह 8 फीट मगरमच्छ निकल आया।तत्काल ग्रामीणो ने इसकी सुचना वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र कार्यालय को दी।सुचना को गंभीरता से लेते हुए, रेंजर प्रवीण गुप्ता ने वन कर्मियो की टीम को घटनास्थल की तरफ रवाना कर दिया।जहाँ घंटो की मशक्कत के बाद वन कर्मियो लगभग 8 फीट मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे गंडक नदी मे छोड़ दिया।

### लगातार हो रही बारिश से जयनगर समेत ग्रामीण इलाकों में जल जमाव



**जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** जयनगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों लगातार बारिश के कारण शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भारी जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई। बारिश के कारण जयनगर रेलवे स्टेशन परिसर के अलावे अनुमंडल सह प्रखंड कार्यालय परिसर, वकालत खाना परिसर,शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल कार्यालय के अलावे व, बलडिहा, भेलवा चौक, पटना गद्दी चौक, युनियन टोला, कमला रोड रेलवे यूटाईप सङक समेत अन्य जगहों पर भारी जल जमाव होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्षा जल जमाव और कीचड़ से राहगीर आम लोग परेशान दिखे। लगातार हो रही बारिश के कारण आम जीवन अस्त व्यस्त हो गया।

घायल | स्कूल के हेडमास्टर या फिर शिक्षकों द्वारा घटना का रिस्पॉन्स नहीं लिया गया

# स्कूल के छत से गिरा छात्र, हालत गंभीर निजी क्लीनिक में भर्ती






**अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल ।** जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय बेलोखड़ा में आज बड़ा हादसा हो गया है। दरअसल एक छात्र स्कूल के छत से गिरकर घायल हो गया है। जिसे निजी क्लीनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।बताया गया है कि घायल छात्र आशीष कुमार दूसरी कक्षा का छात्र है। जो आज मध्य विद्यालय बेलोखड़ा में स्कूल भवन के छत से गिर गया। जिसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचे घायल छात्र के पिता रोहित मंडल ने घायल छात्र को लेकर सुपौल पहुंचे जहां एक निजी क्लीनिक में उसे भर्ती कराया गया है। छात्र को गंभीर चोट लगी है। जिसका इलाज चल रहा है।घायल छात्र के पिता रोहित मंडल का आरोप है की छत से गिरने के बाद स्कूल के हेडमास्टर या फिर शिक्षकों द्वारा घटना का रिस्पॉन्स नहीं लिया गया। जिसके बाद वो खुद स्कूल पहुंच अपने बच्चे को लेकर इलाज के लिए सुपौल भागे। निजी क्लीनिक में बच्चा भर्ती है। छात्र को काफी गंभीर चोट लगी है। जिससे घायल छात्र के परिजन आक्रोश में भी है। इधर विद्यालय की एचएम मीना कुमारी ने बताया की टिफिन के टाइम में दो बच्चे छत पर खेल रहे थे तभी एक बच्चा छत से गिर गया। स्कूल में तीन चार सौ बच्चे हैं सब पर ध्यान रखना कठिन है।

# नगर पंचायत ई ओ ने वार्ड पार्षद व पूर्व मुख्यपार्षद पर दर्ज कराई प्राथमिकी




**डॉ0 विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली,सुपौल ।** जिले में नगर पंचायत के ईओ ने वार्ड न0-11 के वार्ड पार्षद द्वारा अमर्यादित भाषा एवं धमकी देने का आरोप लगाते हुए वार्ड 11 के वार्ड पार्षद, नगर के भूतपूर्व मुख्य पार्षद, पूर्व मुख्य पार्षद सहित अन्य के विरुद्ध थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। थाने को दिए गए आवेदन में ईओ शशिकांत कुमार ने बताया की नगर के वार्ड 11 के वार्ड पार्षद विगत 18 अगस्त को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर सूचना अधिकार अधिनियम के तहत कार्यालय में उपस्थित प्रधान सहायक विकास कुमार पासवान को आवेदन लेने के लिए दबाव देने लगा। प्रधान सहायक ने आवेदन लेने से इनकार किया तथा इसकी जानकारी ईओ को मोबाइल फोन से दिया। प्रधान सहायक की बातों को सुनने के बाद ईओ ने प्रधान सहायक से कहा कि आप उन्हें रजिस्टर डाक से सूचना अधिकार अधिनियम के तहत फार्म नगर पंचायत कार्यालय भेजने के लिए कहें। बावजूद वार्ड पार्षद ने प्रधान सहायक की एक भी नहीं सुनी और आवेदन लेने के लिए दवाब बनाने लगा। कहा की इनके इस तरह से दवाब बनाने और आक्रोशित होकर धमकाने से कार्यालय के सभी कर्मी डरे एवं सहमे हुए हैं। जिस कारण सरकारी कार्य कई घंटे तक बाधित रहा है। वार्ड पार्षद अनिल कुमार ने अपने पिता पूर्व मुख्य पार्षद उमाकांत साह के कार्यकाल में किए गए वित्तीय अनियमितता सहित निवर्तमान मुख्य पार्षद नीतू कुमारी के द्वारा किए गए वित्तीय अनियमितता को छुपाने के लिए ईओ को दवाब बना रहा है। बताया की पिता पर लगाए गए आरोप को दबाने के लिए पदाधिकारी पर मर्यादित भाषा, दबाव ,मानसिक प्रताड़ना वार्ड पार्षद के द्वारा किया जा रहा है। इस बातों से ईओ एवं कार्यालय कर्मी सदमे में रहते हैं। वार्ड पार्षद अनिल कुमार ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा झूठी एवं मनगढ़ंत बातों का उल्लेख करते हुए थाना को आवेदन दिया गया है। कहा की वह नगर पंचायत कार्यालय में सूचना अधिकार अधिनियम के तहत फार्म जमा करने गया था। उसके आवेदन को जमा नहीं लिया गया। जो नियम के विरुद्ध है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक के बकाया राशि भुगतान करने बाबत कार्यपालक पदाधिकारी आपे से बाहर होकर अनाप-शनाप बकते रहते हैं। उन्होंने बताया की ईओ कई बार नगर के सम्मानित वार्ड पार्षद एवं समाजसेवियों के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते रहते है। बताया की उसके द्वारा ईओ के खिलाफ कई मामलों में दिए गए आवेदन से कार्रवाई की तलवार लटकने पर उसकी आवाज को दबाने के लिए झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर, थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन पर केश दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है। कहा की ईओ ने चार लोगो को अभियुक्त बनाया है।

# खास ख़बर

## माइनिंग विभाग ने छापेमारी अभियान चला बालू लोडिंग ट्रैक्टर किया जब्त

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। माइनिंग विभाग एवं पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर बालू लोडिंग करते एक ट्रैक्टर को किया जब्त। जानकारी देते हुए कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के दनवार घाट में सोन नदी के समीप स्थानीय पुलिस एवं खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल कुमार एवं स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से गुप्त सूचना के आधार पर बालू माफियाओं के विरुद्ध संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया । उक्त दौरान एक ट्रैक्टर पर बालू लोडिंग किया जा रहा था । पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा । श्री कुमार ने कहा कि खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर श्री कुमार के द्वारा ट्रैक्टर चालक एवं मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है । साथ ही साथ मामले में प्रयुक्त ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस ने जब्त कर लिया है ।

## विद्युत उर्जा चोरी में 8 लोगों पर लगा जुर्माना

**बिक्रमगंज।(रोहतास)**। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल नासरीगंज के सभी प्रशाखाओं में बिजली चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत काराकाट प्रशाखा के गोड़ारी और कुरूर में छापेमारी कर आठ लोगों को बिजली की चोरी करते पकड़ा गया । विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल नासरीगंज धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दीपक कुमार सहायक विद्युत अभियंता एसटीएफ डिहरी , आशिष कुमार कनीय विद्युत अभियंता काराकाट शैलेन्द्र प्रसाद, कनीय विद्युत अभियंता नासरीगंज पंकज कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित कर चलाये जा रहे अभियान में बिजली चोरी के आरोप में गोड़ारी निवासी मनोज कुमार पिता स्व० माधव प्रसाद पर 1लाख 75 हजार 886 (एक लाख पचहत्तर हजार आठ सौ छियासी) रुपए, कुरूर निवासी खलिफा कहार पिता-बुटन कहार पर 9060रु, राम प्रसाद कहार पिता बुटन कहार पर 7750रु,राम इकबाल यादव पिता-जय सिंह यादव पर 9660रु, संजय कहार पिता खलिफा कहार पर 8216 रु, सतेन्द्र सिंह पिता जय मंगल सिंह पर 13412 रु, राम चन्द्र यादव पिता स्व. बलदेव सिंह पर 8216 रु, सुरेश कहार पिता रमून कहार पर 7750 रू का जुर्माना लगाते हुए विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत काराकाट थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## विधुत चोरी के आरोप में आधे दर्जन से अधिक पर हुई कार्रवाई

**नासरीगंज (रोहतास)**। स्थानीय धुस स्थित विधुत पावर सब स्टेशन में पदस्थापित सहायक विधुत अभियंता धीरेंद्र कुमार ने दल बल के साथ विधुत चोरी अभियान के अंतर्गत आधे दर्जन से अधिक लोगों को बिजली चोरी में रंगेहाथ पकड़ते हुये सभी पर जुर्माना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराया है। सहायक विधुत अभियंता ने बताया कि गोराड़ि निवासी मनोज कुमार पर 175886,कुरुर निवासी खलिफ़ा कहार पर 9060,श्री राम प्रसाद कहार पर 7780,संजय कुमार पर 8216,इकबाल यादव पर 9660,सुरेश कहार पर 7750, रामचन्द्र यादव पर 8216,व सत्येंद्र सिंह,पर 13412, का जुर्माना लगाते हुए सभी के विरुद्ध काराकाट गोडारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। सहायक विधुत अभियंता ने बताया कि सभी बाई पास कर एवं टोका फंसा कर बिजली चोरी करने का आरोप है। मौके पर दीपक कुमार,एइई एसटीएफ डेहरी,काराकाट जेई आशीष कुमार,नासरीगंज जेई पंकज शर्मा,सारणी पुरुष विंध्याचल दास,मानव बल अमरेश कुमार,अंजनी सिंह, समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ई रिक्शा टक्कर से तीन लोग जख्मी

**करगहर (रोहतास)** । शनिवार को खड़ारी पेट्रोल पम्प के समीप एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसमें तीन लोग गहरे पानी में जा गिरे मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दो युवकों की गंभीर स्थिति देखते हुए सासाराम सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी जहां घोरडिहा निवासी चालक धीरज कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद मुक्त कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जलालपुर निवासी नंद कुमार पासवान का पुत्र अनीश कुमार पासवान और प्रदीप कुमार पासवान ई-रिक्शा से सासाराम जा रहे थे की खड़ारी पेट्रोल पंप के समीप पीछे से तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा सहित तीनों सवार गहरे पानी में जा गिरे। इस घटना में तीनों बुरी तरह जख्मी हो गए। चालक को हल्की छोटे आई। जबकि जलालपुर निवासी दोनों युवकों का इलाज सदर अस्पताल सासाराम में चल रहा है।

## शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था पर हुई चर्चा

**केसठ (बक्सर)**। प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक विद्यालय व मध्य विद्यालयो में शनिवार को विभाग के निर्देश के आलोक में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मध्य विद्यालय केसठ में संगोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार द्वारा संगोष्ठी में आए सभी अभिभावकों का स्वागत कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षक मुन्ना भारती ने उपस्थित अभिभावकों को टीएलएम किट एवं विद्यालय में संचालित शिक्षण गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने अभिभावकों को उत्प्रेरित करते हुए बताया कि अभिभावकों को अपने बच्चों के शिक्षण गतिविधियों का सतत अनुश्रवण करना चाहिए ताकि बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की आदत डालते हुए शिक्षा के साथ साथ चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान दे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने के लिए अभिभावक व शिक्षक कड़ी का काम करते है। अभिभावकों का दायित्व होता है कि वे अपने बच्चों को घरेलू काम से दूर रखें तथा पठन-पाठन के लिए बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का कर्तव्य होता है कि विद्यालय में उपस्थित बच्चों को गुणवत्ता रूपी शिक्षा प्रदान करना। अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच समन्वय बने रहने से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# पंज प्यारे की अगुवाई में निकाली गई शोभायात्रा






**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर**। चैनपुर के नगर पंचायत हाटा में गुरु ग्रंथ साहब के कीर्तन दरबार से पूर्व पंज प्यारे की अगुवाई में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा। जिसमें काफी संख्या में महिला पुरुष और लड़कियां शामिल हुई। पूरे हाटा नगर के निवासी डीजे व गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा में भजन कीर्तन से लोग मंत्र मुक्ध हो गए। पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद विजय सिंह मोदनवाल के आवास पर कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुगलसराय से सुरेंद्र सिंह,अहरौरा से सतपाल सिंह, सुरजन सिंह, मानसिंह, बाबा मोहन सिंह ,संतोष सिंह पाठक ,भभुआ गुरुद्वारा से बाबा राजेंद्र सिंह खालसा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठित समाजसेवी दिलीप कुमार उपाध्याय, हाटा नगर के चेयरमैन रमेश जायसवाल, उप चेयरमैन प्रदीप केशरी,मोतीलाल मोदनवाल, डिंपल जायसवाल, प्रेम मोदनवाल, कमल नंद पांडे सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। विजय सिंह मोदनवाल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के समाप्ति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें काफी संख्या में लोग महाप्रसाद प्राप्त किया।

# राखी बनाओ प्रतियोगिता में छात्राओं ने लिया भाग



**नासरीगंज (रोहतास)** । स्थानीय इटिमहा स्थित वसंत प्लस टू उच्च विद्यालय कर्मा में वर्ग नौ व दस के छात्राओं के बीच राखी बनाओ प्रतियोगिता हुआ। इस अवसर पर विधालय के वर्ग नवम व दशम की 300 छात्राओं को 75 समूहों में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले टॉप थ्री ग्रुप के 12 छात्राओं को स्कूल प्रशासन ने सम्मानित किया इसके अतिरिक्त अन्य छात्राओं को भी सांतावना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर छात्रोंने विभिन्न प्रकार की राखियां बनाई। प्रभारी प्रधानाध्यापक इंद्रजीत पाण्डेय ने राखी का महत्व बताते हुए कहा कि आज परिवेश में रिश्ते कमजोर होते जा रहे हैं.ऐसे में रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को प्रेमपूर्ण मजबूती का आधार देता है।रक्षाबंधन पर्व का ऐतिहासिक, सामाजिक, धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व है.मौके पर नरेश सिंह,अयूब अंसारी,उषा कुमारी,कमलेश कुमार मनिराज,समेत शिक्षकगण व छात्र उपस्थित थे।

# किसान गोष्ठी कार्यक्रम में नहीं दिखी किसानों में रुचि



केसठ (बक्सर) कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा बक्सर के सौजन्य से प्रखंड मुख्यालय पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष सत्येंद्र दुबे तथा संचालन प्रखंड कृषि समन्वयक हरिश्चंद्र पासवान व प्रभारी बीटीएम डॉक्टर प्रफुल्ल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। जिसका उद्घाटन आत्मा अध्यक्ष सत्येंद्र दुबे व रामपुर पंचायत के उप मुखिया मनोज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर किसान सलाहकार अमरेंद्र प्रसाद, रितेश कुमार के अलावा किसान जगनारायण पासवान, नथुनी यादव, रंजीत कुमार, अमन कुमार, गुलशन कुमार, रजनीश कुमार यादव आदि मौजूद रहे। इस दौरान किसानों के बीच मोटे अनाज जैसे मक्का, बाजरा, जवार आदि लगाने के संबंध में किसानों को प्रेरित किया गया एवं जैविक विधि से खेती करने की सलाह दी गई। जैविक विधि से मोटे अनाज का उत्पादन करने एवं खरीफ फसलों की समसामयिक फसलों को लगाने आदि के बारे में बताया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में किसी कारण बस कोई वैज्ञानिक नहीं पहुंच पाए थे। जिसको लेकर उपस्थित किसानों ने कुछ नाराजगी व्यक्त किया। साथ हि किसानों ने कहा कार्यक्रम अचानक हो जाने से तथा प्रचार प्रसार के अभाव में लोग पहुंच नहीं पाते हैं। इसके लिए पहले से ही प्रचार प्रसार करानी चाहिए।

# अत्यंत पिछड़ा के पूर्व मंत्री डॉ0 भीम का हुआ स्वागत



**सासाराम (रोहतास)**। 26 अगस्त को सत्यम प्लेस सासाराम में पूर्व मंत्री डॉ० भीम सिंह को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद दिए जाने पर आज अत्यंत पिछड़ा वर्ग चेतना मंच के तत्वधान में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर भीम सिंह एक विद्वान नेता है। यह सिर्फ चंद्रवंशी ही नहीं बल्कि सारी अत्यंत पिछड़ी जातियों की मजबूत आवाज है। इनके प्रदेश के उपाध्यक्ष बनाए जाने से भाजपा को काफी मजबूती मिलेगी। जो अपने वक्तव्य में डॉक्टर सिंह भाजपा के प्रांतीय राष्ट्रीय नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 8 वर्षों से भाजपा के एक अनुशासित कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते आ रहा हूं।साथ ही साथ आगे भी करता रहूंगा। डॉ० भीम सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि लालू प्रसाद पर अति पिछड़ों को ठगने और नीतीश कुमार पर इन जातियों के साथ दगाबाजी करने का आरोप लगाया,डॉ भीम सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि मौजूदा समय में यदि कोई व्यक्ति अति पिछड़ों का हितैषी है तो वह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यदि कोई पार्टी शुभचिंतक है तो वह है। भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर सिंह ने केंद्र सरकार के द्वारा अत्यंत पिछड़ा वंचित समाज के लोगों के किए गए कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत के चर्चा की ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर चंद्रवंशी एवं संचालन शरद चंद संतोष ने किया, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील चंद्रवंशी ,जिला उपाध्यक्ष विवेक सिंह, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष नवीनचंद्र साह,भाजपा अतिपिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान, पूर्व प्रमुख राम कुमारी देवी ,अधिवक्ता दीपक श्रीवास्तव, सत्यनारायण पासवान, अजय चौहान, योगेंद्र कुशवाहा ,मनोज चंदेल ,सुनीता गुप्ता ,बलवंत सिंह, अमित टीकाधारी, पंकज प्रताप मौर्य ,कपिल सिंह, रविंद्र कुमार, उमाशंकर प्रसाद जवाहर चौरसिया मनोज कुमार ,संजीव मोहन, छोटू कुमार गुप्ता ,एवं अन्यलोग उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता परीक्षा के लिए लाइब्रेरी स्टडी का हुआ उद्घाटन, छात्रों में खुशी




**नोखा (रोहतास)** । नगर परिषद के वार्ड-18 अंतर्गत स्टडी प्वाइंट लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्टडी प्वाइंट के संचालक वीर बहादुर सिंह ने कहा की नोखा नगर परिषद क्षेत्र में प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं को ध्यान में रखकर इस तरह की अनूठी पहल किया गया है। ताकि बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी में लाइब्रेरी द्वारा विशेष सुविधा मिले सके। जिससे भविष्य में उन्हें सफलता पाने में पठन पाठन कोई कठिनाइयों का सामना न करना पड़ा। साथ ही साथ नई लाइब्रेरी में छात्रों के लिए विभिन्न किताबों की समुचित व्यवस्था हमेशा उपलब्ध रहेंगी। साथ ही साथ विभिन्न मैगजीन के साथ बच्चों पर निगरानी हेतु लाइब्रेरी स्टडी सेंसर सीसीटीवी कैमरा सहित एसी रूम से लैश होगी। जबकि बच्चों को करेंट अफेयर्स,चार्जिंग प्वाइंट,डेली न्यूज़ पेपर,पार्किंग एरिया,आरओ पेयजल सहित सुविधा मिलेगी।

## कैमूर किसान यूनियन द्वारा प्रखंड क्षेत्र में चलाया गया सदस्यता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर** । जिला अंतर्गत नुआंव प्रखंड क्षेत्र में कैमूर किसान यूनियन द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान। प्रखंड क्षेत्र के अखिनि, छाता बाराडी, गांव नुआंव बाजार में सदस्यता अभियान चलाया गया। कैमूर किसान यूनियन के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने बताया की मंडी कानून बहाली के साथ माल्टीपाल एजेंसिस से धान की खरीदी, बकाया बिजली बिल माफी तथा भूमि अधिग्रहण में किसानों को उचित मुआवजे के लिए 23 सितंबर 2023 को बिहटा में किसान महा पंचायत का अयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत किसान नेता राकेश टिकैत के नेतृत्व में कैमूर, बक्सर और औरंगाबाद के किसानों द्वारा, दिनांक 7,8 और 9 अक्तूबर 2023 को आंदोलन करेंगे। सदस्यता अभियान के अंतर्गत कैमूर किसान यूनियन के उपाध्यक्ष श्री अफ़रोज़ खान ने कहा कि यह विशुद्ध रूप से गैर राजनीतिक संस्था है। जो किसानों के उत्थान तथा किसानों पर हो रहे शोषण की लड़ाई प्रखर होकर लड़ता है। सचिव अमित राय ने कहा की किसानों को भूमि अधिग्रहण में बाजार मूल्य से चार गुना मूल्य मिलना चाहिए। नहीं तो आने वाले चुनाव में किसान वर्तमान सरकार को धूल चटा देगा। सदस्यता अभियान में कोषाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा की कैमूर किसान यूनियन किसानों की माली हालत सुधारने के लिए भी कार्य कर रहा है। तथा मछली पालन, दूध तथा खाद बीज क्षेत्र में भी कार्य कर रही है। सदस्यता अभियान के दौरान अनिल यादव, मंजूर खान, अजहर खान, सोनू खान,राजेश कुशवाहा, इश्तियाक खान, रमेश कुशवाहा मुबाशिर खान, संतोष सिंह, फैज खान, आतिफ अफरोज, बलिस्टर कुशवाहा इत्यादि किसान उपस्थित रहे।

## आरा-सासाराम रेलखंड पर ट्रेन से कट युवक की मौत



**बिक्रमगंजन (रोहतास) आरा** । सासाराम रेल खंड स्थित शहीद बाबा हाल्ट के पास ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत हो गई। घटना शनिवार की सुबह की बताई जाती है। मृतक की पहचान काराकाट थाना क्षेत्र के बाद टोला निवासी रामवचन पासवान के 18 वर्षीय पुत्र इंद्रजीत कुमार के रूप में की गई है। मृतक इंद्रजीत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। अत्यंत ही गरीब परिवार है, जेडीयू के रोहतास जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा ने मृतक के परिवार को 5 लाख मुआवजा देने की मांग की तो वही चिल्हा निवासी पिंटू सिंह उर्फ बी के सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक परिवार को पांच लाख मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिया जाए ताकि गरीब परिवार को सहारा मिल सके। धटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि सुबह में मोबाइल से किसी ने सूचना दिया कि पटना – सासाराम सवारी गाड़ी से एक युवक की कट कर मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। वही घटना को लेकर फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है की युवक ने आत्महत्या किया है या दुर्यघटना में उसकी मौत हुई है। ग्रामीणों के अनुसार युवक आज सुबह ही घर से एटीएम बनाने के लिए निकला था। दूसरी तरफ मृतक के परिजन को इसकी खबर मिलते ही घर में मातम मच गया है।

## खेल खेल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राएं



**बिक्रमगंज (रोहतास)** । दावथ प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय योगिनी में वर्ग एक से तीन के छात्र छात्राओं द्वारा खेल-खेल में ही शिक्षा प्राप्त करने की गतिविधियों को शनिवार को अभिभावकों ने भी देखा। इसकी जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक अनिल कुमार राय ने बताया कि ,शिक्षा विभाग के निदेशक के आदेश पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक से तीन वर्ग में नामांकित छात्र छात्राओं के अभिभावकों की गोष्ठी विद्यालय प्रांगण में की गयी। जिसमें अभिभावकों से प्रधानाध्यापक ने अपील किया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के बेहतर शिक्षा हेतु अनेक प्रकार की सुविधाऐं दी जा रही है.निजि स्कूलों में बच्चों को भेजने के बजाय सरकारी स्कूलों में बच्चों को प्रतिदिन स्कूल ड्रेस में भेजें सरकार बच्चों को बहुत सारी सुबिधाऐं दे रही है।

जानकारी | उद्देश्य बच्चों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना है

# विद्यालय में विभिन्न गतिविधि माध्यम से बच्चों को दी गई जानकारी



**संझौली (रोहतास)** । प्रखंड के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में शनिवार को बैगलेस गतिविधियां आयोजित की गई। बैगलेस गतिविधियां के तहत प्रखंड के करमैनी पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय,गंगाजल में बच्चों को खेल-खेल में विभिन्न बातों की जानकारी दी गई। बच्चे बिना बैग के विद्यालय पहुंचे और खूब मनोरंजन किया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा कई ऐसे खेल भी बच्चों को सिखाए गए इससे उन्हें ज्ञान प्राप्त होता है। कहीं संगीत का कार्यक्रम हुआ तो कही निबंध की प्रतियोगिता हुई तो कहीं बच्चों को व्यायाम कराया गया, तो कहीं आपदा से बचाव के उपाय बताए गए। बैगलेस शनिवार को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। विद्यालय प्रबंधन भी बच्चों का हौसला अफजाई करते देखे गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार साह ने बताया कि प्रत्येक शनिवार के लिए अलग अलग गतिविधियां निर्धारित की गई हैं। इसका उद्देश्य बच्चों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना है। विद्यालयों में बैगलेस सुरक्षित शनिवार को लेकर कई गतिविधियां की गईं। इसको लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। वहीं विद्यालय की साफ-सफाई पर नजर डाले तो, विद्यालय कैम्पस में बहुत ही स्वच्छ तथा सुंदर देखने को मिला। यहां पर चेतना सत्र में सभी शिक्षक समय से मौजूद रहते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे है। चेतना सत्र में रोज गतिविधि की जाती हैं। यहां के बच्चे स्मार्ट क्लास में पढ़ते हैं, जो संझौली प्रखंड में इकलौता विद्यालय हैं। सभी वर्ग कच्छ से लेकर शौचालय किचन इत्यादि स्वच्छ तथा सुंदर था। यहां पर गैस पर खाना पक रहा था। दूसरी तरफ बिद्यालय में पीटीएम की बैठक हो रही थी। प्रधानाध्यापक से लेकर सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं सभी सक्रिय थे। शिक्षक में सहायक शिक्षक कृष्ण प्रसाद, षडेन्दर प्रसाद, कामता प्रसाद सिंह, अमर कुमार, उपेंद्र कुमार, स्नेहलता देवी ,आशा कुमारी,लक्ष्मी कुमारी एवं प्रेमलाता कुमारी मौजूद थी।

# भूमि अधिग्रहण में कम मुआवजा को लेकर किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना की शुरू की तैयारी





**कैमुर जिला के चांद प्रखंड , शुभ भास्कर** । प्रखंड में एन एच 219 सड़क चौरी करण के लिए भूमि अधिग्रहण में किसानों को कम मुआवजा देने की घोषणा पर बिफरे किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना के लिए तैयारी शुरू कर दिया है। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर किसानों ने किसान मजदूर संघर्ष समिति कैमूर के बैनर तले गोंई गांव में किसानों ने बैठक आयोजित किया। बैठक की अध्यक्षता गुदरी सिंह ने किया। बैठक में कई गांवों के शामिल किसानों ने सरकार के द्वारा किसानों को उचित मुआवजा दिए बिना भूमि अधिग्रहण की कारवाई शुरू करने की बिरोध किया गया। किसानों ने बिना उचित मुआवजा को सड़क का निर्माण नहीं होने देने का संकल्प लिया। बैठक में सड़क निर्माण नहीं होने को लेकर आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। किसान मजदूर संघर्ष समिति कैमूर के बैनर तले आंदोलन में सड़क निर्माण स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे गुदरी सिंह एवं पुर्व मुखिया दिनेश यादव ने कहा भू अर्जन पदाधिकारी के द्वारा मुआवजा का नोटिस का बिरोध किया जायेगा। उन्होंने ने कहा 30 अगस्त को आयोजित भू अर्जन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किसान कोई कागजात एवं दस्तावेज उपलब्ध नहीं करायेंगे। पुर्व मुखिया दिनेश यादव ने कहा सड़क का निर्माण जहां से शुरू होगा वहीं किसान सैकड़ों की संख्या में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने ने कहा जबतक किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जायेगा तबतक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। किसानों ने कहा सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

## ख़ास ख़बर

### जीआरपी ने दंपती को ट्रेन में छूटा बैग सौंपा





**शुभ भास्कर, मोहनिया कैमुर**। भभुआ रोड जीआरपी ने दंपती को ट्रेन में छूटा बैग जब वापस किया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।दंपती ने पुलिस जवानों का आभार जताया।यात्री जहानाबाद के मखदुमपुर निवासी चितरंजन पासवान अपनी पत्नी श्रुति कुमारी के साथ पटना से मखदुमपुर जा रहे थे।इसी दौरान मखदुमपुर उतरने के दौरान उनका बैग ट्रेन में ही छूट गया। शनिवार को यात्री का बैग सहित सारा सामान उनके हाथों में सौंप दिया गया। बैग में सभी समान पाकर यात्री काफी खुश हुए। जानकारी देते हुए जीआरपी थाना प्रभारी सुरेन्द्र राय ने बताया की दो दिन पहले भभुआ पटना इंटर सिटी एक्सप्रेस जब भभुआ रोड स्टेशन पर खड़ी हुई तब मैं पुलिस के साथ ट्रेन का जांच कर रहे थे उसी क्रम में एक लावारिस हालत में एक बैग मिला जिसको खोल कर देखा गया तो उसमे सोने की चैन,अंगूठी, मोबाइल, चार्जर और बैंक पासबुक,समेत अन्य जरूरी दस्तावेज पाए गए।उसके बाद यात्री को सूचित किया गया।शनिवार को भभुआ रोड पहुंचे दंपती को उनका बैग जीआरपी द्वारा सौंप दिया गया।

### इलाज कराने आई महिला का पांच हजार रुपए हुए चोरी थाने में दी आवेदन





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं (कैमूर)**। भभुआं सदर अस्पताल में इलाज कराने आई एक महिला का पांच हजार रुपए चोरी हो गया , पीड़ित महिला रोहतास जिले के खुरमाबाद गांव निवासी शिवबचन राम की 40 वर्षीय पत्नी विमला देवी है जो अपना इलाज कराने भभुआं आई हुई थी जो ओपीडी काउंटर पर पर्ची ले रही थी इसी दौरान महिला का पर्स गिर गया जिसमें पांच हजार रुपए रखे हुए थे किसी ने महिला का पर्स ले लिया बहुत खोज बिन करने पर भी महिला का पर्स नहीं मिला बाद में महिला ने भभुआं थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

भभुआ नगर परिषद क्षेत्र में गुज़रने वाले वाहनों से हो रहे अवैध वसूली को तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया गया।

### थानाध्यक्ष भभुआ को निर्देश दिया गया कि जाँच कर अवैध वसूली कर रहे दोषी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करें



**शुभ भास्कर भभुआ**। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार की अध्यक्षता में नगर निकाय की समीक्षात्मक बैठक की गई और निम्नवत दिशा दिए गए। समीक्षा के दौरान भभुआ नगर परिषद क्षेत्र में गुज़रने वाले वाहनों से हो रहे अवैध वसूली को तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। थानाध्यक्ष भभुआ को निर्देश दिया गया कि जाँच कर अवैध वसूली कर रहे दोषी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करें। बैठक में कार्यपालक अभियंता नगर परिषद भभुआ एवं कार्यपालक अभियंता नगर पंचायत मोहनिया उपस्थित थे।

### हत्या कर फेंका गया महिला का शव बरामद इलाके में मची सनसनी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं (कैमूर)**। भभुआं चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोला टोली में घर के पास कुछ दूरी पर हत्या कर फेंका गया महिला का शव बरामद किया गया जानकारी के अनुसार रोहतास जिला के तिलौथू थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी टिंकु खलीफा की पत्नी सबीना बीबी है जो चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अपने मायके चैनपुर लोला टोली में आई हुई थी जिसकी हत्या कर शव को घर के पास ही फेंक दिया गया था सुबह में खेल रहे बच्चों ने देखा तो शोरगुल मचाया जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच में जुट गई है वहीं महिला की हत्या से इलाके में सनसनी बना हुआ है।

# अखिल भारतीय थल सैनिक शिविर में लाल बाबू कुमार का चयन







**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रामगढ़, रामगढ (कैमूर)** । स्थानीय ग्राम भारती कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारियों,छात्रों तथा एनसीसी के कैडेट्स के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई जब राँची से खबर आई कि बिहार और झारखंड निदेशालय ने थल सैनिक शिविर (TSC) का फाइनल मेरिट लिस्ट जारी कर दिया। इस लिस्ट में यहाँ के एनसीसी के कैडेट्स अंडर ऑफिसर लाल बाबू कुमार का चुनाव obstacle training (बाधा प्रशिक्षण) तथा tent pitching (तंबू गाड़ना) में हुआ है। अब लाल बाबू 17 सितंबर से नई दिल्ली में होने वाले अखिल भारतीय थल सैनिक शिविर में भाग लेंगे।ये शिविर 30 सितम्बर तक चलेगा। लालबाबू नुआंव गांव के निवासी है तथा ध्रुप राय के पुत्र है। आज पिता को भी अपने पुत्र पर गर्व महसूस हो रहा है कि वो दिल्ली TSC के लिए जा रहा है। थल सैनिक शिविर का उद्देश्य सैन्य प्रशिक्षण की मुख्य विशेषता को उजागर करना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धी भावना पैदा करना और कैडेट्स के बीच अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना है। आर्मी विंग कैडेट्स के लिए राष्ट्रीय स्तर का कैंप होने के कारण थल सैनिक कैंप अपने आप में अनूठा है। इसमे बहुत तरह के प्रतिस्पर्धा होती है जैसे बाधा प्रशिक्षण (जिसमे स्ट्रैट बैलेंस, ज़िग ज़ैग बैलेंस, 6 फ़ीट वाल, इत्यादि शामिल है), तंबू गाड़ना, स्वास्थ्य और स्वच्छता, मैप पढ़ना इत्यादि गतिविधियां शामिल है। इस शिविर में थल सैनिक के ट्रेनिंग में दिए जाने वाले बहुत सी गतिविधियां शामिल होती है। इससे कैडेट्स का शारिरिक मजबूती के साथ आत्मबल भी मजबूत होता है, तथा अन्य राज्य के कैडेट्स के साथ मिलने जुलने का मौका मिलता है। इससे राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा मिलता है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो राधेश्याम सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और बताये की ये कॉलेज तथा रामगढ के लिए बहुत गर्व की बात है। साथ ही साथ उन्होंने इस कॉलेज की कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट डॉ मधुलता शुक्ला को बधाई एवम शुभकामना देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में एनसीसी के कैडेट्स बहुत ही अच्छा काम कर रहे है। लेफ्टिनेंट मधुलता शुक्ला ने बताया कि लाल बाबू कुमार को गया ग्रुप की तरफ से कैश प्राइज, 30 बिहार बटालियन बक्सर की तरफ से ट्रैक सूट, डीएमएस , वर्दी, कैप इत्यादि मिले है। ये वास्तव में कॉलेज के लिए गर्व की बात है कि यहाँ के कैडेट्स बहुत मेहनत और लगन से देश सेवा, समाज सेवा का काम करते है।

## रामगढ़ एवं नुआँव प्रखंड से डीज़ल अनुदान हेतु एक भी आवेदन नहीं पाए गए





**भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर**। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार की अध्यक्षता में उर्वरक निगरानी समिति एवं कृषि टास्क फोर्स से संबंधित बैठक की गई और निम्नवत दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में रामगढ़ एवं नुआँव प्रखंड से डीज़ल अनुदान हेतु एक भी आवेदन प्राप्त नहीं पाए गए जो व्यापक प्रचार प्रसार के अभाव को दर्शाता है। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ एवं नुआँव को मुखिया के साथ बैठक कर जाँच करने के निर्देश दिया गया कि प्रखंड अंतर्गत डीज़ल सब्सिडी की आवश्यकता किसी को नहीं है। उर्वरक की कालाबाजारी की रोकथाम हेतु सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अपने स्तर से प्रखंड कृषि पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक करेंगे तथा अपने क्षेत्र अंतर्गत उर्वरक की कालाबाज़ारी पर आवश्यक अंकुश लगाएंगे । सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पशुपालन भूमि संरक्षण उद्यान विभाग से संबंधित योजनाओं हेतु बैठक करे अधिक संख्या में किसानों से ऑनलाइन कराते हुए ज़्यादा से ज़्यादा किसानों को लाभान्वित करेंगे। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सहायक निदेशक उद्यान, सहायक निदेशक भूमि संरक्षण सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आयोजित हुई अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी नहीं पंहुचे अभिभावक

**चांद कैमुर, शुभ भास्कर**। प्रखंड में प्राथमिक या प्रारंभिक विद्यालय में आयोजित अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में अधिकतर अभिभावकों ने नहीं दिखाई रूचि। जानकारी के अनुसार सूचना के बाद भी अधिकतर अभिभावक संगोष्ठी में भाग लेने के लिए नहीं पंहुचे है। प्रखंड में कुल 46प्राथमिक विद्यालय एवं 46 उत्क्रमित मध्य विद्यालय है। शिक्षा विभाग पटना के आदेशानुसार सभी विद्यालयों में शनिवार को विशेष अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाना था। विद्यालयों में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार बहुत से विद्यालयों में अभिभावक संगोष्ठी में भाग लेने नहीं पंहुच पाए। कुछ विद्यालय में रसोइया एवं शिक्षा समिति के सदस्यों के साथ संगोष्ठी कर शिक्षा विभाग पटना के आदेश का पालन किया गया।

इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सत्येन्द्र कुमार साह से संपर्क करने का प्रयास किया गया सरकारी मोबाइल बंद था। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य से पुछा गया तो उन्होंने ने कहा संगोष्ठी में अभिभावक भाग लेने के प्रति जागरूक नहीं है। उन्होंने ने कहा अभिभावकों को सूचना देने के बाद भी विद्यालय में नहीं आते हैं। प्रखंड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंदा खरौली बसहा आदि विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंदा के शिक्षक सैयद सहजाद ने कहा संगोष्ठी में अभिभावक के साथ बेहतर शिक्षा एवं प्रबंधन को लेकर चर्चा किया गया उन्होंने ने कहा अभिभावकों को विद्यालय का भ्रमण कराया गया एवं खेलकूद के समाग्री की जानकारी दी गई। शिक्षक ने कहा अभिभावकों से कक्षा 1 2 3 के छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। अभिभावकों से छोटे बच्चों को समय से विद्यालय भेजने का आग्रह किया गया। शिक्षा विभाग पटना ने शनिवार को विशेष अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन कराने के प्रति अभिभावकों को जागरूक करने एवं बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य का संदेश देना था।

# भाजपा की बैठक में नए कमेटी का हुआ गठन



**दुर्गावती कैमुर, शुभ भास्कर**। शनिवार की दोपहर भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड कार्यालय में दुर्गावती के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई जिस में सर्वसम्मति से नई कमेटी की गठन किया गया। प्रखण्ड में पार्टी के और प्रकोष्ठ के सभी सम्मानित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। पदाधिकारियों का संगठन बन जाने से पार्टी के संगठनात्मक ढांचे का विस्तार कर दुर्गावती में भाजपा को मजबूत किया जाएगा और आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनावो में दुर्गावती प्रखण्ड से अजेय बढ़त के साथ विजय दिलाने का काम कमेटी करेगी। नव नियुक्त पदाधिकारी में प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा उपाध्यक्ष चार नियुक्त किए गए जिसमें हरिद्वार बिंद विकास सिंह बलवंत पासवान मनीष पांडे मंत्री पद के लिए शिव परशन कुशवाहा मनोज राय संजय सिंह पथिक तिवारी रिंकू देवी सोनी देवी शामिल है साथ ही महामंत्री के लिए दो विपिन कुमार उमेश कुमार सिंह कोषाध्यक्ष के लिए मुन्ना सेठ आईटी सेल्स संयोजक के रूप में अरविंद सिंह कमलेश चौबे पंचायती राज प्रकोष्ठ शिव शंकर प्रजापति सहकारिता प्रकोष्ठ दिनेश शाह मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ राजेश चौधरी महा दलित प्रकोष्ठ रोशन पटेल को दिया गया। वहीं युवा मोर्चा से सोनू बिंद किसान मोर्चा से रवि भूषण अती पिछड़ा से संजीवन साह महिला मोर्चा से सरोज देवी अल्प संख्यक मोर्चा से शकील खान अनुसूचित जाति मोर्चा से संजय कनोजिया अनुसूची जनजाति से घुरफेकन गोंड को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के समस्त कार्यकर्ता गण और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

### हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हुआ भव्य मेले का आयोजन





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर(कैमूर)**। प्रखंड क्षेत्र के अमॉव पंचायत अंतर्गत सद्गुरु फकीर विजय शंकर जी महाराज के 23 वें पुण्यतिथि सतगुरु फकीर विजय शंकर जी महाराज की, समाधी स्थापना के शुभ अवसर पर महाराज के समाधि स्थल पर, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय राम की अध्यक्षता में, पूजा पाठ कीर्तन के साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें की बहुत ही दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से पूजा पाठ किया गया, साथ ही भंडारे का लुफ्त उठाया गया। इस जगह पर हर वर्ष 26 अगस्त को भंडारे व मेला लगते आया है, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। इस मेला का कार्यक्रम रूप में व्यवस्थापक विक्रमा राम , राम केसरी राम, बबन राम, पूर्व प्रमुख अतिथि मंगल राम चेनारी ,पूर्व प्रमुख सरपंच फखरुद्दीन अंसारी

### थाना परिसर में लगा जनता दरबार कई मामले पर विचार विमर्श



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)**। प्रखंड अंतर्गत बेलांव थाना परिसर में हर शनिवार की तरह इस शनिवार को भी भूमि संबंधित मामले की निपटारे हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एस आई अमितेज कुमार द्वारा किया गया। जिस संदर्भ में जानकारी देते हुए एस आई अमीतेज कुमार के द्वारा बताया गया, जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित दो पुराना और एक नया आवेदन आया,अवधेश चौबे बनाम दिवाकर चौबे ग्राम पानापुर, द्वितीय पक्ष दिवाकर चौबे उपस्थित नहीं हो रहे हैं उन्हें नोटिस किया गया, दूसरा मामला जवाहर सिंह बनाम भीम सिंह ग्राम बेलांव का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वही नया मामला लल्लन पासवान बनाम रामाशंकर पासवान ग्राम हुडरी के बीच बंदोबस्ती जमीन की दखल को लेकर विवाद है। जिसका हल्का कर्मचारी को जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया।

### जीविका के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आखिरी दिन विभिन्न विषय पर किया गया प्रशिक्षित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)**। प्रखंड परिसर अंतर्गत जीविका के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण के आखिरी दिन विभिन्न विषय पर किया गया प्रशिक्षित।, 26 अगस्त को जीविका के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आखिरी दिन था । Lokos पर प्रशिक्षण दिया गया। lokos एक ऑपरेटिंग सिस्टम है, जिसमे समूह के बारे मे सभी जानकारी अनलाइन कि जाती है । इस प्रशिक्षण में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक के द्वारा भी सम्बोधन किया गया, साथ ही उनके द्वारा स्वच्छक्ता का भी पाठ पढ़ाया गया । आज कि इस प्रशिक्षण में जीविका के 70 लेखापाल उपस्थित थे । प्रशिक्षक के रूप में सरदार बलजीत सिंह , अनीता कुमारी, सुमित कुमार और चंद्रमा शर्मा थे ।

### मारपीट के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार भेजा गया जेल



**दैनिक भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)**। थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत कुदरा वार्ड संख्या दस से थाना प्रशासन द्वारा मारपीट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। संदर्भ में जानकारी देते हो थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि व्यक्ति द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वी के साथ बुरी तरह से मारपीट किया गया। जिसके वजह से वह मरने से बच्चा जिसके जुर्म में व्यक्ति के ऊपर जानलेवा हमला करने का केस दर्ज किया गया था जिस जुर्म में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है आरोपी कलीम इदरिशी पिता जासीम इदरिशी बताया जा रहा है।

### थाना परिषद में लगा जनता दरबार 6 मामले हुआ निष्पादित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां (कैमुर)**। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में जमीन से संबंधित मामलो के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी सीओ प्रियदर्शनी व थानाध्यक्ष ललन कुमार ने संयुक्त रूप से विभिन्न पंचायत से पहुंचे जमीनी विवाद से संबंधित फरियादियों की समस्या सुनते हुए, उनके कागजात आदि की जांच किया।जनता दरबार में कुल 6 मामले का निबटारा किया गया।प्रभारी सीओ प्रियदर्शनी ने बताया की विभागीय आदेशानुसार प्रत्येक सप्ताह शनिवार को जनता दरबार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य, भूमि विवाद के मामले का निपटारा स्थानीय स्तर पर ही आपसी सहमति से करना है। ताकि विवाद न्यायालय तक न पहुंचे।

संगोष्ठी | प्रखंड अंतर्गत न्यू प्राथमिक विद्यालय बहुआरा में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

# शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था पर की गई चर्चा





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां (कैमूर)**। प्रखंड अंतर्गत न्यू प्राथमिक विद्यालय बहुआरा में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक सैयद जाबिर द्वारा संगोष्ठी में आए सभी अभिभावकों का स्वागत कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय में संचालित शिक्षण गतिविधियों से अवगत कराया।उन्होंने अभिभावकों को उत्प्रेरित करते हुए बताया, कि अभिभावकों को अपने बच्चों के शिक्षण गतिविधियों का सतत अनुश्रवण करना चाहिए, ताकि बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके।उन्होंने कहा की पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में स्वच्छता व साफ-सफाई की आदत डालते हुए, शिक्षा के साथ साथ चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान दें।संगोष्ठी में पहुंचे सलथुआं पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि कन्हैया राय ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने के लिए अभिभावक व शिक्षक कड़ी का काम करते हैं।अभिभावकों का दायित्व होता है, कि वे अपने बच्चों को घरेलू काम से दूर रखें, तथा पठन-पाठन के लिए बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें।उन्होंने कहा कि शिक्षकों का कर्तव्य होता है, विद्यालय में उपस्थित बच्चों को गुणवत्ता रूपी शिक्षा प्रदान करना। अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच समन्वय बने रहने से बच्चों का भविष्य उज्वल होगा।अभिभावकों को ध्यान रखना चाहिए कि विद्यालय में बच्चों का नामांकन ज्यादा से ज्यादा हो। शिक्षा के उन्नयन में माता-पिता का सकारात्मक सहयोग आवश्यक है।उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से अनुरोध किया कि अभिभावक समय-समय पर विद्यालय आकर पठन-पाठन प्रक्रिया का निरीक्षण कर, सलाह भी दे सकते हैं।संगोष्ठी में शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए तमाम विषयों पर अभिभावक एवं शिक्षकों के बीच मंथन किया गया साथ ही शिक्षा पाठ्यक्रम की जानकारी, परीक्षाओं में बच्चे के प्रदर्शन, शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी आदि विषयों पर पर चर्चा की गई।संगोष्ठी में विद्यालय के शिक्षक,सचिव सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित हुए।

# कम मुआवजा को लेकर किसानों ने शुरू की अनिश्चितकालीन धरना की तैयारी





**कैमुर चांद, शुभ भास्कर**। प्रखंड में एन एच 219 सड़क चौरी करण के लिए भूमि अधिग्रहण में किसानों को कम मुआवजा देने की घोषणा पर बिफरे किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना के लिए तैयारी शुरू कर दिया है। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर किसानों ने किसान मजदूर संघर्ष समिति कैमूर के बैनर तले गोंई गांव में किसानों ने बैठक आयोजित किया। बैठक की अध्यक्षता गुदरी सिंह ने किया। बैठक में कई गांवों के शामिल किसानों ने सरकार के द्वारा किसानों को उचित मुआवजा दिए बिना भूमि अधिग्रहण की कारवाई शुरू करने की बिरोध किया गया। किसानों ने बिना उचित मुआवजा को सड़क का निर्माण नहीं होने देने का संकल्प लिया। बैठक में सड़क निर्माण नहीं होने को लेकर आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। किसान मजदूर संघर्ष समिति कैमूर के बैनर तले आंदोलन में सड़क निर्माण स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे गुदरी सिंह एवं पुर्व मुखिया दिनेश यादव ने कहा भू अर्जन पदाधिकारी के द्वारा मुआवजा का नोटिस का बिरोध किया जायेगा। उन्होंने ने कहा 30 अगस्त को आयोजित भू अर्जन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किसान कोई कागजात एवं दस्तावेज उपलब्ध नहीं करायेंगे। पुर्व मुखिया दिनेश यादव ने कहा सड़क का निर्माण जहां से शुरू होगा वहीं किसान सैकड़ों की संख्या में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने ने कहा जबतक किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जायेगा तबतक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। किसानों ने कहा सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

## ख़ास ख़बर

### थाना दिवस पर खचाखच भीड़ रही मौजूद, सुनवाई रही शून्य

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय।** जखनिया गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी अधिकारी कमलेश सिंह के मौजूदगी में दर्जनों फरियादी कुर्सी पर बैठे मौजूद दिखे तो दर्जनों मंदिर पर बैठे रहे।सैकड़ों बाहर घूमते हुए नजर आए। इस थाना दिवस पर सिर्फ दो आवेदन आए थे दोनों का निस्तारण नहीं कर पाए अधिकारी ।लोगों का भरोसा कहीं ना कहीं समाधान दिवस के पारदर्शिता से उठता जा रहा है। वही ।कादीलशाहपुर के फरियादी हरिश्चंद्र ने बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर मेरी पुश्तैनी मकान बनी थी जिसमें अधिकारियों ने कोर्ट के निर्देश पर हटाया लेकिन उसी जमीन पर विपक्षी लगातार कब्जा कर रहा है ।1 साल से अधिकारियों का आवेदन दे रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।इस मौके पर थाना अध्यक्ष अशोक मिश्रा सहित राजस्व विभाग के लेखपाल और सैकड़ो लोग मौजूद रहे। वही भुड़कुड़ा कोतवाली में नायब तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य ने फरियादियों का फरियाद सुने छः आवेदन आए थे जिसमें किसी का भी मामला का निस्तारण नहीं कर पाए ।इस मुद्दे पर कोतवाल तारावती सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

### चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम, कैमरे में हुआ कैद



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के देवा गांव स्थित स्टेट हाईवे पर स्थित श्री श्याम मिक्सिंग लैब में बीती रात चोरों ने बगल का शटर खोलकर अंदर प्रवेश किया और दो मंजिला सीढ़ी पर लगे टीन शेड को तोड़कर अंदर प्रवेश किया ।जहां मिक्सिंग लैब में घुसकर चोरों ने आराम से कीमती कैमरा 7 पीस जिसकी कीमत लगभग 6 लाख बताई जा रही है उठा ले गए। मालूम हो की दुकानदार प्रदीप कुशवाहा रात 10:00 बजे दुकान बंद करके क्षेत्र के टड़वा टप्पा गांव अपने घर चले जाते थे खाना खाने के बाद दुकान में सोते थे लेकिन शुक्रवार की गांव में पूजा पाठ होने की वजह से घर पर रह गए ।तभी रात में दो की संख्या में चोरों ने चोरी घटना को अंजाम दिया। दोपहर 12:00 बजे दुकान खोला तो देख कर आवक रह गया ।तत्काल 112 पुलिस को सूचित किया। मौके पर थाने के उपनिरीक्षक होरिल यादव ने पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गए। चोरी की घटनाओं से दुकानदारों में भय व्याप्त है।

### दहेज दानव मां-बेटा गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के मार्गदर्शन में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 141/23 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण विपिन बिन्द पुत्र बलिराम बिन्द निवासी मुसल्लपुर थाना नोनहरा गाजीपुर व शीला देवी पत्नी बलिराम बिन्द निवासी मुसल्लपुर थाना नोनहरा गाजीपुर को मुखबिरी सूचना पर आज दिनांक 26.08.2023 को समय 07.10 बजे ग्राम मुसल्लहपुर से थानाध्यक्ष नोनहरा संतोष कुमार राय उ0नि0 अनिल कुमार मिश्रा मय हमराह का0 धीरज राव, का0 आदर्श यादव म0कां0 नीलम चौधरी द्वारा गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### जमानियां स्टेशन चौकी पुलिस ने वाहनों पर जाति सूचक शब्द लिखे जाने पर आधा दर्जन वाहनों का काटा चालान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मनोज कुमार, जमानियां।** अगर आपकी बाइक या किसी अन्य गाड़ी पर जाति सूचक शब्द लिखे हों तो तत्काल हटवा दे वर्ना आपकी गाड़ी का चालान हो जायेगी आपको काफी महंगा पड़ेगा इसको लेकर पुलिस ने शक्ति शुरू कर दी है प्रदेश सरकार के निर्देशा अनुसार इन दिनों पुलिस शक़्त यैसी सभी वाहनों पर यादव,जाटव, ब्राह्मण, यदुवंशी, ठाकुर, रघुवंशी, ख़ान, चौधरी, राजपूत, पंडित आदि लिखा हुआ पाएं जाने पर चालान काट रहे हैं इसी क्रम में स्थानीय पुलिस चौकी इंचार्ज सुनिल कुमार शर्मा ने पुलिस कर्मियों के साथ बैंक आफ बड़ौदा तिराहे के पास चेकिंग अभियान चलाकर करीब आधा दर्जन वाहनों का चालान काटा जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा इस दौरान लोगों से अपील किया की आतायात नियमों का पालन करते हुए वाहन पर रजिस्ट्रेशन नंबर के अलावा अन्य शब्दों को तत्काल हटवा ले अन्यथा पकड़े जाने पर 5000रु का चालान का कार्यवाही की जायेगी।

# वोटर चेतना अभियान चलाकर, लोगों को किया जा रहा जागरूक



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर ।** आज तेतरा देवी महाविद्यालय मंदरा में भारतीय जनता पार्टी जखनिया मंडल प्रथम की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुवे जखनिया विधानसभा संयोजक मुराहु राजभर ने कहा कि पूरे प्रदेश में वोटर चेतना महा अभियान चलाया जा रहा है इस विशेष अभियान के तहत अपने बूथों पर जिन लोगों का नाम छूट गया है, उनको जोड़ने का काम मतदाता सूची में किया जा रहा है और जो लोग उस बूथ के निवासी नहीं है या कहीं अन्यत्र जगह चले गए हैं तो उनके नाम को भी निकला जाएगा। इस विशेष अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से अपने नए वोटर और जिनका नाम किन्हीं कारण से लिस्ट में नहीं आया है उनको पुनः जोड़ने का कार्य करना है, और हम पार्टी कार्यकर्ताओं को 2024 के लिए अभी से कमर कस लेना है। बैठक को व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा में संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का ही एकमात्र कार्यकर्ता ऐसा है जो वर्ष भर निरंतर कार्य करता रहता है। भाजपा कार्यकर्ता के लिए राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और परिवार अंतिम होता है। आज इस सोच के कारण ही भाजपा शीर्ष पर पहुंची है। पार्टी कार्यकर्ताओ की देन है कि देश को यशस्वी नेतृत्व नरेंद्र मोदी के रूप में मिला है, जिन्होंने देश की तकदीर, तस्वीर बदलकर विश्व के अग्रणी पंक्ति में भारत को खड़ा कर दिया है। इसरो द्वारा चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग उसका साक्षात उदाहरण है, पूरा देश हर्ष में डूबा है, आज हर भारतीय का सीना चौड़ा और मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है। वर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री के मन की बातों को हर बूथों पर कार्यकर्ता निश्चित रूप से सुने, और उसको सरल ऐप्स पर डाउनलोड करें और सीधे प्रधानमंत्री जी से जुड़कर देश के नई जानकारी से अवगत हो और विभिन्न क्षेत्र में हो रहे नए अविष्कारो से अवगत हो। साथ ही साथ 28 तारीख से शुरू होने वाले वोटर विशेष महाअभियान में अपने बूथ पर कोई भी मतदाता मतदाता सूची से वंचित न हो इसके लिए विशेष रूप से समय निकालकर उनको जोड़ने का प्रयास करें। हर कार्यकर्ताओं को जन-जन को जगाना है 2024 में फिर से मोदी जी को लाना है, देश को सशक्त और शक्तिशाली बनाना है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता दयाशंकर सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान अशोक गुप्ता, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि झुंना सिंह, मंडल महामंत्री पीयूष सिंह, धर्मवीर राजभर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, नंदलाल प्रजापति, अरविंद चौहान, शशी पटेल, अजय विक्रम सिंह, मृदुला पांडेय, शैलू सिंह, उमाशंकर राजभर, पंकज सिंहा, रामाश्रय पांडेय, जमीदार सिंह सहित पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने किया दो ठगों को गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 26.08.2023 को मु0अ0स0 251/23 धारा 41/ 411/419/ 420/ 467/468 471 भादवि में नामित/वांछित अभियुक्तगण 1. सचिन यादव पुत्र कन्हैया यादव निवासी शरीफपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर 2. प्रांजल यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव निवासी बसन्तचक थाना सैदपुर गाजीपुर की तलाश व पतारसी सुरागरसी मे समय 18.05 बजे रेलवे क्रासिंग सैदपुर भितरी के पास से 01 अदद नाजायज हीरो मोटरसाईकिल I SMART के साथ व सादात अण्डर पास से लगभग 100 मी0 पूर्व भुट्टे की दुकान से समय 09.40 बजे अभियुक्त सचिन यादव पुत्र कन्हैया यादव निवासी सरीफपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार शुदा अपचारी/अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण विवरण – 1. बाल अपचारी सचिन यादव पुत्र कन्हैया यादव निवासी शरीफपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर करीब उम्र 17 वर्ष 2. अभियुक्त प्रांजल यादव पुत्र विरेन्द्र यादव नि0 बसंतचक थाना सैदपुर गाजीपुर उम्र लगभग 19 वर्ष

## ट्रैक्टर से दबकर 45 वर्षीय वक्ति की हुई दर्दनाक मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर।** शादियाबाद थाना अंतर्गत हंसराजपुर चौकी के बभनौली गांव निवासी घनश्याम गुप्ता पुत्र बद्री प्रसाद गुप्ता 45 वर्ष की ट्रैक्टर से दबकर दर्दनाक मौत हो गई 24 तारीख की शाम को घनश्याम गुप्ता अपने घर के बाहर सड़क पर पानी लेने जा रहे थे इस समय गांव का हीं ट्रैक्टर तेज रफ्तार में सड़क पर जा रहा था जिसकी चपेट में आकर घनश्याम गुप्ता बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें लोगों ने तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी ले गए जहां से गाजीपुर के लिए रेफर कर दिया गया सर में गंभीर चोट लगने की वजह से उन्हें ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया जहां शुक्रवार की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही गांव सहित घर में कोहराम मच गया घर में पत्नी और बच्चियों सहित पूरा परिवार बदहवास की स्थिति में हो गए घनश्याम गुप्ता की दो मात्र लड़कियां हैं जिनकी शादी अभी नहीं हुई है इस बारे में हंसराजपुर चौकी इंचार्ज सुनील शुक्ला से बात करने पर उन्होंने बताया कि एक्सीडेंट हुआ था घर वाले घनश्याम गुप्ता को इलाज के लिए लेकर चले गए परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है लेकिन सूचना के आधार पर ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है परिवार के लोगों द्वारा तहरीर मिलते ही उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# दिनदहाड़े ब्यूटीपार्लर जा रही महिला पर एसिड अटैक, पुलिस महकमा अलर्ट



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, जमानिया (गाजीपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के लोदीपुर मोहल्ले में शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे महिला के ऊपर तेजाब फेंक दिया गया। जिस पर महिला ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी। जानकारी के अनुसार महिला जमानिया स्टेशन निवासी गायत्री देवी कोतवाली में आयोजित थाना दिवस से बूटी पार्लर का कोर्स करने जा रही थी कि लोदीपुर मोहल्ले में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगो ने उसके ऊपर तेजाब फेंक दिया। गायत्री वहां से कुछ दूर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पैदल पहुंच गई और इलाज कराने लगी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। सीओ एवं प्रभारी निरीक्षक ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया और आस पास मौजूद लोगो से पूछताछ की। दिनदहाड़े हुई इस घटना के बारे में जिसने भी सुना वो हतप्रभ रह गया। लेकिन मजे की बात है की घटना स्थल पर किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। आपको बता दें कि घटना स्थल आबादी वाला क्षेत्र है। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर अशोक, विनोद और आकांक्षा तीन लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

### आए दिन होती है चोरी-छीनैती की घटना, प्रशासन दिखी नाकाम



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर।** शादियाबाद थाना अंतर्गत पिछले दिनों में चोरों ने मंदिरों में घंटी चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था एक बार फिर एक बड़ी घटना को अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दे दिया है मिली जानकारी के अनुसार थाना शादियाबाद क्षेत्र के भागीरथपुर के युवक ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने बंदूक के नोक पर मेरी नई स्प्लेंडर बाइक को छीन लिया और मौके से फरार हो गए पीड़िता राजा राजभर नाम के युवक ने बताया कि पिता की तबीयत खराब थी जिनकी दवा लेने के लिए मौधिया बाजार गया था वहां से दवा लेकर घर के लिए आ रहा था तभी दो अनजान व्यक्तियों ने विशुनपुरा टड़वा गांव के पास में लिफ्ट मांगा और रोक कर बैठ गया जैसे ही कुछ दूर पर आगे बढ़ा तो बारिश होने लगी उसके बाद गाड़ी खड़ी करके एक तरफ पेड़ के नीचे खड़ा हो गया जो अज्ञात पीछे बैठे थे बंदूक निकाल कर सर पर सटा दिए और दोनों अज्ञात व्यक्तियों ने गाड़ी लेकर फरार हो गए जिसकी सूचना पीड़िता ने थाना शादियाबाद में तहरीर के माध्यम से दर्ज कराया और थाने से आश्वासन दिया गया कि जल्द घटना को अंजाम देने वाले को गिरफ्तार किया जाएगा और उचित कार्यवाही की जाएगी अब देखना यह होगा कि शादियाबाद थाना प्रभारी हो रही क्षेत्र में घटना को रोकने के लिए कितना अंकुश लगा पाते हैं।

### थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की सुनी गई फरियाद



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया।** कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी एवं सीओ कि अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें दूर दराज से आये फरियादियों की समस्या को सुनी गई और उसका निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी डा, हर्षिता तिवारी ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय सीमा के भीतर निस्तारण कराने के लिए अधिकारियों की टीम बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि फरीयाद के लिए लोग थाने व तहसील का चक्कर न काटे। इसके लिए निधारित समय में गुणवक्तापूर्ण निस्तारण आवश्यक है। सीओ विधि भूषण मौर्य ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस कटीबध है और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को अवगत करावें। प्राप्त 3 में से 2 का मौके पर ही हल कर दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह, क्राईम इंस्पेक्टर डीएन तिवारी, चौकी प्रभारी सुनील कुमार शर्मा, विनीत कुमर, विजय कुमार, नितिश कुमार, अमरेन्द्र सिंह, राम रतन जायसवाल, गायत्री आदि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### रछाबन्धन एक पबित्र तेव्हार, भाई बहनों को भूलते जा रहे :- सुजीत





**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, नन्दगंज।** संकटमोचन हनुमान मंदिर नन्दगंज में शिव चर्चा मंडली द्वारा अयोजित रछाबन्धन कार्यक्रम में अदभुत नजारा देखने को मिला गाजीपुर में ऐसा पहला कार्यक्रम हुआ जहाँ सैकड़ो बहनों ने अपने भाई सुजीत के कलाई पर राखी बांधी सुजीत कुमार द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम चलाया जा रहा है हर गाँव हर घर मे जॉकर राखी बंधवाकर बहनों से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है और साथ मे ये बता रहे है कि अब बहनों को भाई के घर नही जाने की जरूरत पड़ेगी भाई बहन के घर आएंगे। आपको बता दे कि सुजीत कुमार 5 हजार बहनों के भाई बनकर रिकॉर्ड हाशिल किए है। ये तब रिकॉर्ड बना जब वे हरियाणा रहते थे। उसी पहल को अपने जन्मभूमि गाजीपुर में अपने बहनों से मिलकर इस बंधन को और मजबूत कर रहे है। सुजीत कुमार जीवन भर बहन की रछा करेगा ऐसा उनका संकल्प है।इस कार्यक्रम में बहनों ने गीत गाकर तिलक लगाकर भाई को राखी बांधी इस अवसर पर शिवचर्चा मंडली की प्रमुख किरण त्रिपाठी , कुमकुम श्रीवास्तव , पुनिता सिंह सहित सैकड़ो महिलाए उपस्थित रहीं।

### नाबालिक को बहला फुसलाकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के जफरपुर गांव के पास से आज सुबह 8:00 बजे बहलोलपुर चौकी प्रभारी जयदीप ने भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई ।जिसको संबंधित धाराओं में जेल भेज दिए। चौकी प्रभारी जयदीप ने बताया कि 18 अगस्त को 16 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगाया गया था। जिसमें पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराई थी ।जिसमें आज गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेजा गया।

**अव्यवस्था** इसका जिम्मेदार कौन है, सब कुछ जानते हुए भी अधिकारी अंजान बने बैठे हैं

## शहीद वीर अब्दुल हमीद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामूपुर में नहीं है कोई डॉक्टर आखिर कौन करेगा इलाज ?



**दैनिक शुभ भास्कर अंकित दुबे, गाज़ीपुर।** जखनिया क्षेत्र के धामूपुर में शहीद वीर अब्दुल हमीद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाएं हावी हैं ,यहां ना तो डॉक्टर हैं और ना ही सफाई कर्मचारी हैं, इनकी तैनाती नहीं होने के कारण लोगों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। इसका जिम्मेदार कौन है ,सब कुछ जानते हुए भी अधिकारी अंजान बने बैठे हैं। धामूपुर वीर अब्दुल हमीद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ० राकेश रोशन की तैनाती हुई थी,शासन के द्वारा मऊ जनपद में ट्रांसफर हो गया लिहाजा अब किसी नए डॉक्टर की तैनाती ही नहीं हुई। फार्मासिस्ट रामसुरेश चौरसिया मरीजों का इलाज करते हैं ,वार्ड बॉय निषाद अहमद अखिलेश यादव इसी अस्पताल में सबद्ध है,अस्पताल में लैब असिस्टेंट ललित कुमार और सौम्या गुप्ता की तैनाती है, स्वास्थ्य केंद्र धामूपुर में मरीज पहुंचते हैं, तो डॉक्टर न होने कारण मरीज को मायूस होकर अन्य अस्पताल में ईलाज के लिए जाना पड़ता हैं। लोगों को इलाज के लिए ब्लॉक मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। कई माह बीत जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नए डॉक्टर नियुक्ति नही होने पर समाजसेवी ने PMO को पत्र लिखकर शिकायत की कुछ दिन पूर्व धामूपुर गाँव के समाजसेवी अनिकेत चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑनलाइन पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई, और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार डॉ. मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर भी शिकायत की है,और अस्पताल का वीडियो बनाकर उसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के पोर्टल तथा ट्विटर , फेसबुक पोस्ट कर दिया। देखिए अब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। स्थिति ज्यो की त्यों बनी रहती है। क्षेत्रवासियों की मांग हैं कि यहाँ पर लोग इलाज कराने के लिए दूर -दरार से मरीज आते हैं। और ग्रामीणों ने कहा कि अस्पताल में टँकी का प्रदूषित पानी पीना पड़ता है। जिससे स्वास्थ्य बिगड़ जाता है,इसके लिए एक हैंडपंप की भी व्यवस्था की जाए और ग्रामीणों का कहना है, कि वीर अब्दुल हमीद स्वास्थ्य केंद्र पर कुत्ता काटने वाला रैबीज इंजेक्शन का भी प्रावधान किया जाए। समाजसेवी अनिकेत चौहान का कहना है, कि शहीद वीर अब्दुल हमीद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामूपुर में एक डॉक्टर और एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जाए जिससे क्षेत्रवासियों इलाज के दूर ना जाना पड़े।

### महिला के ऊपर फेंका तेजाब जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के लोदीपुर मुहल्ले में शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे महिला के ऊपर तेजाब फेंक दिया गया। जिस पर महिला ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर गायत्री ने दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। तहरीर के अनुसार महिला जमानिया रेलवे स्टेशन निवासी गायत्री देवी कोतवाली में आयोजित थाना दिवस से ब्यूटी पार्लर का कोर्स करने जा रही थी कि लोदीपुर मोहल्ले में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगो ने उसके ऊपर तेजाब फेंक दिया। गायत्री वहां से कुछ दूर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पैदल पहुंच गई और इलाज कराने लगी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। सीओ एवं प्रभारी निरीक्षक ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया और आस पास मौजूद लोगो से पूछताछ की। दिनदहाड़े हुई इस घटना के बारे में जिसने भी सुना वो हतप्रभ रह गया। लेकिन मजे की बात है की घटना स्थल पर किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी।

**न्यायिक तहसीलदार के नेतृत्व में करंडा थाना में संपन्न हुआ थाना दिवस**

## कुल प्रार्थना पत्र पड़े तीन,दो का मौके पर हुआ निस्तारण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर करंडा थाना में न्यायिक तहसीलदार की अध्यक्षता में थाना करंडा में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी गई साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। थाना दिवस करंडा में तीन फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतो को लिखित रूप में दिया जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया शेष आवेदन का निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी को दिया। न्यायिक तहसीलदार ने बताया कि सर्वाधिक मामले जमीनी विवाद से है जिसको संबंधित राजस्व टीम कानूनगों लेखपाल को सौंप दिया गया है।इस मौके पर थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी,उप निरीक्षक सुरेश चंद्र पांडेय,उप निरीक्षक अजय यादव चौकी प्रभारी बड़सरा,उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार ओझा, कानूनगों, लेखपाल एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु विशेष अभियान की घोषणा की

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा** । गोंण्डा जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की पहल पर जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है। यह अभियान रविवार यानी 27 अगस्त से शुरू हो रहा है। मेरा गोण्डा मेरी शान के अन्तर्गत शुरू किए जा रहे इस विशेष अभियान के प्रथम चरण में अयोध्या, बहराइच, बलरामपुर जनपद की ओर चार मुख्य मार्गों को चुना गया है। इन मार्गों पर भटक रहे गोवंशों को संरक्षित करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि यह टीमें निर्धारित रूट और उसके आसपास के पांच किलोमीटर की रेन्ज के ग्राम पंचायतों के निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने का कार्य सुनिश्चित करेंगी। इन गोवंशों को चिन्हित गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाएगा। प्रथम चरण में अभियान के लिए चुने गए मुख्य मार्गों में भंभुवा बॉर्डर से गोण्डा कस्बे तक, गोण्डा से बलरामपुर मार्ग तक, गोण्डा से बहराइच मार्ग तक और गोण्डा से अयोध्या मार्ग तक को चिन्हित किया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद को आसपास के अन्य जिलों से जोड़ने वाले में हर मार्ग के लिए 11 सदस्यों की टीमें गठित की गई है। इनमें, पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, क्षेत्रीय क्षेत्रीय ग्राम पंचायत सचिव और क्षेत्रीय सफाई कर्मी को शामिल किया गया है। यह टीमें निर्धारित तिथियों पर विशेष अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों का संरक्षण सुनिश्चित करेंगी।

### समाधान दिवस 215आवेदन हुए प्रप्त मौके पर 15 का हुआ निस्तारण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा**। गोंण्डा पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल के निर्देशन में जनपद गोण्डा के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज ने थाना को0 नगर व थाना को0 देहात में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना इटियाथोक में, क्षेत्राधिकारी करनैलगंज द्वारा थाना परसपुर में, क्षेत्राधिकारी मनकापुर द्वारा थाना छपिया में व प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों पर थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। जनपद के समस्त थानों से कुल-215 प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 19 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष राजस्व संबंधित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया । इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे

### कस्बे में प्रवर्तन दल की छापेमारी से मचा हडकंप





**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा**। नवाबगंज कस्बे में अयोध्या नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा शनिवार को छापेमारी की गई जिससे कस्बे के व्यापारियों में हडकंप मचा रहा। व्यापारियों के द्वारा छापेमारी की सूचना नगरपालिका अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र सिंह को दी गई जिसके बाद प्रवर्तन दल को बैरंग वापस लौटना पड़ा। शनिवार को कस्बे के गांधी चौक पर स्थित दुकानों पर पालीथीन के प्रयोग और कस्बे की ही किसी फर्म द्वारा अयोध्या जनपद में पालीथीन की सप्लाई की सूचना मिलने पर अयोध्या नगर निगम एंव प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। इस दौरान उपजिलाधिकारी तरबगंज भारत भार्गव, क्षेत्राधिकारी तरबगंज संजय तलवार और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। अचानक हुई इस छापेमारी से व्यापरियों में हडकंप मचा रहा। व्यापारियों ने इस छापेमारी की सूचना नगरपालिका अध्यक्ष को दी मौके पर पालिका अध्यक्ष ने छापेमारी करने वाली टीम से बातचीत की इस दौरान व्यापारियों और प्रवर्तन दल के मध्य लगभग आधे घंटे तक तनाव की स्थिति बनी रही। इसके बाद प्रवर्तन दल की संयुक्त टीम को बैरंग वापस लौटना पड़ा।पालिका अध्यक्ष ने बताया कि नवाबगंज नगरपालिका क्षेत्र अयोध्या नगर निगम के अंतर्गत नहीं है इसलिए टीम को बातचीत के बाद वापस जाना पड़ा है साथ ही एक दुकान पर बैन पालीथीन मिलने पर नियमानुसार कारवाई नवाबगंज नगरपालिका की तरफ से की गई है।

# उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने किया ताबड़तोड़ निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा**। शनिवार को उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा (राज्यमंत्री स्तर) ने जनपद में किया निरीक्षण। इसके बाद उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। उनका आगमन शुक्रवार को ही जनपद में हो गया था। रात्रि विश्राम के बाद शनिवार को उन्होंने निरीक्षण किया। अपने निरीक्षणों व बैठकों में डा. शर्मा ने कहा कि बाल संरक्षण किसी एक विभाग या अधिकारी का दायित्व नहीं है, वरन यह सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह भी बाल संरक्षण को लेकर सजग रहें। अध्यक्ष डा. शर्मा ने सर्वप्रथम जिला कारागार का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचन्द यादव से कहा कि कारागार में महिलाओं के साथ रह रहे बच्चों के लिए वे अपने स्तर से झूले की व्यवस्था करायें। इसके बाद पोर्टरगंज स्थित बालगृह शिशु व विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षिकों को निर्देश दिये कि बच्चों की खान पान व स्वास्थ्य, शिक्षा के प्रति कोई लापरवाही न बरती जाय। आयोग के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा ने फोरविसगंज स्थित बालगृह बालिका व बालगृह बालक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि संस्था में रहने वाले बच्चों को अपने बच्चों की तरह लाड और प्यार दें तथा उनके साथ भी अपने बच्चों की तरह से बर्ताव करें। इसके बाद उन्होंने जिला चिकित्सालय की स्थिति का जायजा लिया। यहां पर उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में आने वाले समस्त मरीजों को बेहरत स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करायी जाय। साथ ही बच्चों के मामलों में चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी पूरे मनोयोग से उनकी समस्याओं को जाने, उसके बाद आवश्यक उपचार व दवाएं दी जायं। इसके बाद यहीं जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित वन स्टाप सेंटर का भी निरीक्षण किया। यहां उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जो भी महिलाएं व बालिकाएं यहां संरक्षित की जाती है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाय। निरीक्षणों के इसी क्रम में अध्यक्ष ने प्राथमिक विद्यालय इटियाथोक प्रथम, आंगनबाड़ी केन्द्र इटियाथोक व कस्तूरबा इटियाथोक का भी निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केन्द्र पर उन्होंने अन्नप्रासन भी कराया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा व मनोज उपाध्याय मौजूद रहे।

**विद्यालयों में करायें अभिभावकों की बैठक-अध्यक्षः** जनपद के निरीक्षण के दौरान दोपहर बाद उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा राज्यमंत्री स्तर ने बाल संरक्षण को लेकर जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक की उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में अभिभावकों के साथ बैठक करायें और उक्त बैठकों में अधिकारियों को मुख्य अतिथि बनवाया जाय। उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड व सामान्य, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, बालगृह शिशु विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, बालगृह (बालिका), बालगृह (बालक), चाइल्ड लाइन (कोलैब व रेलवे), स्ट्रीट चिल्ड्रेन, बाल विवाह, बालश्रम उन्मूलन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट चन्द्रशेखर, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचन्द यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बबिता वर्मा, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव व सदस्य रामकृपाल शुक्ला, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी जयप्रकाश यादव, चाइड लाइन कोलैब के अतुल पाण्डेय व रेलवे के देवीदयाल तिवारी मौजूद रहे।

## समापन हुआ शिवालय परिवार का 23वां सावन महोत्सव



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। शिवालय परिवार का तीन दिवसीय महाराज काशी राय व महाराज शिव राय सावन जन्मोत्सव हर हर महादेव के जयकारों के साथ संपन्न हुआ इस शुभ अवसर पर ॐ शिवालय परिवार के मुख्य महंत श्री गणेश राय दास जी से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा 23वे सावन महोत्सव का शुभारंभ शिव शांति आश्रम के पूज्य संत हरीश लाल जी के आगमन के आगमन द्वारा हुआ, उत्सव में निरंतर ओम नमः शिवाय अखंड धूनी का जाप हुआ उसके उपरांत पुरोहित प्रांजल त्रिवेदी द्वारा हवन पूजन का कार्य संपन्न हुआ उसके उपरांत पूज्य महंत महाराज राम दास जी के सानिध्य में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें तुलसीदास व रोशन लाल जी के भजनों ने सबको भक्ति भाव से निहाल कर दिया कर दिया भजनों के उपरांत साई निहाल राम ने पल्लव साहब संपूर्ण कर शिवालय परिवार की माता आशा राय जी ने सभी भक्तों को आशिर्वाद और जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर गोरखपुर के पूज्य साई रवि महाराज जी का भी आगमन हुआ , भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया

## डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा**। गोंण्डा शनिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ समिति की बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सीएचसी अधीक्षक मुजेहना ने अवगत कराया कि अभी तक उनके सीएससी पर बैम BAM ब्लॉक एकाउंट मैनेजर अतुल कुमार ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारी का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। बैठक में अवगत कराया गया कि आशाओं के रिक्त पदों पर आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, परंतु संबंधित लिपिक मनोज सिंह द्वारा पत्रावली प्रस्तुत नहीं की जा रही है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित लिपिक को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि जनपद के 23 आशाओं को बार-बार पत्राचार करने के बाद भी संबंधित आशाओं द्वारा अपने में कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनकी सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को कार्यक्रमों के लिए आने वाले बजट को समय से खर्च करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि यदि किसी कार्यक्रम हेतु आवंटित बजट को खर्च नहीं किया गया तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

# समाधान दिवस में हुआ 19 मामलों का निपटारा





**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा**। शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी तरबगंज भारत भार्गव और क्षेत्राधिकारी तरबगंज संजय तलवार ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये फरियादियों की फरियाद सुनी और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिया। समाधान दिवस में आयुक्त और डीआईजी के आने की सूचना भी मिली थी लेकिन किसी कारण वश दोनों उच्च अधिकारी नहीं पंहुच सके। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि समाधान दिवस में 18 नये मामले आये जिनके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है साथ ही पुराने 19 मामलों का निस्तारण किया गया है। अधिकतर मामले राजस्व से संबंधित थे। इस दौरान राजस्व निरीक्षक परशुराम मिश्रा, लेखपाल कृष्णा कुमारी, ओमप्रकाश वर्मा, स्वतंत्र शुक्ला, हीरामणी मिश्रा, दुर्गावती, संध्या शुक्ला, राम प्रकाश पांडे, विनीत कुमार, आलोक श्रीवास्तव, जोखन प्रसाद, राम लल्लन मौजूद रहे ।

### मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने जन्मभूमि पथ से रामपथ तक का किया भौतिक निरीक्षण

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत राम पथ (श्रृंगार हाट) से हनुमानगढ़ी होते हुए जन्मभूमि पथ से रामपथ तक का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उक्त अधिकारियों द्वारा हनुमानगढ़ी व श्री राम जन्मभूमि मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों के जूता/चप्पल व अन्य सामग्रियों को रखने व दर्शन के उपरांत सुगमता से उसे पुनः प्राप्त करने, प्रसाद खरीदने तथा आवागमन की सुचारू सुविधा उपलब्ध कराने आदि की उच्च स्तरीय सुविधाएं विकसित करने के संबंध में उक्त स्थलों का निरीक्षण किया गया।

### प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता का सांसद ने किया शुभारंभ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता का भाजपा के सांसद लल्लू सिंह किया शुभारंभ, सांसद लल्लू सिंह का संघ के अध्यक्ष राजीव मदान, सचिव अनूप दुबे, सह सचिव किशन सावंत व सदस्य अमरजीत काका ने बुके देकर स्वागत किया, इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि जो नौजवान खिलाड़ी अप स्टेट से अयोध्या खेलने के लिए आए हैं मैं उनका स्वागत और अभिनंदन करता हूं, जो खिलाड़ी अयोध्या से जीत कर जाएगा वह खिलाड़ी ऑल ओवर इंडिया में शामिल होगा हम उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं, वहीं संघ के अध्यक्ष राजीव मदान ने कहा कि प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ सांसद लल्लू सिंह के द्वारा किया गया है प्रतियोगिता में 15 साल से 17 वर्ष के खिलाड़ी प्रतिभा कर रहे हैं तीन दिवसीय प्रतीक्षा आज से शुरू होकर 28 अगस्त को इसका समापन होगा, आए हुए खिलाड़ियों के लिए उनके रहने खाने पीने की व्यवस्था हमारे संग की तरफ से की गई है उन्हें किसी चीज की कमी ना हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है, प्रतियोगिता में करीब 206 लड़के व 78 लड़कियां प्रतिभा कर रही हैं, प्रतियोगिता ढाबा सिमर स्टेडियम में आज से शुरू हुई है इसकी समाप्ति 28 अगस्त को होगी।

### भाकियू ने उपखंड अधिकारी विद्युत कार्यालय का किया घेराव

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर**। विद्युत आपूर्ति प्रतिदिन 18 घंटे लगातार किए जाने, निजी नलकूपों पर मीटर ना लगने, 20,000 से कम विद्युत बिल बकायेदारों का उत्पीड़न न करने, बीकापुर में उप खण्ड अधिकारी मीटर का कार्यालय खुलवाने, खराब मीटर को अबिलंब बदलवाने, गलत ढंग से काटे गए विद्युत कनेक्शन को अभिलंब जुड़वाने, मीटर की खराबी से आ रहे गलत बिलों को ठीक करने आदि मांग को लेकर उपखंड अधिकारी विद्युत बीकापुर के कार्यालय का घेराव राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन द्वारा किया गया।उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मौर्य किसान पंचायत में बैठकर ज्ञापन की एक-एक समस्याओं पर किसान नेताओं से चर्चा करके समाधान किया उपखंड अधिकारी ने स्पष्ट किया की ट्यूबेल के बिलों के लिए कनेक्शन नहीं काटे जा रहे हैं तथा ट्यूबेलो पर मीटर नहीं लगाये जा रहे हैं और यह भी कहा कि जो मीटर गलत रीडिंग दे रहे हैं50 शुल्क जमा करके उनके बगल में दूसरा मीटर लगाकर मीटर की जांच करालेवे उसी के अनुसार विद्युत बिल लिया जाएगा भाना पत्नी मायाराम का कनेक्शन जोड़ दिया गया। विद्युत आपूर्ति 18 घंटे प्रतिदिन न होने की बात को स्वीकार करते हुए उपखंड अधिकारी ने कहा कि बेरूगंज बाजार में एक उपकेंद्र की स्थापना होने जा रही है उसके बाद बीकापुर खंड में विद्युत आपूर्ति बहुत अच्छी हो जाएगी। घेराव प्रदर्शन में घनश्याम वर्मा राष्ट्रीय सचिव, सूर्यनाथ वर्मा प्रदेश सचिव मध्यांचल, राम गणेश मौर्य जिला अध्यक्ष, भागीरथी वर्मा ,देवी प्रसाद वर्मा, चंदू भाई पटेल, गब्बर गोस्वामी, तुलसीराम गोस्वामी, मोहम्मद अयूब ,मस्तराम वर्मा, बुदिराम मौर्य, जितेंद्र कुमार, उर्मिला निषाद आदि सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पलक वूमेन एंड चाइल्ड्स डेवलपमेंट सोसाइटी ने किया संगोष्ठी का आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। पलक वूमेन एंड चाइल्ड्स डेवलपमेंट सोसाइटी के द्वारा महिला समानता दिवस 26 अगस्त पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।। कार्यक्रम को सोसाइटी की अध्यक्षा रश्मि वर्मा ने महिला सशक्तीकरण पर संबोधित किया।उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर मोर्चे पर पुरुषों को टक्कर दे रही हैं। चाहे वह देश को चलाने की बात हो या फिर घर को संभालने का मामला, यहां तक कि देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी वे बखूबी निभा रही हैं। महिलाओं ने हर जिम्मेदारी को पूरी तन्मयता से निभाया है। एक दौर था जब भारत समेत कई देशों में महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार और सम्मान नहीं मिलता था। अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए महिलाएं आवाज उठा रही हैं। हम लड़कियां किसी से कम नहीं है। उन्होंने महिलाओं के सशक्त होने से समाज के सशक्त होने की बात कही। वही रितिका वर्मा ने कहा कि एक दौर था जब भारत को कुछ लोग पुरुष प्रधान देश कहते थे, लेकिन अब समय बदल गया है।

### दान बहादुर सिंह समाजवादी शिक्षक सभा के बने जिलाध्यक्ष

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव के संस्तुति पर समाजवादी शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष के पद पर पुनः दान बहादुर सिंह को मनोनीत किया गया है एवं समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष पद पर एडवोकेट शावेज़ जाफरी का भी मनोनयन किया है इस मनोनयन पर पार्टी के सभी नेता पदाधिकारी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया ।सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव बताया की समाजवादी शिक्षक सभा के अध्यक्ष के पद पर दान बहादुर सिंह व समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष के पद पर एडवोकेट शावेज़ जाफरी की नियुक्ति से समाजवादी पार्टी को आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका फायदा मिलेगा इनके मनोनयन पर पार्टी के नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

**अनदेखी** नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गाँव स्थित प्राथमिक विद्यालय में घटी घटना

# पानी पी रहे बच्चे को दूसरे ने मारा हुआ बेहोस, शिक्षक चलाते रहे मोबाइल



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा**। नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गाँव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को पानी पी रहे एक बच्चे को दूसरे बच्चे ने मारा पीटा जिससे बच्चा बेहोश हो गया. किन्तु विद्यालय का कोई अध्यापक ना तो बच्चे के पास गया ना ही अभिभावक को ही सूचना दी.बच्चे के पिता द्वारा थाने पर तहरीर देकर शिकायत की गयीं है. थाना क्षेत्र के महंगूपुर गाँव निवासी रामशंकर शर्मा का 12 वर्षीय पुत्र शिवांश कक्षा 5 का छात्र है. शनिवार को बच्चा नल पर पानी पी रहा था. वहीं दूसरा बच्चा मस्तराम उसे हटाकर खुद पानी पीने लगा. शिवांश ने ज़ब पानी पीने के लिए कहा तो दूसरे बच्चे ने मारते हुए धकेल दिया जिससे शिवांश फर्श पर गिर गया. और चोट लगने से बेहोश हो गया. इससे बच्चों के बीच दहशत फ़ैल गयीं. बच्चो ने अध्यापको को सूचना दी मगर कोई देखने तक नहीं गया. विद्यालय के सामने का एक बच्चा अपनी दादी को बुलाकर लाया तब उस बच्चे को उठाते हुए उन्होंने बच्चे के पिता को सूचित किया.मौके पर पहुंचे पिता द्वारा पूँछताछ की गयीं तो विद्यालय परिवार की घोर लापरवाही सामने आयी. पिता ने इसकी शिकायत थाने पर की.थाने से गए आरक्षियों ने पूछताछ की. किन्तु पुलिस के पहुंचने पर कुछ शिक्षक नाराज हो गए. शिक्षक शिवशंकर, मालिकराम व श्रीचंद पाण्डेय पुलिस की मौजूदगी में ही पीड़ित पिता से झगड़ा करने को आमादा हो गए.पुलिस ने शिक्षक के इस व्यवहार पर फटकार लगाते हुए शांत कराया.उधर सिर में आयी चोट से बेहोस हुए बच्चे के मेडिकल के लिए पिता द्वारा थाना प्रभारी से मांग की गयीं किन्तु उन्होंने बच्चे का मामला बताकर मेडिकल कराने से मना कर दिया. पुलिस अधीक्षक को सूचित करने के बाद भी ना तो बच्चे का मेडिकल कराया गया. न विद्यालय के शिक्षकों पर ही कोई कार्यवाही की गयीं.

**मनमाना है विद्यालय का रवैयाः** स्थानीय लोगो ने बताया की विद्यालय में किसी भी प्रकार का अनुशासन नहीं है. शिक्षक मोबाइल फोन में विजी रहते हैं.बच्चे पढ़ाई के समय भी बाहर घूमते रहते हैं किन्तु कोई शिक्षक इसपर ध्यान नहीं देता जबकि विद्यालय ढेमवा हाइवे मार्ग पर स्थित है. वाहनों से दुर्घटना का भय बना रहता है. वहीं शिकायत के बाद भी शिक्षक अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय अभिभावक से उलझने लगते हैं.इसलिए कोई कुछ नहीं न कहता.

### विभिन्न कार्यो सहित राम स्तम्भ, आकर्षक प्रवेश द्वारों, भित्ति चित्रों आदि के लिए चयनित स्थलों का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने राम पथ को आकर्षक बनाने की दृष्टि से कराये जाने वाले विभिन्न कार्यो यथा-स्मार्ट स्ट्रीट लाईट के पोलो, राम स्तम्भ, आकर्षक प्रवेश द्वारों, भित्ति चित्रों आदि के लिए चयनित स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अयोध्या में विभिन्न पथों को मिलाकर लगभग 25 राम स्तम्भ स्थापित किये जाने की योजना है। इन राम स्तंभों को इस प्रकार आकर्षक ढंग से डिजाइन किया गया है,कि ये भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या मे प्रवेश का अहसास करायेंगे।ये स्तंभ लगभग 6 मीटर ऊंचे होंगे तथा जिनकी परिधि 5 फिट की होगी। फाइवर पैनल से बनने वाले स्तम्भों का सौन्दर्यीकरण स्टेलनेस स्टील से किया जायेगा। इसी के साथ स्तम्भों को आकर्षक बनाने के लिए शीर्ष पर 10 मिमी0 ग्लास लाइट लगायी जायेगी। स्तम्भों के शीर्ष की डिजाइन सूर्य की ऊर्जा की भांति तैयार किया गया है जो एक चक्र के जैसा है।

# अवैध कब्जा करने वालों पर दर्ज हो मुकदमा- मण्डलायुक्त



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा**। गोण्डा देवीपाटन मंडल के मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने वजीरगंज थाने में पहुंचकर थाना दिवस में आये लोगों की समस्याओं को एक-एक करके सुना। इस दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, अवैध कब्जा, सार्वजनिक भूमि, तालाब, चकमार्ग, रास्ता सम्बन्धी आदि विवादों से सम्बन्धित समस्याओं को मण्डलायुक्त के सामने रखा। मण्डलायुक्त ने सभी समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने उप जिलाधिकारी, थाना प्रभारी को राजस्व निरीक्षक व लेखपाल की टीम भेज कर प्रभावी ढंग से निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि अन्य छोटे मामलों को भी समय से निपटाया जाए। मण्डलायुक्त ने कहा जहां जहां भी अवैध कब्जा है और कब्जेदार स्वयं कब्जा नहीं हटाते हैं तो उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए। थानाध्यक्ष को मंडलायुक्त द्वारा कहा गया कि थाना दिवस में इस प्रकार का वातावरण बनाया जाए कि सभी लोग बिना किसी भय के थाना दिवस में अपनी शिकायत दर्ज करा सके। उन्होंने लोगों से अपील करते हुये कहा कि लोग बिना भय के थाना दिवस में शिकायत करें। सभी अधिकारी समस्या के निराकरण हेतु हर समय मौजूद है। इसके अलावा उन्होंने पुलिस को क्षेत्र में नियमित निगरानी कर अपराधों पर रोक लगाने के निर्देश दिये।

# अभाविप ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का किया पुतला दहन



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जादवपुर विश्वविद्यालय में नाबालिग छात्र स्वप्नदीप कुंडू की रैगिंग व मृत्यु मामले में पश्चिम बंगाल सरकार व जादवपुर विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय मंत्री बिराज विश्वास सहित 100 से अधिक अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दक्षिण बंग प्रांत इकाई द्वारा आयोजित 'चलो जादवपुर' प्रदर्शन के माध्यम से न्याय की मांग कर रहे अभाविप कार्यकर्ताओं के साथ पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा अत्यंत बर्बरतापूर्वक व्यवहार किया गया। इस प्रदर्शन में शामिल छात्राओं को पुरुष पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया व दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें बलपूर्वक घसीट कर पुलिस गाड़ी में डाला गया। आंदोलन के समय एक भी महिला पुलिस उपस्थित नहीं थी। उल्लेखनीय है कि जादवपुर विश्वविद्यालय में बीए में अध्ययनरत नाबालिग छात्र स्वप्नदीप कुंडू के साथ रैगिंग,यौन दुर्व्यवहार की घटना के बाद हॉस्टल की बालकनी से गीर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी मौत अस्पताल में हो गई। इस घटना ने पश्चिम बंगाल में छात्रों के लिए भय व्याप्त वातावरण को पुनः उजागर कर दिया है। पश्चिम बंगाल की जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग की जघन्य घटना अत्यंत जघन्य कृत्य है। हमारे शैक्षणिक संस्थान छात्रों के लिए सुरक्षित होने चाहिए, न कि उन्हें अपराधियों का अड्डा बनाया जाए। जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता स्वप्नदीप कुंडू के लिए न्याय की मांग कर रहे थे,तो पुलिस ने उनके साथ अत्यंत बर्बरतापूर्वक व्यवहार किया गया। छात्राओं के साथ पुरुष पुलिस ने दुर्व्यवहार किया। महिलाओं के लिए पश्चिम बंगाल असुरक्षित होता जा रहा है, पश्चिम बंगाल सरकार केवल सरकार की विफलताओं की आलोचना करने वालों को गिरफ्तार करने व पुलिसिया दमन में व्यस्त है। इसलिए लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन के दौरान ममता बनर्जी सरकार ने अभाविप का कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। इसके विरोध में शनिवार को ममता बनर्जी का जामताड़ा जिला में पुतला दहन किया गया । मौके पर जिला संयोजक आकाश साव, जिला सहसंयोजक चंदन रजक, नगर मंत्री राज सोनकर, नगर सह मंत्री सोनू रावत, कॉलेज अध्यक्ष प्रकाश यादव, नीरज कुमार, भुवनेश्वर रावत, अजीत दास, आकाश पंडे, अमित मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खास ख़बर

### मधुपुर आरपीएफ ने ट्रेन में यात्री का छूटा हुआ बैग बरामद कर रेल यात्री को सौंपा



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** गोड्डा रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहे एक रेल यात्री का हजारों नगदी रुपए एवं अन्य सामान भरा बैग बरामद कर आरपीएफ ने रेल यात्री को सौंप दिया । आरपीएफ ने बताया कि रेल यात्री वकार अहमद गोड्डा से बोकारो स्टील सिटी स्टेशन जाने के लिए ट्रेन में एस 7- 33 में सवार थे । सफर के दौरान उनका बैग ट्रेन में छूट गया था। सूचना पर आरपीएफ मधुपुर ने उनके बैग बरामद किया है । बैग में आधार कार्ड,मोबाइल चार्जर, एटीएम, 2500 सौ नगद समेत अन्य और सामान था । सूचना पर रेल यात्री मधुपुर पहुंचा | आरपीएफ ने सभी कानूनी औपचारिकता पूरी करते हुए बैग रेल यात्री को सौंप दिया ।

### 27 अगस्त से 30 सितंबर तक जदयु चलें गाँव की ओर अभियान चलाया जाएगा- सुनील राय



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी , नाला (जामताड़ा)।** 27 अगस्त से 30 सितंबर तक जदयु चलें गाँव की ओर अभियान चलाया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए जदयू जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राय ने कहा कि प्रदेश जनतादल यूनाइटेड प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार आगामी 27 अगस्त से 30 सितंबर तक जनता दल युनाइटेड पार्टी के जिला एवं प्रखंड के सभी कार्यकर्ता द्वारा जदयु चले गाँव की ओर अभियान चलाया जाएगा।

### मधुपुर पुलिस ने अलग-अलग मामले के दो आरोपियों को गिरफ़्तार कर भेजा जेल

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** मधुपुर पुलिस ने अलग-अलग मामले के दो वारंटी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मारपीट मामले में फरार वारंटी बड़ा नारायणपुर गांव निवासी मंसुर अंसारी को गिरफ्तार किया गया । जबकि दूसरा मामला महिला प्रताड़ित वारंटी को शहर के चांदमारी मोहल्ले से जमील अख्तर को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने बताया कि दोनों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था । इसी के आलोक में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।

### आरपीएफ ने दुसरे शहर जा रहे दो किशोर को मधुपुर प्लैटफार्म से बरामद कर चाइल्ड लाइन को सोंपा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** परिजनों के डांट से क्षुब्द होकर घर से भाग कर दूसरे शहर जा रहे दो किशोर को मधुपुर आरपीएफ ने बरामद कर चाइल्ड हेल्पलाइन देवघर को सौंप दिया । आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि मधुपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर शुक्रवार की रात दो नाबालिक बच्चे अकेले घूम रहे थे । ड्यूटी पर तैनात एएसआइ नरेंद्र सिंह को शक हुआ । उन्होंने दोनों बच्चे को बुलाकर पूछताछ किया | पूछताछ के क्रम में दोनों बच्चों ने आरपीएफ को बताया कि वह भटक कर मधुपुर चले आए हैं । बच्चों ने वास्तविक बात को छुपा के रखा । बताया कि दोनों बच्चे पश्चिम बंगाल के आसनसोल नॉर्थ थाना क्षेत्र के शेर तालाब मोहल्ले के रहने वाले हैं । दोनों एक ही मोहल्ले के अगल-बगल के रहने वाले हैं । बच्चों की बरामदगी की सूचना देवघर जिले के चाइल्ड हेल्पलाइनके अधिकारी को दी गई। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन का अधिकारी आए एवं कानुनी औपचारिकता पूरा करते हुए आरपीएफ ने दोनों बच्चे को चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंप दिया और इसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को दे दी।

# राहुल सत्यम ने आईसीएसआई फाइनल में क्वालीफाई कर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी , नाला ( जामताड़ा)।** जामताड़ा जिला के नाला प्रखंड अंतर्गत कुलडंगाल गांव के स्थानीय निवासी धरतीपुत्र राहुल सत्यम ने इंस्टीट्यूट आफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ़ इंडिया के फाइनल परीक्षा में क्वालीफाई करके समाज गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मालूम हो कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के इस युवक की महान आकांक्षा ने रंग दिखाई है,वे अपने विपरीत परिस्थिति में भी इन्होंने यह मुकाम हासिल कर न केवल गांव घर बल्कि पूरे राज्य का ही नाम रोशन किया है, इतना ही नहीं यह भावी शिक्षित युवा वर्ग समाज के लिए भी एक प्रेरणा स्त्रोत बना है। राहुल सत्यम के बारे में बताया जाता है कि यह एक ऐसा परिवार है ,हमारे क्षेत्र में जिसने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने की सोची, उस पर कड़ी मेहनत की और समाज गांव तथा क्षेत्र के शिक्षा स्तर को एक नई दिशा दिया। गांव के इसी परिवार से नारद वरण झा आते हैं जो कि स्वयं एक सेवा निवृत शिक्षक एक बहुत ही प्रतिष्ठित और सम्मानित व्यक्ति हैं । उनके परिवार में सभी बच्चे होनहार और कामयाब है।श्री झा के बड़े बेटे तपन कुमार झा उच्च विद्यालय के शिक्षक व्यवसायिक और समाजसेवी हैं, बाकी तीन पुत्रों में दिलीप कुमार झा केमिस्ट्री ऑनर्स फर्स्ट क्लास ग्रेजुएट साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट और कंपनी सेक्रेटरी हैं। दिलीप झा एक बहु प्रतिभा के मालिक बहुमुखी व्यक्तित्व के स्वामी, वर्तमान में अदानी ग्रुप में वरिष्ठ उपाध्यक्ष फाइनेंस के पद पर कार्यरत हैं। दिलीप झा अपने आप में एक इंस्टीट्यूशन हैं, इनके तृतीय सुपुत्र गोपीनाथ झा डिप्लोमा इंजीनियर है और वर्तमान में एक सफल व्यवसायी, उनके कनिष्ठ सुपुत्र दिनेश प्रसाद झा चार्टर्ड अकाउंटेंट है मात्र 29 वर्ष की उम्र में ये सीए बन गए थे। जो कि आज भी एक मिसाल है। वर्तमान में टाटा समूह में उच्च पद पर कार्यरत है तथा जोहान्सबर्ग साउथ अफ्रीका में रहते हैं।परिवार की परंपरा को आगे बढ़ते हुए तपन कुमार झा और मनोरमा झा के सुपुत्र राहुल सत्यम ने दी इंस्टीट्यूट आफ कंपनी सेक्रेट्री आफ इंडिया (ICSI), के फाइनल परीक्षा में क्वालीफाई करके समाज गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मालूम हो कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों में यह एक प्रतिष्ठित पद है जिन्हें द कंप्लायंस ऑफीसर के रूप में जाना जाता है। सीएस पद नाम विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है और कॉर्पोरेट प्रबंधन एवं प्रशासन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राहुल सत्यम ने दसवीं सनरेज हाई स्कूल से की है। जहां स्कूल टॉपर के साथ-साथ जिला टॉपर भी रह चुके हैं। वर्तमान में कोलकाता विश्वविद्यालय से कानून की भी पढ़ाई कर रहे हैं ,आगे ज्यूडिशरी सर्विस में सफलता हासिल कर परिवार समाज और देश के लिए कुछ करने की अभिलाषा है। एक साक्षात्कार में राहुल सत्यम ने कहा कि उनका विश्वास है कि सही दिशा में निरंतर मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है लेकिन सबसे ज्यादा आपके गुरुजनों का मार्गदर्शन आपके परिवार वालों का प्यार और उनकी दुआ आपको सफल बनाती है। राहुल का कहना है कि मैं अपने गुरु मोहित अग्रवाल सर को नमन करता हूं ,उन्होंने मेरे जीवन को लक्ष्य दिया है, मेरे परिवार में हर किसी ने मुझे हर घड़ी प्रोत्साहन दिया है लेकिन एक इंसान जिन्हें मैं इस सफलता का श्रेय देना चाहता हूं वह है मेरे दादाजी नीरद वरण झा। यह मेरे प्रेरणा हैं । मालूम हो कि राहुल सत्यम के इस उपलब्धि को लेकर क्षेत्र में परिजनों में खासा उत्साह का माहौल है। इस उपलब्धि को लेकर दीनबंधु दास, अजीत पाल, जितेंद्र नाथ ठाकुर ,भोलानाथ पाल, मुरलीधर झा, आनंद मोहन माजी, शक्तिपद पाल, लाल्टू दास ,मिथुन झा आदि सबों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी सभागार में यक्ष्मा मरीजों के मध्य फुड पैकेट वितरण कार्यक्रम का हुआ समापन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी सभागार में शनिवार को 25 यक्ष्मा मरीजों के बीच 6 माह तक फूड पैकेट वितरण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आशीष अग्रवाल व विशिष्ठ अतिथि के रूप में अनुमंडल उपाधीक्षक डॉ मो. शाहिद मौजूद थे। समापन समारोह में श्री अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार रेड क्रॉस लगतार अच्छा कार्य करते आ रही है, जिसके लिये वो प्रसंसा के पात्र है। उन्होंने सभी को आगे भी इस रफ्तार को बनाये रखने की बात कही है। वही अनुमंडल उपाधीक्षक मो. शाहिद ने कहा कि जिस प्रकार आप सभी ने 6 माह तक मरीजों को खाद्य सामग्री वितरित किया है। बहुत ही सराहनीय कार्य है। हमारा अनुरोध रहेगा कि आगे भी रेड क्रॉस इसको जारी रखें। विदित हो कि विश्व यक्ष्मा दिवस पर रेड क्रॉस सोसायटी मधुपुर के 25 आजीवन सदस्यों के द्वारा 6 माह तक गोद लिये यक्ष्मा मरीजों के बीच खाद्य सामग्री वितरित करते आ रही थी। मौके पर सचिव महेंद्र घोष ने कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्यों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने मरीजों को गोद लेने का बीड़ा उठाया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम के संयोजक रामसेवक पासवान व सह संयोजक दीपक मिश्रा की भूमिका बहुत ही सराहनीय रही। मंच संचालन का कार्य प्रदीप राज ने किया। मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष हेमंत नारायण सिंह, विभाग के डीपीसी कुमार मृगेंद्र, ब्रज नारायण झा, अरविंद कुमार, सुबल प्रसाद सिंह, अस्तानंद झा, फैयाज कैशर, कन्हैया लाल कन्नू, पवन डालमिया, एस के सिंह, शाहिद अल्मी, सुल्तान अहमद, सरोज शर्मा, शबीला अंजुम, मुमताज, ऐनुल होदा, अजय पाठक, करण कुमार, विवेक कुमार शाह, प्रशांत कुमार राव, सुधीर कुमार, सहित सोसायटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### स्कूली शिक्षा ज्ञानवर्धक के साथ बच्चों का मनोरंजन भी होगा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता , मधुपुर/देवघर।** मधुपुर शहर के कार्मेल स्कूल में शनिवार को बैग लेस डे प्रारंभ किया गया । मौके पर स्कूल की प्राचार्या सिस्टर पुष्पा ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को एक दिन शनिवार को वास्तो के बैग भोज से मुक्ति दिया जाएगा | प्रत्येक शनिवार को स्कूल में बैगलेस डे कार्यक्रम आयोजन करके विद्यार्थियों की उम्र की महत्ता, सामूहिक कार्य,एक दूसरे को आदर करना, साफ सफाई के साथ-साथ योग, खेलकूद कला शिक्षा आदि का ज्ञान दिया जाएगा | इससे बच्चों को स्कूल आने के प्रति रुचि बढ़ेगी । स्कूली शिक्षा ज्ञानवर्धक के साथ-साथ बच्चों का मनोरंजन भी होगा । मौके पर उसके लिए छात्राओं में अपने कला का प्रदर्शन किया । मौके पर बच्चों ने पेंटिंग क्राफ्ट राखी का निर्माण किया | बच्चों के बीच अभिभावक आकर साफ सफाई आदि विषयों परअपना ज्ञान दिए |मौके पर आदित्य लक्ष्मीरामका, श्वेता लक्ष्मीरामका, आसीफा सुलताना, शिक्षक प्रमोद कुमार पांडे, साहिस्ता, प्रिसिलता, इन्दू, रिफा, संगीता, बबलू, तोमसी, निखत, निमा, श्वेता आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे ।

### मधुस्थली विद्यापीठ में दो दिवसीय रीजनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ समापन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** मधुपुर मधुस्थली विद्यापीठ परिसर में दो दिवसीय एएसआईएससी रीजनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ 25 अगस्त को किया गया, जिसका समापन शनिवार को सम्पन्न हुआ |प्रतियोगिता में तीन जोन जमशेदपुर, धनबाद और देवघर के खिलाड़ियों के साथ मधुस्थली विद्यापीठ, संत फ्रांसिस स्कूल के 99 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिनमें 56 खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक , 29 खिलाड़ियों को रजत पदक एवं 2 खिलाड़ियों को कांस्य पदक प्रदान किया गया। खेलगांव रॉची के सदस्य संजय शर्मा, टूर्नामेंट डायरेक्टर गोपाल कुमार, चीफ रेफरी अमर बाउरी एवं प्राचार्य बितान विश्वास ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किया | रीजनल चैंपियनशिप का विजेता जमशेदपुर जोन तथा उपविजेता देवघर जोन रहा |मौके पर विद्यापीठ के प्रशासनिक पदाधिकारी ए. थॉमसन, सीनियर कोऑर्डिनेटर राजेश साहनी, मधुस्थली शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के ओएसडी निलेश कुमार समेत विद्यापीठ के सभी शिक्षक- शिक्षिका और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक | व्यवहार न्यायालय परिसर में 9 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर शनिवार 26 जुलाई को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में बैठक किया गया। उपायुक्त द्वारा बताया गया की व्यवहार न्यायालय परिसर में 9 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयेजन किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। साथ ही बताया कि वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है, वाद सुलहनीय है, या प्रीलिटिगेशन मामले हो, वे भी अपने-अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। इस दौरान उपायुक्त ने लोगों से अपील किया कि लोग मामले के निष्पादन के लिए अधिक से अधिक लोग व्यवहार न्यायालय अवश्य पहुंचे। न्यायालय में चल रहे लंबित मामाले का जल्द से जल्द निष्पादन कराएं। अतः सक्षम, निःशुल्क और सुलभ न्याय के लिए लोग अपने वादों को समाप्त करने हेतु न्यायालय में अवश्य पहुंचे। मौके पर अपर समाहर्ता सुरेंद्र कुमार, डीएलएसए सचिव अभिनव, जिला परिवहन पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा मनोज कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी विधासागर, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

# जामताड़ा ग्रामीण भाजपा मंडल के सक्रिय कार्यकर्तागण के साथ समीक्षा बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** शनिवार को संकल्प यात्रा के निमित्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का 27 अगस्त को जामताड़ा विधानसभा के पबिया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में प्रस्तावित जनसभा को सफल बनाने को लेकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र मंडल के नेतृत्व में समाज कल्याण समिति जामताड़ा कार्यालय परिसर में जामताड़ा ग्रामीण भाजपा मंडल के सक्रिय कार्यकर्तागण के साथ समीक्षा बैठक किया गया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीरेंद्र मंडल के नेतृत्व में जामताड़ा विधानसभा में आयोजित होने वाले विशाल जनसभा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए लगातार सभी मंडलों में बैठक की जा रही है और उसके उपरांत तैयारी का जायजा लेने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीरेंद्र मंडल ने कहा कि प्रदेश निर्देशानुसार संकल्प यात्रा के निमित्त जन जन के नेता विकास पुरुष झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में जामताड़ा विधानसभा अंतर्गत पबिया के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन होने जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से जनसभा की तैयारी को लेकर सभी मंडलों में लगातार बैठक की जा रही है। इन बैठकों के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि इस विशाल जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ताबंधु ,आमजन, प्रबुद्धजन जनसभा में उपस्थित होकर इस जनसभा के ऐतिहासिक होने के साक्षी बनेंगे। विशेष कर संकल्प यात्रा के निमित्त जामताड़ा में आयोजित होने वाले जनसभा को लेकर आदिवासी भाई बहनों के द्वारा विशेष तैयारी की गई है। सभी आदिवासी भाई बहन ढोल नगाड़े पारंपरिक रूप से सज धज कर बाबूलाल मरांडी का स्वागत करेंगें और हजारों की संख्या जनसभा स्थल पर पहुंच कर विशाल जनसभा को ऐतिहासिक बनाएंगे। कार्यक्रम संयोजक सह जामताड़ा विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र मंडल ने सभी जामताड़ा वासीयों से अपील करते हुए कहा की सेवा सुशासन और जनकल्याण हेतु संकल्प यात्रा के निमित्त जामताड़ा विधानसभा के पबिया में आयोजित ऐतिहासिक जनसभा में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस बैठक की अध्यक्षता जामताड़ा ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष रणजीत राणा ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से निर्मल सोरेन,बालदेव हांसदा,सुकुमार मंडल,काजल मंडल,राजू पंडित,मनिक प्रसनजीत मंडल,अमित दा, दारा सिंह टुडू, नरेंद्र मरांडी ,सुरेंद्र हांसदा, कालीपद हांसदा, महेश्वर सोरेन, राजेश मुर्मू ,शिवलाल टुडू, रविंद्र टुडू ,शिवधन टुडू ,आनंद महतो सहित तमाम सक्रिय कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### एक शराबी तथा एक वारंटी गिरफ्तार

**बड़हरिया/सिवान/ संवाददाता**। बड़हरिया थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। विदित हो एस आई दुर्गा कुमारी ने कोइरीगावां पंचायत के जोगी टोला से छापेमारी कर नशे की हालत में उस्मान मियां के पुत्र मोहम्मद रफीक शाह को गिरफ्तार किया गया। वहीं पूर्व से फरार चल रहे मुसेहरी निवासी रामचंद्र महतो के पुत्र मुकेश कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए एएसआई शशि भूषण सिंह ने गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि दोनों गिरफ्तार व्यक्तियों को जेल भेज दिया गया।

### मैरवा रामपुर बुजुर्ग मार्ग के गड्ढे में तब्दील होने से आक्रोश

**मैरवा सिवान संवाददाता**। मैरवा रामपुर बुजुर्ग मार्ग के गड्ढे में तब्दील होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त हो चला है। बताते चलें कि मैरवा से उत्तर प्रदेश को मिलने वाली सड़क पूर्ण रूप से गड्ढे में तब्दील है। वहीं पिछले एक सप्ताह से हो रही लगातार बारिश के कारण यह सडक और भी खतरनाक हो गई है। स्थानीय लोग कह रहे है कि बारिश के कारण इस मुख्य सड़क की दुर्दशा देखते ही बनती है ।बताते चलें कि मैरवा से लेकर रामपुर बुजुर्ग तक लगभग 3 किलोमीटर की यह सड़क गड्ढे में तब्दील है। जिस पर जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। वहीं मुख्य मार्ग पर रोजाना हजारों की संख्या में छोटी बड़ी बहन गुजरती हैं। जो इन गड्ढों के कारण लगातार पंचर होते तथा दुर्घटनाग्रस्त होते हुए देखी जा रही है। जिसको लेकर आने जाने वाले राहगीरों को अक्सर गाली देते हुए देखा जा रहा है। वहीं बगल रामपुर बुजुर्ग सलेमपुर मार्ग के चमकते हुए सड़क की चर्चा भी हो रही है।

### डीपीएस केंद्र पर वीक्षको को दिया 19 सौ के बदले 12 सौ

**सीवान संवाददाता**। बीपीएससी शिक्षक बहाली परीक्षा में वीक्षक के रुप में लगे शिक्षकों को लगातार 2 दिन ड्यूटी करा कर 1900 रुपए के बदले 1200 रुपए देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो कागज में लिखे 1900 और इसके बदले 1200 दिए जाने का विरोध कर रहे शिक्षकों के साथ हाथापाई की नौबत भी आ गई । लेकिन फिर भी मिला 12सौ। शिक्षकों तथा सीएस में जमकर झड़प की बात सामने आई है। जिसको लेकर भीषण ड्यूटी कार्य में लगे शिक्षकों में नाराजगी व्याप्त है जो लोग उच्च अधिकारियों से इस बात की शिकायत करने की बात कहते नजर आ रहे हैं। वही वीक्षकों द्वारा इस मामले में वीडियो बनाकर वायरल भी किया गया है। जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### दो माह से सिवान के शिक्षकों को नहीं मिल पाया वेतन

**सिवान संवाददाता** । सिवान जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों के नियोजित शिक्षकों को जुलाई तथा अगस्त का वेतन नहीं मिल पाया है। जिसको लेकर पिछले दो महीने से शिक्षकों में त्राहि-त्राहि का माहौल है। बताते चलें कि एक तरफ शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के द्वारा सुबह 9:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक शिक्षकों को लगातार पढ़ाने के लिए रोजाना दर्जनों जांच हर विद्यालय में किया जा रहा है ।वहीं दूसरे तरफ सीवान में शिक्षकों को वेतन नहीं मिलने से शिक्षक भुखमरी के कगार पर हैं। जिसको लेकर चर्चा का माहौल गर्म हो चला है। बताते चलें कि पिछले 2 महीना से वेतन नहीं मिलने से प्रत्येक शिक्षक के बच्चों के पढ़ाई का पैसा, दूध का पैसा, भोजन राशन का पैसा समेत अन्य पैसे के दुकानदारों में गर्मी आ गई है। जो अब उधार नहीं दे रहे। वेतन नहीं मिलने से सभी शिक्षक भुखमरी के कगार पर है ।अब राशन वाला उधार में राशन भी देने को तैयार नहीं है।

### प्रवीण बुलबुल का भोला दरवार बेजोड़ बा.. भजन ने मचाया धमाल

**सिवान संवाददाता**। सिवान जिला मुख्यालय के मैरवा गुठनी दरौली नौतन जिरादेई रघुनाथपुर बड़हरिया समेत सभी प्रखंडों एवं बगल के उत्तर प्रदेश के देवरिया गोरखपुर गाजीपुर मऊ समेत विभिन्न जिलों में गुलशन कुमार के टी-सीरीज का शिव भजन भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा...बजाते हुए देखा जा रहा है। बताते चलें कि यूपी बिहार सीमा पर स्थित सिवान जिले के मैरवा के निवासी विख्यात गायक प्रवीन मिश्रा बुलबुल का गाया हुआ भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा ..लगातार बिहार उत्तर प्रदेश में बसो मे सुना जा रहा है। इस संबंध में बातचीत करते हुए प्रवीण बुलबुल ने बताया कि यह गीत इस बार टी-सीरीज कंपनी ने रिलीज किया है। वही भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा गीत में टी-सीरीज के डायरेक्टर दीपश्रेष्ठ ने बेजोड़ डांस किया है । जबकि टी-सीरीज के महत्वपूर्ण व्यक्तित्व ओमप्रकाश पांडे जी का विशेष सहयोग इस गीत में रहा है। दूसरी तरफ मनोज बंटी ने इस गीत में संगीत दिया है।

### रजनीश ने चंद्रयान -3 में प्रोजेक्ट मैनेजर के रूप में भूमिका निभाई



**हसनपुरा (सीवान)**। प्रखंड के तेलकथू पंचायत के पुरैना गांव निवासी स्व सुरेंद्र यादव के वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार यादव ने इसरो के चंद्रयान-3 मिशन में इलेक्ट्रिकल सिस्टम इंटीग्रेशन में प्रोजेक्ट मैनेजर की भूमिका निभाई है। रजनीश हसनपुरा के पूर्व मुखिया स्व रामनरेश यादव के पौत्र व पूर्व मुखिया शंभू यादव के भतिजा है। रजनीश ने यह कार्य कर पूरे जिले का मान बढ़ाया है। रजनीश के चाचा शंभू यादव ने बताया कि रजनीश के पिता 1986 में सीवान जिला परिषद में जुनियर इंजिनियर पद पर थे। उसके बाद झारखंड के घाटशिला में सुवर्णरखा परियोजना में कनीय अभियंता के पद पर रहते 1999 में बराज डैम के कुएं में गिरने से उनकी मौत हो गयी थी। रजनीश की प्रारंभिक पढ़ाई झारखंड के गालूडीह बराज से हुई। रजनीश चार भाई बहनों में दूसरे स्थान पर है। बड़े भाई मनीष कुमार लखीसराय में नौकरी करते है। छोटा भाई नीतेश बीटेक है और बहन बैंकिंग की तैयारी कर रही है। मां ललिता देवी अपने बेटा बेटी के साथ गुड़गांव में रहती है। रजनीश की इस सफलता पर लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अपनी मांगों को लेकर मुखिया संघ ने किया धरना प्रदर्शन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। प्रखंड कार्यालय के समक्ष शनिवार को मुखिया संघ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह हरसरी पुरैनिया के मुखिया अजीत कुमार उर्फ बाला दुबे ने कहा कि बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर स्थानीय मुखिया संघ द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया है। अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा सरकार ग्राम पंचायतों के अधिकारों की कटौती कर रही है। जिसको देखते हुए संघ ने सभी सरकारी बैठकों व सरकारी कार्यों का 31 अगस्त तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।संघ ने धरना प्रदर्शन के माध्यम से बीडीओ को एक ज्ञापन देकर अपनी 19 सूत्री मांग को सरकार तक पहुचाने की मांग की है। वहीं संघ के उपाध्यक्ष सह भेड़िहरवा मुखिया अभिजीत कुमार दुबे,शिकारपुर मुखिया राहुल जयसवाल आदि ने बताया कि 19 सूत्री मांग में प्रमुख मांगें ग्राम सभा से पारित योजनाओं को प्राथमिकता देने, कबीर अंत्येष्ठि योजना पुनः चालू करने, पंचायतों को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का अधिकार देने, 15वीं वित्त आयोग मद की राशि देने,नल जल को पीएचईडी के बदले वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति को देने, ग्राम पंचायतों को 29 अधिकार पूर्ण रूपेण सौंपने तथा राजस्व वसूली का अधिकार पंचायतों को देना आदि शामिल है। प्रदर्शन करने वालों में मुखिया प्रभात बैठा, मुखिया प्रतिनिधि रौशन व्याहुत, अवनीश कुमार मिश्र उर्फ बिक्की, संतोष पाल, बादल कुमार आदि शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा**। बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा के बड़गांव पंचायत के छोटकीपट्टी गांव निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति झमर यादव पिता जगदीश यादव की अज्ञात वाहन की ठोकर से मौत हो गई।परिजनों का का कहना है कि शुक्रवार की रात्रि करीब 8.30 बजे खाना खाकर मील चौक बड़गांव दुकानों की रखवाली करने जा रहा थे। मृतक व्यक्ति बगहा लौरिया एन एच 727 मुख्य मार्ग सडक मील चौक बड़गांव स्थित दुकानों कि रखवाली करता था।खाना खाकर जाने की क्रम में तभी अचानक अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दिया। घटना की जानकारी परिजनों व स्थानीय लोगों को मीली तो 112 नंबर पुलिस को सूचना दी।आनन फानन में मृत व्यक्ति झमर यादव को 112 नं कि पुलिस गाड़ी से अनुमंडलीय अस्पताल बगहा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि गंभीर चोटें आई हैं जिससे व्यक्ति की मौत हो गई है। वही प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम होने के बाद दाह संस्कार के लिए परिजनों को लाश सौंप दिया गया, जो शनिवार को रजवटिया घाट पर दाह संस्कार किया गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र और दो पत्री को छोड़कर चले गए। जिनकी शादी अभी नहीं हुई है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।वही नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा थाने में आवेदन मिला है।आवेदन पर कार्रवाई की जा रही है।

## जल जमाव बनी नगर पंचायत वासियों की समस्या



**बड़हरिया/सिवान/ संवाददाता**। बड़हरिया नगर पंचायत के सुरहीय गांव में जाना हो तो कई बार सोचना पड़ेगा।विदित हो कि बड़हरिया बरौली मुख्य मार्ग से सेट नगर पंचायत के सुरहिया गांव में सड़क बना लोगों की समस्या।वही सुरहिया निवासी रामबाबू यादव ने बताया कि स्थानीय विधायक श्री बच्चा पांडेय जी से इस समस्या से निजात दिलाने के लिए आग्रह किया गया।जल जमाव से निजात दिलाने हेतु माननीय विधायक श्री पांडेय जी के द्वारा नगर पंचायत से निर्माण करवाने को कहा गया।ये देखा जा रहा है की कोई भी प्रतिनिधि समाज की समस्या को लेकर एक दूसरे पे थोप रहे है,जिसके कारण समाज की समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही हैं।भारत के अमृत काल में भी यदि समाज की मूलभूत सुविधाओं से जनता वंचित रहे तो समाज में अनेक प्रकार की विकृति पैदा हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर पंचायत से भी आग्रह किया गया है कि इस सड़क का निर्माण शीघ्र किया जाय जिससे लोगो के आने जाने में हो रही कठिनाई को समाप्त किया जा सके।

# गुठनीः बाजार में जाम की समस्या से कब मिलेगा निजात

**गुठनी सीवान**। नगर पंचायत के मुख्य बाजार की सड़कों पर लगने वाले भीषण जाम की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद धीरे-धीरे कम होती जा रही है। हालांकि मुख्य बाजार की सड़कों पर अतिक्रमण मुक्त कराने की स्थानीय प्रशासन का अभियान भी ठंडे बस्ते में चला गया है। मुख्य बाजार के सड़क पर लगने वाले अतिक्रमण पर नगर पंचायत और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। करीब 2 किलोमीटर लंबे इस बाजार पर घंटों तक जाम लगा रहता है। जिससे आम इंसानों के साथ साथ दुकानदारों को भी काफी फजीहत होना पड़ता है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मिली जा जानकारी के अनुसार गुठनी बाजार में आसपास के 2 दर्जन से अधिक गांव के लोग आते हैं। जिनमें बलुआ, तिरबलुआ, खड़ौली, मैरिटार, डुमरहर, केवटलिया, बिहारी, गोहरुआ, सोनहुला, सोहगरा, किशनपुरा, खिरौली, टड़वा, भरौली, खिरौली, टेकनिया, बिसवार, चकरी, श्रीकरपुर, सेलौर से लोग अपनी आवश्यकताओं के समान खरीदने आते हैं। जबकि यूपी के लार, चुरिया, मायापुर, मानिकपुर, मेहरौना, फतेहाबाद से लोग आते हैं।

**मुख्य बाजार में लगता है भीषण जामः** मुख्य बाजार में एक किलोमीटर लम्बा जाम लगने से लोग घण्टो जाम में फंस जाते हैं। ग्रामीणो का कहना है कि जाम गुठनी चौराहे, तेनुआ चौराहा, मटिकोडवा, पटेल चौक, कसेरा टोला, निम्तल्ला चौक, सोनार टोली में भीषण जाम लगा रहता है। लोगो की माने तो दुकान के सामने कंक्रीट, पर्दा, समान, वाहन खड़े कर देने से यह जाम लग जाता है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का कहना है कि इसके लिए पलक रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिससे आने वाले दिनों में जाम से निजात दिलाया जा सके।

**स्थानीय प्रशासन ने लोगो को जारी किया है नोटिसः** गुठनी बाजार में जाम और अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय प्रशासन ने लोगों के खिलाफ नोटिस जारी किया है। इस संबंध में सीओ शंभूनाथ राम का कहना है कि सन 2021 में करीब 327 लोगों के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है और उनसे सड़क के किनारे किए गए अतिक्रमण व उससे जुड़ी समस्याओं को तुरंत हटाने का निर्देश दिया गया है। उनका कहना था कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। गुठनी से चंद्र प्रकाश दूबे की कलम से।

### मैरवा में बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी



**मैरवा सिवान संवाददाता**। सिवान जिले के मैरवा के लालगंज में बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में अपने मकान में ताला लगाकर ड्यूटी करने गए थे। आने पर पता चला कि ताला काट कर लाखों रुपए की चोरी कर ली गई है। इस मामला के सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में लालगंज निवासी शमीम अंसारी ने मैरवा थाने में आवेदन देकर कहा है कि मैं 2 दिन के लिए अपना मकान बंद करके सिवान बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में वीक्षक के रूप में ड्यूटी करने चला गया था। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर मेरे में गेट का दरवाजा का ताला काट कर लैपटॉप तथा सोने के गहने, मेरी साइकिल समेत लाखों रुपए नगद लेकर फरार हो गए हैं। उन्होंने बताया कि 112 नंबर पर भी फोन करके बुलाया गया था और आवेदन मैरवा थाने में भी दी गई है। वहीं इसी मकान में किराए पर रह रही शिक्षिका जरीना अंसारी ने बताया कि शिक्षक भर्ती परीक्षा देने गोपालगंज गई हुई थी। लौटने पर मकान में चोरी होने की बात बताई गई। लाखो रुपए की सामान चोरी कर लिए जाने के बाद शिक्षक व शिक्षिका एवं उनके परिवार के लोग लगातार रो रहे हैं। घरमे भोजन नहीं बनने की बात कही जा रही है।

### बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य मार्ग एन एच 727 पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा**। बगहा-बाल्मीकिनगर मुख्य मार्ग एन एच 227 पर भजनी कुटी के समीप पेड़ गिर जाने के कारण आवागमन बाधित हो गया। बताते चले की यह मार्ग वाल्मीकि आश्रम से होकर बाल्मीकि नगर तक जाता है, जहां आए दिन बरसात में पेड़ों का गिरना और मार्ग का अवरूद्ध होना लगा रहता है। जबकि बगहा से बाल्मीकि नगर तक पहुंचने का यह एकमात्र मार्ग है। शनिवार की सुबह 8:00 बजे के आसपास यह सूखा वृक्ष भजनी कुटी के समीप मुख्य मार्ग एनएच 727 पर गिर गया।इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों तथा यात्रियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को सड़क से हटाया गया। जिसके बाद आवागमन शुरु हुई।

### उमंग फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ उदयपुर / राजस्थान**। सुरेश प्रजापत के जन्मदिन पर *राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बडगांव, 53 वां उदय ओपन रोवर क्रू भुवाणा, श्री अमरख महादेव टेलीकॉम उदयपुर, उमंग फाउंडेशन भुवाणा, एवं रत्नागिरी पर्वत समिति भुवाणा के सहयोग से 30 वां विशाल रक्तदान शिविर 25 अगस्त 2023 शुक्रवार को , भेरूजी मंदिर की सराय भुवाना पर रखा गया , संगीत मेनारिया ने बताया कि इस रक्तदान सीवर में लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया इस मौके पर 87 यूनिट रक्त दान किया इस मौके पर अमरख महादेव टेलीकॉम एसोसिएशन के सचिव दीपक पुष्करणा,तिरुपति एजेंसी के अभिषेक जी छाजेड भुवना सरपंच मोहन जी डांगी,दीप लाल मेनारिया राहुल मेनारिया मोनू मेनारिया रत्नागिरी विकास समिति के शंकर जी डांगी,हितेश चोबीसा,ललित वैष्णव,शशिकांत आदि कार्यकर्ताओं ने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया।

### उदयपुर के सेक्टर 3 में अरिहंत मित्र मंडल का शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर**। आज सेक्टर 3 स्थित गुरु पुष्कर साधना केंद्र पर अरिहंत मित्र मंडल के संरक्षक राजेश भानावत ने बताया कि सेक्टर 3 के 51 धर्म प्रेमी सदस्यों के साथ अरिहंत मित्र मंडल का भव्य शुभारंभ आज दिनांक 25.08.23 शुक्रवार को हुआ। जिसमे संरक्षक ने मंडल स्थापना के उदेश्यो एवम् नियमो के बारे में सभी सदस्यों को अवगत कराया एवं सर्वसम्मति से CA अनिल सिंघवी को अध्यक्ष के रूप में मनोनित किया गया। स्थापना कार्यक्रम में सभी सदस्यों का एक दुसरे से परिचय कराया गया और इस कार्यक्रम में सेक्टर 3 के कई महानुभवो जिसमें प्रमुख रूप से प्रकाश झगडावत, भोपाल सिंह चव्हाण, ललित लोढ़ा, ललित कोठारी, यशवन्त कोठारी, ललित मेहता, राजेंद्र चोर्डिया, विनोद मेहता , जय प्रकाश बाबेल , गजेन्द्र ओस्तवाल,हेमन्त बोहरा, रमेश ओस्तवाल, दीपक हरकावत, आशीष भानावत आदि ने भाग लिया । नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल सिंघवी ने संगठन में होने वाले क्रिया कलापों के बारे में सभी सदस्यों को बताया और सबका आभार प्रकट किया । कार्यक्रम का संचालन हेमन्त सिंयाल द्वारा किया गया और राष्ट्रगान एवं स्नेहभोज के साथ स्थापना समारोह का समापन हुआ ।

### लावारिस बाइक बरामद

**हसनपुरा (सीवान)** । एमएच नगर थाना के कन्हौली पश्चिम दिशा स्थित खेलावन बाबा के स्थान के समीप से पुलिस ने शनिवार को एक काले रंग की बीआर-29 एजी 0684 पल्सर बाइक बरामद किया है। खेत में कार्य करने वाले किसानों ने उक्त स्थान पर दो दिनों से बाइक को खड़ी देख रहे थे। जहां शनिवार की दोपहर स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। जहां एमएच नगर थाने के पुअनि अमरेंद्र कुमार ने बाइक बरामद कर जांच कर रहे है।

वॉटर फाउंटेन | जिले में बना पहला दृश्य का केंद्र

# मंगलम मैरेज हॉल परिसर में ब्यूटीफुल वाटर फाउंटेन की हुई शुरुआत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा**। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत नगर थाना क्षेत्र बगहा एन एच 727 मुख्य मार्ग के परसा मोड़ स्थित मंगलम मैरेज हॉल को ब्यूटीफुल बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए बगहा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह ने सात रंगों से परिपूर्ण रंग बिरंगी रोशनी में लगाए ब्यूटीफुल वॉटर फाउंटेन का शुरुआत किया है। फाउंटेन की शुरुआत होने से शाम ढलने के बाद मैरेज हॉल परिसर चौराहा के बीचों बीच में रंग बिरंगी रोशनी के बीच ऊंची ऊंची पानी की लहरों के साथ यह फाउंटेन बेहद खूबसूरत लग रहा है।दुर दराज और आसपास से आने जाने वाले राहगीर भी इस ब्यूटीफुल फाउंटेन को देखने के लिए ठिठक जाते हैं। आसाराम के बच्चे भी खूब लुत्फ का आनंद लेते हैं। यह ब्यूटीफुल फाउंटेन जिले के पहला दृश्य का केंद्र बना है। कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह ने बताया कि बगहा को नवीन बगहा के साथ ब्यूटीफुल बगहा बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मद्देनजर कांग्रेस नेता ने हरदम एक नई सोच और नई उम्मीदों की राहों पर दुसरे को भी चलने की सिख देते रहते हैं। जहां युवा पीढ़ी में भी जज्बा देखने को मिलता है।

### बगहा नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में एमएलसी सौरभ कुमार ने किया भ्रमण, शांति की कि अपील

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। बिहार विधान परिषद सदस्य प चम्पारण ई सौरभ कुमार ने शनिवार को बगहा पुलिस जिला के नगर परिषद क्षेत्र स्थित रतनमाला में महावीरी झंडा जुलूस में हुए झडप मामलें में लोगों से शांति की अपील की। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों में शांति की संदेश दिया। कहा कि समाजिक एकता से ही समाज को मजबूती मिलेगी। एमएलसी ने सभी सामुदाय के लोगों से शांति, सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस दौरान उन्होंने बगहा नगर में हर जाति, धर्म के लोगों के घर - घर जाकर मिलें। तथा शांति की अपील करते हुए शांति की संदेश दिया। कहा कि आपसी समरसता व भाईचारे का मिशाल कायम कर समाज में एक नई पहचान बनावें, जिससे सभी लोग एक हो, तभी हम समाजिक एकता की मिशाल कायम कर सकते हैं। इस दौरान युवा राजद जिलाध्यक्ष सह मुखिया पप्पु यादव ने भी लोगों से शांति की अपील की। तथा बगहा नगर में हर जाति धर्म के लोगो के घर घर जाकर शान्ति की संदेश दिया।

# मैरवा में कर और बस से हुई भिड़ंत आधा दर्जन जख्मी



**मैरवा सिवान संवाददाता**। सिवान जिले के मैरवा प्रखंड के अंतर्गत आने वाले ओवर ब्रिज के पूर्वी छोर पर एक ट्रक तथा कार के भयंकर टक्कर में आधा दर्जन लोगों के जख्मी होने की सूचना मिली है। इस संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक ओवर ब्रिज से उतरकर मैरवा की तरफ तेज रफ्तार से आ रही थी। वहीं ओवर ब्रिज के नीचे बाएं तरफ से एक तेज गति से कार निकल कर अचानक से आई, और आ कर जैसे ही आगे आई वैसे ही ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके बाद ट्रक दूसरे तरफ गड्ढे में गिरते गिरते बचा है। वही कार सौ मीटर तक घसीटा गया, बताया जाता है कि कार में सवार आधा दर्जन लोग बुरी तरह से जख्मी है। कार चालक की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। जिसे स्थानीय लोगों के मदद से मैरवा रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक की स्थिति में सिवान रेफर कर दिया गया । बताते चलें कि मैरवा सिवान मुख्य मार्ग पर लक्ष्मीपुर में स्थित यह ओवर ब्रिज हमेशा घटना दुर्घटनाओं का केंद्र बना हुआ है ।जहां लगभग रोजाना एक्सीडेंट होता रहता है । स्थानीय लोग बताते हैं कि निर्माण के बाद लगभग सैकड़ो लोगों की मौत इस ओवर ब्रिज पर हो चुकी है। निर्माण के मात्रा लगभग डेढ़ साल हुए हैं । इतने ही दिनों में इस तरह की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भाई का माहौल व्याप्त हो चला है। इस संबंध में बातचीत करते हुए स्थानीय मुडियारी पंचायत के मुखिया एवं मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अजय भास्कर चौहान ने कहा कि ओवरब्रिज का निर्माण ही गलत हुआ है। जहां आए दिन बड़ी-बड़ी घटनाएं होती रहती हैं। इस को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी किया गया था ।लेकिन पुलिस प्रशासन इस पर सतर्क नहीं हो पा रही है।

# ख़ास ख़बर

## जिला के सत्तर प्रतिशत संगीत विषयों के अभ्यर्थियों ने एसटीईटी में किया आवेदन



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** एसटीईटी 2023 की परीक्षा हेतु संगीत, ललितकला एवं नृत्य के लगभग सत्तर प्रतिशत अभ्यर्थियों ने आवेदन कर पाये।संगीत शिक्षक एवं मशहूर उद्घोषक मुकेश मिलन ने उक्त बातें कहते हुए कहा कि मात्र सोलह दिन के इस कम समय में सॉफ्टवेयर खराबी,आवेदन में प्रयुक्त अनेक कागजातों की व्यवस्था हेतु भागमभाग के साथ सभी विषयों के साथ साथ संगीत विषय के योग्यताधारी औसतन सत्तर प्रतिशत प्रशिक्षित अभ्यर्थी ही जिला से आवेदन कर पाए। श्री मिलन ने कहा कि अब प्रत्येक बार शिक्षकों की बहाली में संगीत, ललितकला और नृत्य के योग्यताधारी प्रशिक्षित को लेने से कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा एवं प्रत्येक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बच्चे संगीत, ललितकला एवं नृत्य की शिक्षा दीक्षा लेंगे।हालांकि बाद में आवेदन हेतु अठारह घंटे का समय विस्तारित तो किया गया था मगर फिर बारह घंटे आवेदन का समय कम कर देने से बहुत सारे संगीत, ललितकला और नृत्य विषय के अभ्यर्थी छूट गए।जिस कारण से छूटे हुए अभ्यर्थी हताश और निराश हैं।

## 10 कोर्ट भवन की आधारशिला पटना उच्च न्यायालय के जज सह दरभंगा न्यायमंडल के निरीक्षी जज न्यायमूर्ति ने रखा



**दरभंगा (मो.जीलानी अंसारी)।** बेनीपुर न्यायालय परिसर में 10 कोर्ट भवन की आधारशिला पटना उच्च न्यायालय के जज सह दरभंगा न्यायमंडल के निरीक्षी जज न्यायमूर्ति संदीप कुमार ने रखा। न्यायमूर्ति श्री कुमार ने भूमि पूजन भी किया। न्यायालय पहुंचने पर सर्वप्रथम माउंट कार्मेल स्कूल की बच्चियों ने कुमकुम लगाकर न्यायमूर्ति संदीप कुमार, न्यायमूर्ति अरुण कुमार झा एवं न्यायमूर्ति चंद्रशेखर झा का स्वागत किया। बेनीपुर के एडीजे वन अविनाश कुमार के नेतृत्व में सभी न्यायिक पदाधिकारियों ने सभी का स्वागत बूके देकर किया। वहीं बेनीपुर अधिवक्ता संघ की ओर से सभी न्यायमूर्ति का स्वागत मिथिला परंपरानुसार पाग चादर से किया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। न्यायमूर्ति श्री कुमार ने विधिवत भूमिपूजन किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार तिवारी के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन मौसम के विपरीत परिस्थिति में भी सफल बनाने के लिए सभी स्थानीय प्रशासन पदाधिकारी मुस्तैद नजर आये। मौके पर एसीजेएम संगीता रानी, एसडीजेएम प्रमोद रंजन, मुंसिफ अभिषेक आनंद, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चक्रपाणि चौधरी, सचिव सुशील कुमार चौधरी सहित सभी अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मी सहित सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## ज्ञान-विज्ञान मेला में बच्चों ने अपने मॉडल की प्रस्तुति से मनवाया लोहा



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज गंगा सरस्वती शिशु मंदिर एवं श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को ज्ञान विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। शिशु वर्ग में विद्यालय के सैकड़ो छात्र छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित प्राथमिक चिकित्सा ,पर्यावरण स्वच्छता, यातायात के साधन, प्राकृतिक आपदा एवं नवाचारित प्रदर्श आदि विषयों पर एक से बढ़कर एक मॉडल बना अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया।प्रस्तुत मॉडल में वर्षा जल संरक्षण, वायुदाब, नवाचारित प्रदर्शन एवं प्राकृतिक आपदा सहित अन्य शामिल थे। वही किशोर वर्ग में खाद्य संरक्षण, गति, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित प्रदर्श, संवेदकों पर आधारित प्रदर्शन आदि विषयों पर मॉडल तैयार किया।तरुण वर्ग में विद्युत चुंबकीय प्रेरण, विद्युत रसायन एवं जैव प्रौद्योगिकी पर आधारित मॉडल बनाया। मौके पर शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि विज्ञान मेला के आयोजन से भैया-बहन विज्ञान विषय के प्रति आकर्षित होते हैं और उनके अंदर की वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है।विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा विज्ञान मेला ऐसा मंच हैं जो वैज्ञानिक जांच और नवाचार की भावना को बढ़ावा देते हैं। वे छात्रों को अपनी वैज्ञानिक कौशल और रचनात्मकता दिखाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं, जिससे अनुसंधान और विकास की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।इस अवसर पर विज्ञानाचार्य यशोधर झा, राजेंद्र झा, सुनील कुमार,अमित सिंह, सुप्रिया कुमारी,नमीता वर्मा समेत विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

# निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा कार्यक्रम को मुकेश साहनी ने किया संबोधित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** आगामी लोकसभा चुनाव में भले ही अभी देरी हो लेकिन सभी राजनीतिक दलों के द्वारा संगठन का विस्तार कर तैयारी की जा रही है। उसी कड़ी में विकासशील इंसान पार्टी वीआईपी सुप्रीमो मुकेश साहनी द्वारा हर घर निषाद आरक्षण संकल्प अभियान के तहत पूरे बिहार का दौरा किया जा रहा है। उसी क्रम में भीषण बारिश के बावजूद हजारो लोगो की उपस्थिति में शनिवार को सुपर मार्केट स्थित कला भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर पार्टी सुप्रीमो मुकेश सहनी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश सहनी,राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव मिश्रा,मधुकर आनंद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके सिंह,जिलाध्यक्ष रेशमा शर्मा, डॉ चंदन कुमार नें संयुक्त रुप सें दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का उद्घाटन किया।वही कार्यक्रम प्रभारी सह प्रधान महासचिव भोगी साहनी, जिलाध्यक्ष रेशमा शर्मा एवं सामंत कुमार रिंकू ने सभी अतिथियो को पाग चादर देकर सम्मानित किया गया।वही सन ऑफ़ मल्लाह मुकेश सहनी ने कहा कि विगत 25 जुलाई से 3 नवंबर तक रथ यात्रा के माध्यम से पूरे बिहार, उत्तर प्रदेश तथा झारखंड का दौरा किया जा रहा है।जो नवम्बर तक चलेगा।इसके माध्यम से दो करोड़ लोगो संकल्प दिलाया जाएगा।जिसके माध्यम सें निषाद आरक्षण की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक है सभी संस्थाएं एक है पद एक है तो फिर निषाद जाति के लोगों को दिए अलग-अलग व्यवहार क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल एवं दिल्ली में जो निषाद जाति के लोगों को आरक्षण दिया जा रहा है। तो बिहार उत्तर प्रदेश एवं झारखंड में क्यों नहीं आरक्षण दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जो गठबंधन निषाद जाति के लोगों को आरक्षण देगी।वीआईपी पार्टी उसी गठबंधन को समर्थन करेगी। उन्होंने उपस्थित निषाद लोगों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को अवश्य पढाए तथा अपने संगठन को मजबूत मजबूत करते हुए इसे ही वोट देने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपने कीमती वोट को चंद रुपए में बर्बाद ना करें।आपके शक्ति से 18 प्रतिशत वोट तक पहुंच गए है आगे आपका सहयोग बना रहे तो एकदिन राज्य के मुख्यमंत्री तथा देश का प्रधानमंत्री भी अवश्य बन सकते है।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को अपने पूर्वजो को स्मरण कराकर हाथों में गंगाजल लेकर संकल्प कराया गया।वही जिले में कलाभवन के बाद गौरहो चौक, खजूरी,सिमरी बख्तियारपुर तथा सलखुआ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से पार्टी के द्वारा आरक्षण नहीं तो गठबंधन नहीं वही गठबंधन नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद किया गया है। जिसके तहत हर घर संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।इस अवसर पर अन्य दलों को छोड़कर आये दर्जनों लोगो को वीआईपी पार्टी में शामिल कराया गया । इस मौके पर रंजीत दास तांती,डॉ चंदन कुमार, ब्रह्मदेव मुखिया, राजा राम मुखिया, जय कुमार चौधरी, मिथिलेश कुमार चौधरी, रंजीत दास, सज्जन मुखिया, रिंकू देवी,मिथिलेश चौधरी डॉक्टर एस एन साहनी सहित अन्य मौजूद थें।

## बच्चों को जानकारी दी गई

**दरभंगा (मो.जीलानी अंसारी)।** बेनीपुर प्रखंड अंतर्गत म0 वि0 हटिया बेनीपुर में अगस्त माह के चौथे शनिवार के लिए बाढ़ के समय अक्सर नाव दुर्घटना एवं डूब रहे लोगों के बचाव एवं सावधानियों पर प्रधानाध्यापक श्री नारायण कुमार के मार्गदर्शन में प्रेरक शिक्षक डॉ. छोटेलाल पासवान एवं राखी कुमारी द्वारा गतिविधि के माध्यम से बच्चों को जानकारी दी गई। गतिविधि में बाल संसद, मीना मंच के बच्चों सहित सभी बच्चे एवं सभी शिक्षक यथा श्री नुरुल होदा, अलका भारती, आभा कुमारी, कुमारी उषा, संगीता, संजय साहू, जमा जी, शुशील झा, धनंजय कुमार, अभिराम कुमार BRP श्री राम कृष्ण मंडल उपस्थित थे।सुरक्षित शनिवार के साथ साथ विभागीय निदेशानुसार वर्ग 1 से वर्ग 3 के बच्चों के अभिभावकों के साथ अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

## आनंदी साह की मौत की गुत्थी अभी भी अनसुलझी, न्याय के लिए परिवार वाले लगाए हुए हैं टकटकी



**नरपतगंज।** नरपतगंज के बढ़ेपारा पंचायत के चकला गांव में आनंदी साह के संदिग्ध हालत में मौत के बाद शव को आनन फानन में शव जलाए जाने की गुत्थी अभी भी अनसुलझी है।जबकि घटना का एक सप्ताह से अधिक समय बीत गया है।लेकिन यह हत्या है आत्महत्या,इसको नरपतगंज थाना पुलिस सुलझा नहीं पाई है।जबकि मामले में मृतक को बेटी नेहा कुमारी ने नरपतगंज थाना में लिखित आवेदन देकर छह नामजद लोगों के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया था।एक सप्ताह से अधिक बीत जाने के बावजूद पुलिसिया कार्रवाई पर मृतक की बेटी आशा भरी नजरों से टकटकी लगाए हुए है।उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पहले गुरुवार को नरपतगंज थाना क्षेत्र के बढ़ेपारा पंचायत के चकला गांव में बांसबाड़ी के पास आनन फानन तरीके से संदिग्ध अवस्था मे चोरी छिपे 45 वर्षीय एक व्यक्ति के शव जलाया जा रहा था।जिस पर आरटीआई एक्टिविस्ट प्रसेनजीत कृष्ण को सूचना मिलने पर सोशल मीडिया व्हाट्सएप के माध्यम से एसपी समेत अन्य अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया।जिसके बाद मीडियाकर्मियों के साथ नरपतगंज थाना पुलिस सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण पहुंचे।मृतक आनंदी साह बथनाहा थाना क्षेत्र के फेना बेलाही गांव का रहने वाला था।शव को आनन फानन जलवाने में कई स्थानीय प्रतिनिधियों की भूमिका भी शक के घेरे में थी।घटना के दिन मौके पर मौजूद नरपतगंज प्रखंड प्रमुख मनोज यादव ने बताया था कि मृतक आनंदी साह का ससुराल चकला में है और पिछले कुछ वर्षों से मानसिक रूप से विक्षिप्त की तरह व्यवहार करता है।व्यवहार के कारण ही पत्नी भी ससुराल के बदले चकला में ही बच्चों के साथ रह रही है। रात में खुद से खुदकुशी करने की बात कही गई थी।वहीं बिना पुलिस को सूचना दिए शव जलाने के मामले में लोगों ने परिवार को किसी तरह के विरोधाभास नहीं होने की बात कही गई थी। पुलिस के मौके पर पहुंचने और शव को जब्त करने के बाद मृतक के बेटी नेहा कुमारी ने छह लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया था और न्याय की गुहार लगाई थी।

# संगोष्ठी का आयोजन: शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था पर की गई चर्चा



**छातापुर। सुपौल।** शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में प्रखंड अंतर्गत भीमपुर पंचायत के आदर्श प्राथमिक विद्यालय केवला में माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट के तहत शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी(पीटीएम) का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार द्वारा संगोष्ठी में आए सभी अभिभावकों का स्वागत कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षक नरेश कुमार निराला ने उपस्थित अभिभावकों को टीएलएम किट एवं विद्यालय में संचालित शिक्षण गतिविधियों से अवगत कराया।प्रधानाध्यापक श्री कुमार ने अभिभावकों को उत्प्रेरित करते हुए बताया कि अभिभावकों को अपने बच्चों के शिक्षण गतिविधियों का सतत अनुश्रवण करना चाहिए ताकि बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके।उन्होंने कहा कि अभिभावक का दायित्व होता है क वे अपने बच्चों को घरेलू काम से दूर रखें तथा पठन-पाठन के लिए बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। शिक्षक नरेश कुमार निराला ने अभिभावकों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की निरंतर आदत डालने की जरूरत है। श्री निराला ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने के लिए अभिभावक व शिक्षक कड़ी का काम करते हैं।उन्होंने कहा कि शिक्षकों का कर्तव्य होता है कि विद्यालय में उपस्थित बच्चों को गुणवत्ता रूपी शिक्षा प्रदान करना। अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच समन्वय बने रहने से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। शिक्षक निरंजन कुमार और अरबाज आलम ने कहा कि अभिभावकों को ध्यान रखना चाहिए कि विद्यालय में बच्चों का नामांकन ज्यादा से ज्यादा हो। शिक्षा के उन्नयन में माता-पिता का सकारात्मक सहयोग आवश्यक है।उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से अनुरोध किया कि अभिभावक समय-समय पर विद्यालय आकर पठन-पाठन प्रक्रिया का निरीक्षण कर सलाह भी दे सकते हैं। अपसंगोष्ठी में शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए तमाम विषयों पर अभिभावक एवं शिक्षकों के बीच मंथन किया गया साथ ही शिक्षा पाठ्यक्रम की जानकारी, परीक्षाओं में बच्चे के प्रदर्शन, शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी आदि विषयों पर पर चर्चा की गई।अभिभावकों ने एक सुर में कहा कि इस विद्यालय और विद्यालय के शिक्षक पर हम सबों को नाज है।यह विद्यालय दिन ब दिन उत्तरोत्तर विकास कर रहे हैं।इस विद्यालय के नामांकित बच्चों के शतप्रतिशत उपस्थिति यूनिफार्म के साथ हो इस पर पर हम सब जोर देंगे।विद्यालय के अन्य शिक्षक और अभिभावक भी अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार, नरेश कुमार निराला,फूल कुमारी, निरंजन कुमार, नीतू कुमारी, जयनारायण यादव, रमेश पासवान, अनिता देवी, मीना देवी, रंभा पटेल, ललन यादव, संगीता कुमारी, पूनम कुमारी, रीना कुमारी, किरण देवी, गीता देवी, संतोष पासवान आदि दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

## लगातार बारिश से नदियों के जलस्तर में हुई वृद्धि, निचले स्तर के लोगों की बढ़ी, प्रशासन बने है बेपरवाह: भाकपा अंचल सचिव रघुनंदन पासवान



**छातापुर|सुपौल।** छातापुर प्रखंड क्षेत्र में लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के कारण जन जीवन काफी प्रभावित रहा | लोगों को जहां बारिश के कारण दैनिक कार्यो को करने में परेशानी हुई | वही सड़कों की स्थिति जलमग्न हो गयी | लोग बारिश के कारण काफी परेशान दिखें | जबकि लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र के सुरसर, गेरा और मिरचैया नदी में उफान आ गया है | इसको लेकर निचले स्तर तथा नदी किनारें बसे टोला वासियों की परेशानी काफी बढ़ गयी है | जानकारी अनुसार सुरसर नदी के जलस्तर में गुरुवार की रात से ही अत्यधिक वृद्धि हो गयी है | इसके कारण चुन्नी पंचायत के वार्ड 1 स्थित महादलित टोला के लोगों में परेशानी शुरू हो गयी है | स्थानीय दीपेश सरदार, योगी सरदार, दिना सरदार, सोनू सरदार, रवि सरदार, तेतरी देवी, माया देवी, बच्चन सादा, सोनू सादा आदि ने बताया कि उन लोगों का टोला नदी के समीप वसा हुआ है |इसको लेकर उन लोगों को हर साल बरसात के समय में इस ढंग की समस्या से रुबरू होना पड़ता है | लेकिन लगातार दो दिनों की बारिश ने समय से पूर्व जून महीने के पहले सप्ताह में ही उनलोगों की परेशानी को बढ़ाने का कार्य किया है | उन्होंने कहा कि बीते बुधवार की अहले सुबह से मुसलाधार बारिश के कारण नदी के जलस्तर में इस कदर उफान देखा गया कि नदी के द्वारा गांव के कटान रोकने के लिये कराया गया बम्बों पायलिंग भी जलमग्न हो गया | इसके कारण टोला के लोगों में काफी बेचनी बढ़ गयी है | इधर परियाही गांव के गेरा नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण लोगों को नदी पार करने के कठिनाई होनी शुरू हो गई है | लोगों ने बताया कि बारिश के कारण नदी में काफी पानी बढ़ गया | इसको लेकर छातापुर भाकपा अंचल सचिव कामरेड रघुनंदन पासवान ने बताया की लगातार बारिश से छातापुर क्षेत्र से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में हुई वृद्धि हो गई है। जिसको लेकर निचले स्तर के लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। लेकिन प्रखंड प्रशासन बेपरवाह बने हुए है। बताया की सुरसर, गेरा और मिरचैया नदी के जलस्तर में वृद्धि से लोग काफी परेशान है। लेकिन प्रखंड तथा अंचल प्रशासन द्वारा जनहित में नाव की कोई व्यवस्था नही की गई है। नही जलस्तर में हुई वृद्धि से टूट रहे सड़को की कोई सार्थक उपाय करते देखे जा रहे है। जिसको लेकर उन्होंने सुपौल डीएम से छातापुर प्रखंड क्षेत्र में नाव की व्यवस्था करवाने की मांग की है।

## मारवाड़ी युवा मंच के साइकलोथोन की तैयारी अंतिम चरण में



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज मारवाड़ी युवा मंच शाखा की ओर से रविवार को साइकलोथोन का आयोजन किया जा रहा है। साइकलोथोन की शुरुआत हवाई फ़ील्ड से शुरू होकर गोढ़ियारे चौक, दिनदयाल चौक, पोस्ट ऑफ़िस चौक, सदर रोड, स्टेशन चौक होते हुए कटहरा स्कूल में संपन्न होगी। कार्यक्रम को लेकर मंच के सदस्यों के साथ साथ फारबिसगंज में लोगों में काफ़ी उत्साह है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ सुरेन्द्र कुमार अलबेला,एसडीपीओ खूशरू सिराज के अलावे मुख्य पार्षद वीणा देवी, सुनीता जैन, मूलचंद गोलछा, राजकुमार अग्रवाल, अजातशत्रु अग्रवाल, मोतीलाल शर्मा, जयकुमार अग्रवाल, सुरेश राठी, पूनम पांडिया, निर्मल मरोठी शामिल होंगे। साइकलोथोन में प्रथम, द्वितीय व तृत्य स्थान पर आने वाले बच्चों को मंच के द्वारा अवार्ड भी दिया जाएगा एवं सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। कार्यक्रम को लेकर अध्यक्ष निशांत गोयल, पूर्व अध्यक्ष ई आयुष अग्रवाल, सचिव कुणाल केडिया, कोषाध्यक्ष गौरव जैन, विशाल गोलछा, आदर्श गोयल, प्रमोद केडिया, ऋषव अग्रवाल, शुभम फिटकिरिवाला, हर्ष बैद, सौरव अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अमन धनावत, रौशन सेठिया, दिलीप गौतम, प्रथम अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, बिपुल छाजेड, अभिषेक लोहिया, अंकित अग्रवाल, यश जैन, नितेश अग्रवाल, आशीष गोलछा, मयंक अग्रवाल, अभिषेक खेमानी सक्रिय व अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका में नज़र आ रहे हैं।

## प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज के प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया में शनिवार को विभागीय निर्देश पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी अपने बच्चों के शैक्षिक एवं सह शैक्षिक उपलब्धि हासिल करने में उनकी सक्रिय भागीदारी के बारे में अवगत कराना था। इस संगोष्ठी में शिक्षकों के द्वारा अभिभावकों को अपने बच्चों को घर पर पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया गया। साथ ही साथ राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त के संबंध मे बच्चों को जागरूक किया गया। शिक्षक रंजेश कुमार के द्वारा विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित किए जाने एवं विद्यालय स्तर पर उपलब्ध खेल सामग्रियों के संबंध मे अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी । संगोष्ठी के दौरान विद्यालय स्तर पर शिक्षकों द्वारा विद्यालय में उपलब्ध पुस्तकालय, प्राथमिक कक्षाओं के लिए उपलब्ध शिक्षण अधिगम सामग्री किट का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही अभिभावकों ने विद्यालय में होने वाले नवाचार, बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन किया।

गर्व | पूरी चढ़ाई 41 घंटे में पूरी की लक्ष्मी माउंट अरारत की चढ़ाई करने वाली पहली भारतीय बेटी

# सहरसा की बेटी लक्ष्मी ने तुर्की देश के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट अरारत पर तिरंगा लहराया



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** बिहार के सहरसा जिले के बनगांव निवासी लक्ष्मी झा नें भारत का गौरवशाली तिरंगा माउंट अरारत पर फहराया। माउंट अरारत की पूरी चढ़ाई 41 घंटे में पूरी की लक्ष्मी माउंट अरारत की चढ़ाई करने वाली पहली भारतीय बेटी है। जिसने तुर्की देश के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट अरारत पर भारत का तिरंगा लहराया। आरा के एसआईएस कंपनी के संस्थापक आर के सिंहा से फ्लैग ऑफ लेकर तुर्की के सबसे ऊंची चोटी (16854 फिट) अरारत पर अपने देश के तिरंगा को फहराने के लिए दिल्ली से इस्तांमबुल से दोगुबेयाजित सिटी पहुंचते ही लक्ष्मी झा को पता चला की अरारत चोटी पर मौसम खराब है।घनघोर बर्फबारी तथा तेज तूफान हो रहे हैं। इसलिए 15 अगस्त समिट करने का प्लान कैंसिल करना पड़ा।वही 18 अगस्त को पता चला मौसम सही है, फिर लक्ष्मी झा ने 18 को ही निकल पड़ी समिट के लिए। 6 घंटे चढ़ाई करने के बाद पहले पहले बेस कैंप पहुंची। जिसकी ऊंचाई 3000 मीटर है। अगले दिन 3 घंटे की चढ़ाई करके बेस कैंप 4200 मीटर की ऊंचाई पर पहुंची लक्ष्मी को इस मिशन को कम से कम टाइम में पूरी करनी थी।बेस कैंप के ऊपर केवल बादल ही दिखाई दे रहे थे। मौसम काफी खराब था। लक्ष्मी फाइनली समिट के लिए 21 तारीख के रात को 1 बजे निकली। कठिन व खरी चढ़ाई पर समिट करने में परेशानी हो रही थी। क्योंकि पूरा का पूरा पत्थरों से भरा हुआ रास्ता था। जहां पर एक दो बार पत्थर ऊपर से भी आए और एक दो बार खिसक के नीचे भी गिरा। बहुत डर भी लग रही थी।ऊपर से हड्डी गला देने वाली -15 डिग्री का टेंपरेचर थी। हिम्मत भी टूट रही थी लेकिन लक्ष्य को पूरा करनी थी। इसी बीच में मेरे गाइड ने भी मेरे साथ छोड़ दिया। वो बोल रहे थे चलो नीचे चलते हैं। मौसम खराब हो रहा है। लेकिन लक्ष्मी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, लक्ष्मी ने बताया कि कभी-कभी चलते-चलते हिम्मत भी टूट रही थी लेकिन लक्ष्य को पूरा करनी थी। राष्ट्रीय ध्वज को देखकर शक्ति मिलती थी। कुछ घंटे चलने के बाद जब सवेरा हुआ तो मंजिल सामने दिखाई दिया तो हौसला और बुलंद हुआ की कि नहीं अब तो फतेह करके ही जिंदा वापस जाना है। 6 घंटे चलने के बाद भारत का गौरवशाली तिरंगा माउंट अरारत पर फहराया। माउंट अरारत की पूरी चढ़ाई 41 घंटे में पूरी की लक्ष्मी माउंट अरारत की चढ़ाई करने वाली पहली भारतीय बेटी है। जिसने तुर्की देश के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट अरारत पर भारत का तिरंगा लहराया।

# जिलें में पहली बार बुद्धा मेडिकल कॉलेज में रीढ की हड्डी का हुआ सफल आपरेशन



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत योजना के तहत लोगों का इलाज बिल्कुल मुफ्त में किया जा रहा है।जिले में पहली बार लॉर्ड बुद्धा कोशी मेडिकल कॉलेज बैजनाथपुर में शनिवार को रीड की हड्डी का सफल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टर वरुण कुमार एवं डॉक्टर सेहल खान आबिद ने बताया कि अब लोगों को किसी भी असाध्य रोगो एवं जटिल सर्जरी के लिए पटना दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं है।अब लॉर्ड बुद्धा कोशी मेडिकल कॉलेज में स्पाइनल सर्जरी की भी सभी सुविधाएं उपलब्ध है।वही आयुष्मान भारत योजना के तहत बिल्कुल मुफ्त इलाज किया जाता है।कोशी का इलाका पिछड़ा इलाका है जहां भुखमरी और बीमारी की भरमार है।अधिकांश लोगों की जिंदगी दवा पर टिकी है।यहां जब लोग बड़ी बीमारी से ग्रसित होते हैं तो ऐसे में लोग पटना, दिल्ली, दरभंगा की ओर रुख करते हैं लेकिन अगर बड़ी बीमारी का इलाज सस्ते में और सरकारी योजना के अंतर्गत आपको आपके जिला सहरसा में मिल जाए तो काफी राहत की बात होती है। ताजा मामला दिन शनिवार का है जब लॉर्ड बुद्धा कोशी मेडिकल कॉलेज, बैजनाथपुर में पूर्णिया जिले के मरीज का स्पाइन सर्जरी रीड की हड्डी का ऑपरेशन भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजना भारत आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क हुआ तो मरीज के परिजनों के चेहरे पर खुशी दिख रही थी।शनिवार को लॉर्ड बुद्धा कोशी मेडिकल कॉलेज, बैजनाथपुर में डॉक्टर वरुण कुमार और डॉक्टर सेहल खान आबिद के द्वारा इस बात की जानकारी दी गई की जो ऑपरेशन बड़े शहरों में होता था। वह अब कोसी के इलाका लॉर्ड बुद्धा कोशी मेडिकल कॉलेज बैजनाथपुर में हो रहा है यहां के लोगों के लिए काफी राहत की बात है। इस तरह की सर्जरी काफी क्रिटिकल होती है। जो बेहतर उपकरण के द्वारा सुसज्जित आईसीयू में किया जाता है लेकिन अब हमारे अस्पताल में यहां इस तरह का ऑपरेशन हो रहा है। जो सफल भी हो रहा है। सरकार के द्वारा चल रही भारत आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत लोगों को यह सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है।जहां लोगों को निःशुल्क बड़े खर्च का ऑपरेशन हो जाता है।वहीं मरीज के परिजन नागेशर राम ने बताया की हम लोग पूर्णिया जिला के है। हमारे रिश्तेदार सहरसा में रहते है। जिसके द्वारा इस हॉस्पिटल के बारे में पता चला और यहाँ आकर डॉक्टर को दिखाये तब डॉक्टर ने ऑपरेशन करवाने का सलाह दिया। तब आज आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत यहां मुफ्त ऑपरेशन करवाया हूं।पिछलें एक महीने से हमारा भाई परेशान था लेकिन अब सफल ऑपरेशन के बाद हमारा मरीज पूरी तरह से ठीक हो जायेगा और जल्द ही चल फिर भी कर सकता है।बाहर जाने पर बहुत खर्च लगता लेकिन यहां निःशुल्क ऑपरेशन हो गया।

## ख़ास ख़बर

### पूर्व आई.जी दीपक बर्मा ने अपने परिवार संग सूर्यकुण्ड धाम में किये पूजा अर्चना



**संवाददाता / हज़ारीबाग सोहैल किरमानी, बरखट्टा।** हजारीबाग प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम में पूर्व आई.जी दीपक वर्मा नें अपने परिजनों के साथ पूजा अर्चना किए व देश व राज्य एंव संपूर्ण मानव जाति के लिए सुख,शांति,व समृद्धि की कामना किए। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,गोरहर थाना एएसआई दीपक कुमार पाल,हवलदार दिवाली सिंह,विजय पाण्डेय, समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय,रिंकू माली,पंकज पाण्डेय,शेषनाथ सिंह,त्रिपुरारी पाण्डेय,सुधीर पाण्डेय,लखन पाण्डेय, बिरजू नायक,आशिष पाण्डेय के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थें।

### हजारीबाग रौनियार वैश्य समिति के महिलाओं मंच ने भगवा गमछे का किया वितरण





**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी, हजारीबाग।** स्थानीय बुढ़वा महादेव मंदिर स्थित वैष्णो देवी मंदिर के प्रांगण में हजारीबाग रौनियार वैश्य समिति के महिला समिति के द्वारा बोल बम जाने वाले भाई बहनों एवं आम जनों को भगवा गमछा वितरण किया गया। बताते चलें कि हजारीबाग रौनियार वैश्य समिति के द्वारा समाज के भलाई के लिए आम जनों के लिए इस तरह के बराबर कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद गुप्ता, संयोजक शंकर लाल गुप्ता, सलाहकार विनय गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रवि शंकर गुप्ता, डॉ सत्येंद्र लाल गुप्ता महिला मंच के अध्यक्ष रेनू गुप्ता, मीनू गुप्ता, रानी गुप्ता ,अनीता गुप्ता, सचिव प्रभाग गुप्ता, उपाध्यक्ष रीना गुप्ता, पूनम गुप्ता, किरण गुप्ता, मंजू देवी, गीता देवी, सुधा गुप्ता, शोभा गुप्ता, सावित्री गुप्ता, समृद्धि गुप्ता ललिता देवी, कुसुम देवी, किरण देवी,सभी का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम में बहुत सारे लोग उपस्थित थे।

### श्रम अधिनियमों के प्रमुख प्रावधानों से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन





**संवाददाता / हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** आज दिनांक 26 अगस्त को उप श्रमायुक्त कार्यालय, हजारीबाग में, श्रम अधीक्षक अनिल रंजन की अध्यक्षता में "विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रमुख प्रावधानों से संबंधित जानकारी के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अस्पताल, दूकान प्रतिष्ठान, फैक्ट्री, विभिन्न स्कूल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936, बाल श्रम अधिनियम 1986, उपादान भुगतान अधिनियम 1972, ठेका मजदूर अधिनियम 1970, बोनस अधिनियम 1965, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, दुकान प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 के प्रावधानों पर चर्चा किया गया एवं जानकारी दी गई। सभी संस्थानों के प्रतिनिधियों को विभिन्न श्रम अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों का पालन करने का निदेश दिया गया। आयोजित कार्यशाला में अध्यक्ष, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, आरोग्यम अस्पताल, न्यू सृष्टि दृष्टि नर्सिंग होम, हॉली कॉस स्कूल, माउन्ट फोर्ट स्कूल, संत रोर्बट स्कूल, आनंदा कॉलेज, श्रीमान श्रीमति प्रतिष्ठान, तनिष्क होटल कैनरी इन, स्वदेशी नेकस्ट, लॉकअप रेस्टोरेंट, आनंदिता स्टील, आदि के प्रतिनिधि के अलावा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देव कुमार मिश्रा ने भाग लिया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में कार्यालय के कर्मचारी कुलदीप आनंद, रविकांत पाण्डेय, सूरज कुमार,नवीन प्रकाश हेम्ब्रम, सरिता कुमारी एवं प्रत्युष कुमार का विशिष्ट योगदान रहा।

# हज़ारीबाग को वंदे भारत के बाद मिलने जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात

**हज़ारीबाग।** हज़ारीबाग लोकसभा के रेल कार्यों में एक और उपलब्धि जुड़ रही है। वंदे भारत के बाद क्षेत्र को अब इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात मिलने जा रही है। 12 सितम्बर को रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन किया जायेगा। इसका संचालन वाया जमुआ, धनवार, महेशपुर हाल्ट, कोडरमा, हज़ारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा व टाटीसिलवे से होकर होगा। सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग से इसकी शुरुआत को लेकर काफी समय से प्रयासरत थे। उनके प्रयासों को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के शुरू होने से लाखों यात्रियों को अत्यंत सुविधा होने वाली है। यात्री अब बस से भी कम किराये में यात्रा कर सकेंगे, जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के शुरू होने की खबर से क्षेत्रवासियों में अपार ख़ुशी व उत्साह है। जनता इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री जी व अपने लोकप्रिय सांसद को कोटि-कोटि धन्यवाद दे रही है। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि संसदीय क्षेत्रवासियों की रेल संबंधी एक और



मांग अब पूरी होने जा रही है। 12 सितम्बर को एक और ऐतिहासिक दिन हज़ारीबाग के इतिहास में दर्ज़ हो जायेगा। हमारा प्रयास यात्रियों के लिए सदैव हर बेहतर सुविधा सुनिश्चित करवाना रहा है। क्षेत्र में रेल संबंधी विभिन्न विकास कार्य जारी हैं। अमृत स्टेशन योजना से बरकाकाना रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में रेल सेवाओं का परिदृश्य बदलेगा। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी



के नेतृत्व में हज़ारीबाग लोकसभा निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। मैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से लगातार मुलाकात कर क्षेत्र में रेल संबंधी कार्यों पर चर्चा कर रहा हूँ। इंटरसिटी एक्सप्रेस की शुरुआत होना इन्हीं प्रयासों का परिणाम है। मैं इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें देता हूँ। उन्होंने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री जी व रेल मंत्री जी का अनंत आभार व्यक्त किया।

### हीरो ने फिरसे पुराने लुक में लॉंच किया ग्लैमर क्लासिक

**शुभ भाष्कर, अजमल अख्तर, बहादुरगंज।** गोपाल पुर स्तिथ कन्हैया शोरूम में शुक्रवार की शाम 04:00 बजे हीरो ने फिरसे पुराने लुक में नए ग्लैमर क्लासिक को लांच किया। वहीं टेक्नीशियन गिलमान अहमद ने बताया कि इस गाड़ी में पिछले गाड़ी के तुलना में फीचर्स बहुत ही अधिक है, बाइक में माइलेज भी पिछले गाड़ी के तुलना में अधिक है एक लीटर पेट्रोल में लगभग 60 से 65 चलेगी गाड़ी और सबसे बड़ी खूबी यह है कि पुरने ग्लैमर बी एस फोर था लेकिन यह गाड़ी बी एस सिक्स है वहीं शोरूम के ओनर शोमेस कुमार भगत ने बताया कि जबसे इस लुक को हीरो ने बन्द किया था नए मॉडल का बिकना ही कम हो गया था कस्टमर का डिमांड पर इस गाड़ी को फिरसे पुराने अंदाज़ व पुराने लुक में फिरसे लांच किया गया है। लॉन्चिंग में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहें प्रमुख नेहाल परवेज,नगर पार्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि वसिकुर रहमान, जदयू के वरिष्ठ नेता एहतेशाम अंजुम,जय प्रकाश गुप्ता (लालाजी), विकास गुप्ता वार्ड पार्षद प्रिंस आज़म, शीतूल सिन्हा,आफताब, शाहबाज़, मुखिया रफ़ीक़, जफर आलम,साहब बाबू जनता हाट व गणमान्य लोग शामिल रहें।

## किशनगंज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधान लिपिक की समीक्षा बैठक आहूत

**किशनगंज। (अली रजा)।** किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में सभी कार्यालयों के प्रधान लिपिकों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि बैठक में कई लिपिक अकारण अनुपस्थित है, सभी अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग एवं उनका वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रधान लिपिक के स्तर से संचिका निष्पादन,पत्र उपस्थान,कैशबुक संधारण और अन्य बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई। साथ ही प्रखंड, अंचल स्तर पर सेवानिवृत लिपिक, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, अंचल अमीन एवं कार्यालय परिचारी से संबंधित सेवांत लाभ का भुगतान ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखण्ड कार्यालय में सभी प्रधान लिपिक को निदेश दिया गया कि सभी पदस्थापित पंचायत सचिवों का अंतिम वेतन प्रमाण पत्र जिला पंचायती राज कार्यालय में शीघ्र भेजना सुनिश्चित करेंगें।



श्री अरविंद कुमार मंडल प्रखण्ड नाजीर ठाकुरगंज के द्वारा जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग एवं जिला पंचायती राज कार्यालय के नजारत का प्रभार अबतक नही सौंपें जाने के कारण अगले आदेश तक वेतन स्थगित रखने का निदेश दिया गया। श्री पशुपति मंडल, अंचल कार्यालय किशनगंज के अंचल नजारत का प्रभार नहीं सौंपे जाने के फलस्वरूप श्री मंडल का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निदेश दिया गया। प्रखंड कार्यालय टेढागाछ के नजारत का प्रभार आदान- प्रदान नहीं होने के फलस्वरूप संबंधित प्रखण्ड नाजीर/ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया गया। श्री नौसाद आलम एवं श्री उमाकांत मंडल द्वारा अपने-अपने पदस्थापित अंचल नजारत का प्रभार अद्यतन ग्रहण नही करने के फलस्वरूप इनका अगले आदेश तक वेतन स्थगित रखने का निदेश दिया गया। सभी प्रधान लिपिकों को अपने अपने कार्यालय से संबंधित सेवान्त लाभ एवं MACP से संबंधित कारवाई शीघ्र करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला स्थापना उप समाहर्त्ता,सभी कार्यालय के प्रधान लिपिक उपस्थित थे।

# किशनगंज जिला शतरंज संघ की बैठक सम्पन्न

**किशनगंज (अली रजा)।** जिला पदाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहणालय के सभाकक्ष में जिला शतरंज संघ के वार्षिक सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। इसमें संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय अधिवक्ता रंजन चक्रबर्ती द्वारा आंकेक्षित विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस पर जिला पदाधिकारी महोदय ने दिशानिर्देश दिया कि इस रिपोर्ट को किसी मान्यता प्राप्त लेखापरीक्षक के द्वारा भी अनुमोदित करा ली जाए। तत्पश्चात् पुरानी कार्यकारिणी समिति को भंग कर एक नई समिति का गठन किया गया। नई समिति में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गुप्त को संरक्षक पद पर मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष पदों पर राकेश जैन, आयशा खातून, मनोज मजूमदार, नवीन कुमार सिंह, बासुकीनाथ गुप्ता, विशाल जैन एवं





एजाज़ सोहेल को आसीन करवाया गया। श्रीमती रूमी सिन्हा भी सदस्य के रूप में शामिल हुईं। इनके अलावे श्रीमती आंची देवी जैन ,युगल किशोर तोषनीवाल , डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल, त्रिलोक चंद्र जैन, डॉक्टर राजकरण दफ्तरी, डॉक्टर इच्छित भारत, टीटू बदवाल ,श्रीमती ए कविता जूलियाना, धनंजय जायसवाल, कमल मित्तल, उदय शंकर दुबे, मनोज गट्टानी, मनीष जालान, बिमल मित्तल ,अंकित अग्रवाल, मोहम्मद कलीमुद्दीन ,विनीत अग्रवाल, रवि राय, डॉक्टर एम आलम,शिफा सैयद हफीज, सुनील कुमार जैन ,श्रवण कुमार सिंघल ,दीप कुमार , डॉक्टर शेखर जालान, आलोक कुमार ,मनीष कासलीवाल, पदम जैन, श्रीमती अमृता साव, राजेश कुमार दास, डॉक्टर अशोक प्रसाद, डॉक्टर अमर कुमार ,दानिश इकबाल, दिनेश पारीक, आसिफ इकबाल, दीपक श्रीवास्तव, मिक्की साहा, मोहम्मद तारिक अनवर, कमल कर्मकार सहित 74 पुराने लोग अपने-अपने पदों पर बने रहे। महासचिव श्री दत्ता को 28 वीं बार इस पद का दायित्व सौंपा गया। सभा के अंत में बाल राष्ट्रीय खिलाड़ी सुरोनोय दास, धान्वी कर्मकार, सीनियर ग्रुप में मुकेश कुमार,रोहन कुमार, अंतर्राष्ट्रीय शतरंज कोच कमल कर्मकार सम्मानित किए गए।

### अभाविप के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य नीतीश पटेल पहुंचे विभावि





**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम "छात्र नेता प्रवास" के निमित्त आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य श्री नीतीश पटेल विनोबा भावे विश्वविद्यालय पहुंचे, श्री नीतीश पटेल को कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय मुख्य द्वार में बुकें एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया !छात्र नेता प्रवास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विवि के शैक्षणिक वातावरण, शोध का वातावरण, परिसर में संचालित विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों की स्थिति, विश्वविद्यालय के द्वारा स्व रोजगार के दिशा में उठाए जा रहे कदम एवं छात्र-छात्राओं से रूबरू होना था! श्री पटेल दो दिवसीय प्रवास पर हजारीबाग पधारे हैं! मौके पर प्रदेश एसएफएस संयोजक नवलेश सिंह,विश्वविद्यालय सह संयोजक दीपक मेहता,विभाग सह संयोजक सोनू राय, जिला संयोजक प्रभात कुमार, जिला सह संयोजक मनदीप यादव, विभाग छात्रा प्रमुख अंजली यादव,प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा,बाबूलाल मेहता,अभिमन्यु कुमार ,सुधांशु कुमार, यशवंत कुमार,साकेत सिंह, साक्षी सिन्हा,रूद्र राज, शेखर शर्मा, सत्यम कुमार, संकेत कुमार,खुशबू रानी,निशु यादव, करण मेहता,अमन कुमार,निशांत अग्रवाल, तनिषा शर्मा,राजा,रामराज,विकाश यादव,आलोक कुमार, आकाश यादव,सतीश, अंकित,शिवा,विशाल,प्रशांत, तुषार,सिद्धार्थ,रंजीत यादव,राहुल, चंदन , जय रंजन,शशि,आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

### नवोदय विद्यालय के फार्म भरने की अंतिम तिथी 31 अगस्त कर दी गई है




**किशनगंज, (अली रजा)।** किशनगंज नगर के मारवाड़ी कालेज के सामने स्थित जिला के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान आईडियल एकेडेमी के डायरेक्टर श्री औरंगजेब ने आज यहाँ बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन जारी है पूर्व में ईसकी की अंतिम तिथि 10 अगस्त लेकिन अब इसे बढा कर 31 अगस्त तक कर दी गई है लिहाजा इच्छुक बच्चे एवम गार्जियन अब और देरी ना करें। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालय में ईस बार सबसे कम बच्चों ने नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए फार्म भरा है जिसे बढाने की आवश्यकता है। ज्ञातव्य हो कि आईडियल एकेडेमी में नवोदय विद्यालय में दाखिले की तैयारी कराई जाती है। और पिछले कई वर्षों से आईडियल ऐकेडमी में तैयारी करने वाले बच्चों का नवोदय विद्यालय में दाखिला होता आ रहा है। आईडियल ऐकेडेमी के संचालक मास्टर औरंगजेब और उनके सहयोगियों की कड़ी मेहनत और लगन से ईस शैक्षणिक संस्थान ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यहाँ नवोदय इन्ट्रांस एक्जाम के लिए हिन्दी और अंग्रेजी दोनों मीडियम में तैयारी कराई जाती है जहाँ लड़के और लड़कियों दोनों के लिए हास्टल की सुविधा भी उपलब्ध है। ईस संबंध में आईडियल ऐकेडमी के संचालक मास्टर औरंगजेब का कहना है कि हम उन बच्चों के लिए कड़ी मेहनत करते हैं जिनको नवोदय विद्यालय में पढ़ाने की ईच्छा है।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ क्लास स्टार्ट हो चुकी है और इस बार entrance एग्जाम भी जनवरी माह में ही है। उन्होंने कहा कि अगर अभी तक अभिभावक अपने बच्चों का फॉर्म नहीं भरे हैं तो जल्दी फार्म भर लें क्योंकि अब समय बहूत कम बचा है।फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। और अब मात्र कुछ ही दिन रह गए हैं। उन्होंने कहा कि यदी किन्ही को फार्म भरने के सबंध में कोई जानकारी लेनी हो या फार्म भरने में सहयोग चाहिए तो हमारी संस्थान में आकर सहयोग ले सकते हैं।

### मेगा लोक अदालत सह सशक्तिकरण शिविर कल

**संवाददाता/हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** डालसा हजारीबाग के तत्वावधान में रविवार को मेगा विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन सभी प्रखंडों में किया गया है। 27 अगस्त को पूर्वाह्न 10:30 बजे से शिविर आयोजित होगा। सदर प्रखंड के नगर भवन में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शिविर के दौरान प्री लिटिगेशन के मामले इसमें सभी प्रकार के सिविल एवं आपराधिक सुलहनीय योग्य मामले के अलावा न्यायालय में लंबित मामले सुलहनीय प्रकृति के मामले को स्थाई लोक अदालत के अधिवक्ता पैनल के मध्यस्थ, सदस्य आदि के माध्यम से वादों को निष्पादन के लिए पहल की जाएगी साथ ही आमलोगों को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के बारे में जागरूक भी किया जाएगा। इसके अलावा प्रखंड प्रशासन के द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जाएगा एवं लोगों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा।

उर्स | सरतरती पीरे तरीकत शब्बीर अहमद तेगी मुजफ्फरपुर ने की

# बड़े धूमधाम से मनाया गया उर्स

**मोतिहारी, अशोक वर्मा/ कफील एकबाल।** शहर के जानपुल स्थित पीरे तरीकत कुतबे मोतिहारी शाह खेताब अली तेगी मोजीबी रहमतुलाह अलैह का उर्ष बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। जिसकी सरतरती पीरे तरीकत शब्बीर अहमद तेगी मुजफ्फरपुर ने की। जिस सदारत हजरत मौलाना असरारूल हक तेगी खेताबी ने की। वही जलसे की कयादत अल्लामा व मौलाना हज़रत रेजाउल्लाह नकशबंदी ने की...जलसे की नेकबत कौशर रज़ा नूरी ने की...वही जलसे की हिमायत मासूम रजा मिस्बाही एवं जलसे में खुशुसी खेतबत हज़रत मौलाना मोहम्मद रज़ा अमजदी की हुई...वही शायरे इस्लाम दीवानये मखदूमे शिमना जनाब शोहराब रज़ा क़ादरी की बहुत ही बेहतरी शायरी हुई...वही अपने शायरी में कहा कि फलक पे जन्नत हुसैन की है, जमी पे काबा



हुसैन का है...जिससे जलसे में सुनने आये लोगों ने नारे तकबीर व नारे रेसालत का पुरजोर नारा लगाये...वही अल्लामा व मौलाना हज़रत रेजाउल्लाह नकशबंदी ने पीरे तरीकत कुतबे मोतिहारी शाह खेताब अली तेगी मोजीबी रहमतुलाह अलैह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये मोतिहारी के कुतुब है...उनके जिंदगी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनकी जिंदगी अपने जीवन मे उतारे, जिससे आपको अच्छी सिख मिलेगी...वही शायरे इस्लाम जमशेद साहिल बरेलवी, मौलाना अतिउल्लाह साहब, मौलाना अजहर शम्सी सहित सभी लोगो की नातखानी व तकरीर हुई। उक्त मौके पर कमेटी के सदस्य जनाब मोहिबल हक, जनाब कमाल, जनाब अली इमाम साहब, नसीम साहब, बशीर साहब, ख़ातिबुल्लाह सहित सैकड़ों के संख्या में लोगो मौजूद थे।

# क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल की टीम द्वारा डेंगू से ग्रसित लोगो का किया गया स्वास्थ्य जांच

**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी।** 25 अगस्त को प्राप्त सूचनानुसार हजारीबाग जिला के सा.स्वा. केन्द्र, चौपारण अन्तर्गत ग्राम वैधी मोड़ निवासी डा. सतीश कुमार सिंह, पिता अभय कुमार सिंह, उम्र 40 वर्ष एवं महूदी तिलैया निवासी 18 वर्षीय चितरंजन यादव, पिता अशोक सिंह डेंगू पोजिटिव पाये गए थे इस बाबत त्वरित कार्यवाई करते हुए क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग की टीम एवं जिला स्तरीय दल के साथ उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि डेंगू धनात्मक डॉ. सतीश कुमार सिंह वर्तमान में बिल्कुल स्वस्थ है। इस दौरान उनके परिजनों एवं पड़ोसियों से भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई, जानकारी के क्रम कोई भी व्यक्ति ज्वर पीड़ित नहीं पाये गये। वहीं ग्राम महूदी तिलैया में निरीक्षण के क्रम में चितरंजन यादव से मिलकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि वे पिछले छः माह से कोटा राजस्थान में कोचिंग कर रहे थे। एक सप्ताह पहले कोटा ने बुखार आने के बाद वे डॉ. यशस्वी गौतम के द्वारा इलाजरत रहे तबियत में कोई सुधार नहीं होने के कारण वे 20 अगस्त को वापस चौपारण लौट आए। यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा इनका सैम्पल लेकर जाँच के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल,हजारीबाग भेजा गया जांचोपरांत एनएस1 एजी अलिसा पॉजिटिव पाया गया। वर्तमान समय में ये बिल्कुल स्वस्थ्य है। उन्हें डेंगू से बचाव एवं स्वास्थ्य एवं संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। क्षेत्रीय एवं जिला दल द्वारा उक्त दोनों व्यक्ति के परिजनों को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न होने पर अविलम्ब प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी,चौपारण से संपर्क करने की सलाह दी गई है। हजारीबाग जिला के विभिन्न सा.स्वा. केन्द्रों के प्राप्त सूचनानुसार अब तक जिले में कुल 04 डेंगू के मरीज की



पुष्टि हुई है, जिनमें से तीन व्यक्ति अन्य राज्यों से आये थे जबकि एक व्यक्ति जो विगत कई माह से किसी अन्य राज्य में नहीं गये परन्तु उनके कोचिंग संस्थान में विभिन्न क्षेत्रों से छात्रों का आना जाना होता है। वर्तमान समय में उक्त चारों ही मरीज बिल्कुल स्वस्थ्य है।

## ख़ास ख़बर

### चोरी का मोबाइल बरामद एक गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु चलाए जा अभियान के क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी डीडीयू वह आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के निर्देशन में जीआरपी वह आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा प्लेटफॉर्म संख्या 1/2 के पास से एक अभियुक्त अखिलेश चौधरी को गिरफ्तार किया।जिसके पास से पुलिस ने चोरी का एक मोबाइल बरामद किया पकड़ा गया अभियुक्त ट्रेनों व रेलवे स्टेशन में यात्रियों के सामानों की चोरी करता था।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### तमंचा कारतूस बरामद एक तस्कर गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली अनिल कुमार द्वारा अवैध शराब/मादक पदार्थ/असलहा/गोतस्करों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गये आदेश/निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक इलिया जनपद चन्दौली द्वारा प्राप्त अभिसूचना के आधार पर एक व्यक्ति को माल्दह नहर पुलिया से एक पिस्टल 32 बोर मय दो अदद मैगजीन व दो तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि मेरा घर सासाराम है सासाराम में ये सब असलहे बहुत आसानी से तथा बेहद ही कम दाम पर उपलब्ध हो जाते है मै वही से असलहे को कम दामो में खरीद लेता हूँ तथा बिहार में तथा बिहार से सटे यूपी के अन्य जिलो में अच्छे दामों पर विक्रय कर देता हूँ।गिरफ्तार अभियुक्त सुनील पाण्डेय निवासी छोटका मोर थाना सासाराम जनपद रोहतास बिहार बताया जाता है।जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### कौशल विकास योजना के प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र किया गया वितरित



**चंदौली चकिया।** क्षेत्र के लालपुर गांव स्थित समन्यू महिला महाविद्यालय परिसर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की तरफ से कौशल प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा कौशल विकास के प्रोजेक्टर मैनेजर प्रिंस कुमार श्रीवास्तव द्वारा कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 61 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रमाण पत्र पाने के बाद छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी छाई रही वहीं प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण कुमार ने कहा कि बच्चों को कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रमाण पत्र वितरित किया गया है। और इस प्रमाण पत्र के जरिए छात्र-छात्राओं को रोजगार के भी कई अवसर प्राप्त होते हैं जिसमें सफलता पाने पर वह अपना जीवन यापन कर सकते हैं। इसके साथ ही सफल छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन इत्यादि का भी वितरण किया जाएगा। वही आपको बता दें कि बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा से प्रशिक्षित करने में ट्रेनर सुनीता का अहम योगदान रहा है। जिन्होंने लगातार मेहनत करके छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर की जानकारी देने के साथ ही उन्हें प्रशिक्षित करती रही। जिस पर छात्र-छात्राओं द्वारा उनके इस मेहनत पर आभार जताया गया।इस दौरान महाविद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर साधना द्विवेदी, सुरेंद्र द्विवेदी, सहित कौशल विकास के मारकंडेय, छात्रा हिना,साक्षी,कविता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर में किया गया पैदल गश्त



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली अनिल कुमार द्वारा क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर एवं अन्य अधिकारी तथा पर्याप्त पुलिस बल के साथ पीडीडीयू नगर में किया गया सायं कालीन पैदल गश्त।इस दौरान आमजन एवं व्यापारी बन्धुओं से संवाद कर समस्या एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में ली गई जानकारी व सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका/महिला सुरक्षा के दृष्टिगत चन्दौली पुलिस के समस्त अधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए प्रतिदिन की भांति सायंकालीन पैदल गश्त किया जा रहा है।पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो,चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति,वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की जा रही है।पैदल गस्त के दौरान आमजन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि चन्दौली पुलिस सुरक्षा,शांति,सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।किसी भी प्रकार की सूचना से स्थानीय पुलिस को तत्काल अवगत कराने हेतु किया जा रहा प्रेरित।

# कार्यवाही करने मे असक्षम साबित हो रहे प्रभारी चिकित्साधिकारी






**चकिया चन्दौली।** एक तरफ प्रदेश सरकार के द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्ध कराने को लेकर स्वास्थ्य बिभाग के जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों को फरमान जारी किया गया है की किसी भी दशा मे बगैर मानक के अस्पताल पैथालॉजी सेंटर ना संचालित किया जाए तथा तथा प्रदेश सरकार के द्वारा हास्पिटल पैथोलॉजी सेंटर खोलने को लेकर बाकायदा एक मानक तय किया गया है जिससे मरीजों का बेहतर तरीक़े से इलाज हो सके तथा किसी भी मरीजों की जिंदगी के साथ जिंदगी के साथ खिलवाड़ ना हो सके तथा प्रशिक्षित चिकित्सक तथा डिग्री वाले ही मरीजों का ईलाज जांच कर सके मगर प्रदेश सरकार के आदेश पर जमीनी स्तर पर बगैर मानक के धडल्ले से अवैध पैथोलॉजी सेंटर संचालित करते हुए अप्रशिक्षितो के हाथो सौप दी गयी है और स्वास्थ्य बिभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही मानक विहीन अस्पतालों पैथोलॉजी सेंटरो पर कृपा द्रष्टि बनाए हुए है जिससे मरीजों की जिदंगी से लगातार खिलवाड हो रहा है तथा अप्रशिक्षित धडल्ले से पैथालॉजी सेंटर संचालित कर रहे है और जानकारी के बाद भी प्रभारी चिकित्साधिकारी चकिया कुम्भकर्णी निद्रा मे सो रहे है। दरअसल पुरा मामला चकिया नगर का है जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चकिया के समीप ही धडल्ले से बगैर मानक विहीन रेड क्लिप लैब के नाम से संचालित किया जा रहा है जहां पर खुलेआम अप्रशिक्षित नवयुवक खुलेआम जांच करते हुए मरीजों की जिंदगी के साथ लगातार खिलवाड़ करते नजर आ रहे है धडल्ले से मानक विहीन अवैध पैथोलॉजी सेंटर संचालित करना स्वास्थ्य बिभाग के दावो को आइना दिखाता है आपको बताते चले की जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया मे बाहर की जांच लिखते ही दलालों के द्वारा अपने अपने पैथोलॉजी सेंटरो पर ले जाया जाता है तथा मरीजों का शोषण चालु हो जाता है मरीजों की लाचारी का फायदा उठाते हुए पैथालॉजी सेटरो पर रखे गये नवयुवक मरीजों के पहुचते ही 20 वर्ष से 25 तक के अप्रशिक्षित नवयुवक आसानी से सभी प्रकार का जांच करना शुरू कर देते है जिससे मरीजों की जिदंगी के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है वही सुत्रो की माने तो बगैर मानक के अस्पताल पैथोलॉजी सेंटर संचालक करने वाले एक बंधी बधाई रकम स्वास्थ्य बिभाग को दे देते है जिससे बगैर मानक वाले पैथोलॉजी सेंटर पर कोई कार्यवाही नही हो पाती है जिससे मरीजों की जिंदगी अप्रशिक्षितो के हाथो सौप दी गयी है और जानकारी के बाद भी प्रभारी चिकित्साधिकारी चकिया कार्यवाही के नाम पर मौन नजर आ रहे है।

## चोरों ने नगदी समेत आभूषण पर किया हाथ साफ



**बबुरी चन्दौली।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सीकरी गांव में शुक्रवार की दोपहर अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक घर के दरवाजे का ताला तोड़कर नगदी समेत लाखो रुपये मूल्य के कीमती गहनों पर हाथ साफ कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना को सुन ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीकरी गांव निवासी रोहित शुक्रवार की दोपहर कोचिंग पढने गया हुआ था व उसकी मां रामरती खेतों में काम करने चली गई। इसी समय मौका पाकर कुछ अज्ञात चोरों ने घर के मेंन दरवाजा का तोड़ कर अंदर प्रवेश कर गए तथा कमरे में रखे अलमारी को तोड़कर उसमें रखे 70 हजार रुपए नगदी ,कीमती गहने समेत जरूरी कागजात को ले कर चोर फरार हो गए । घर आने पर दरवाजे का ताला टूटा देख भुक्तभोगी रामरती के होश उड़ गए, घर के अंदर कमरे में जाकर देखा तो अलमारी भी टूटी हुई थी तथा उसमें रखे नगदी व जेवरात , व जरूरी कागजात गायब थे। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल अपने बेटे और112 नम्बर पुलिस को दिया। भुक्तभोगी रामरति ने बताया कि भैस की बिक्री कर रखे 70 हजार रुपये नगद और कुछ कीमती जेवरात चोरों ने चुरा लिया है।सूचना पर पहुची बबुरी पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच पड़ताल में जुट गई। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## सचिव ने अस्पताल के साथ बंदियों के इलाज में दवाइयों का किया निरीक्षण



**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली के आदेशानुसार जिला कारागार वाराणसी का अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली श्री ज्ञान प्रकाश शुक्ल द्वारा निरीक्षण किया गया, जिसमें जेल अधीक्षक उमेश सिह,जेलर बी0 के0 त्रिवेदी एवं डिप्टी जेलर रत्नप्रिया मौजूद रहे।सचिव ने सर्वप्रथम बैरक,अस्पताल,पाठशाला व महिला बैरक का निरीक्षण किया।बैरकों में उपस्थित चंदौली के पुरुष व महिला बंदियों से उनके स्वास्थ्य,खान पान,रहन सहन के बारे में जानकारी ली।महिला बैरक में उपस्थित महिला बंदियों के बच्चों के पढ़ाई व खाने पीने की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली।सचिव ने अस्पताल का निरीक्षण करते हुए बंदियों के इलाज में दवाइयों का भी निरीक्षण किया।सचिव नें बंदी दानिश उर्फ बौना से भी मुलाकात किया जो जुर्म स्वीकृति के आधार पर जुर्माना राशि जमा करने के पश्चात अपनी सजा की अवधि को पूर्ण कर रहा है। डॉक्टर को निर्देश दिये कि सभी मरीज बंदी को समय समय से दवाइयां दी जाए कोई कमी नहीं होनी चाहिए, साथ ही निरुद्ध बंदियों को फ्री लीगल एडवाइज के बारे में भी जानकारी दी उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कानून सहायता लेने वाले इच्छुक बंदियों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में उपलब्ध कराएं ताकि ऐसे बन्दियों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जा सके।

## वृक्षारोपण महाअभियान को अधिकारी लगा रहे पलीता





**चकिया चंदौली।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकारी पैसो का कैसे दुरुपयोग होता है तो आप चकिया के मुहमम्दाबाद घटमापुर मे तस्वीरों मे देख सकते है आपको बताते चले की प्रदेश सरकार के द्वारा जहां पर्यावरण संरक्षण करने को लेकर प्रदेश सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च करते हुए वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर शासन के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है लेकिन सरकार के वृक्षारोपण कार्यक्रम कराने के बाद वन विभाग के अधिकारी पौधरोपण किये गये पौधो की सुरक्षा को लेकर लापरवाह बने हुए है तथा कागजो मे ही कोरमपुर्ती करते नजर आ रहे है जिससे प्रदेश सरकार के लाखो खर्च के बाद भी वन बिभाग के अधिकारियों की उदासीनता से वृक्षारोपण महाअभियान योजना जमीनी स्तर पर दम तोडती नजर आ रही है और पौधारोपण किये गये पौधे सुख रहे है और ट्रीगार्ड जमीन से उखडकर गिरते नजर आ रहै है और वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कागजो मे ही पौधरोपण की सुरक्षा दिखा रहे है। दरअसल पुरा मामला चकिया रेंज के मुहमम्दाबाद घटमापुर गांव के समीप का जहां वन विभाग के द्वारा बाकायदा पर्यावरण संरक्षण को लेकर नहर के पटरी पर लाखों रुपए खर्च करते हुए ट्रीगार्ड समेत वृक्षारोपण कराया गया वही सूत्रो की माने तो वन विभाग के द्वारा वृक्षारोपण किये गये पौधरोपण की सुरक्षा को लेकर बाकायदा वन विभाग के तरफ से सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सौपी गयी है लेकिन प्रदेश सरकार के प्रयासों के बाद भी पौधरोपण किये गये पौधे रखरखाव के अभाव मे ट्रीगार्ड से जहां पौधे गायब है वही ट्रीगार्ड उखडकर धराशायी हो गयी है उसके बाद भी वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी पौधरोपण किये गये की सुरक्षा को लेकर लापरवाह बना हुआ है जिससे सरकार की पर्यावरण संरक्षण योजना मे अधिकारी पलीता लगाते नजर आ रहे है।

### फिर से बढ़ने लगा है गंगा का जलस्तर



**चहनियां। चंदौली।** गंगा का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती में दहशत व्याप्त है । विगत चार दिनों में गंगा का पानी चार फीट बढ़ने के बाद पुराने व नये महिला चेंजिंग रूम को अपने आगोश में लेने को आतुर है । पश्चिम वाहिनीं घाट पर श्मशान स्थल डूब गया है । गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ ही तटवर्ती गांवो में दहशत ब्याप्त है । जनपद में बारिश का नामो निशान नही है । किसान बारिश के लिए परेशान है । किन्तु गंगा के जलस्तर में लगातार बृद्धि हो रही है । पहाड़ी इलाको में मूसलाधार बारिश से बन्धो में पानी भर जा रहा है । जिसे थोड़ा थोड़ा कर छोड़ा जा रहा है । जिससे गंगा के जलस्तर में बृद्धि हो रही है । गंगा का पानी पुराने घाट पर बने महिला चेंजिंग रूम व नये घाट पर बने महिला चेंजिंग रूम को अपने आगोश में लेने को बेताब है । बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर श्मशान स्थल पूरी तरह से डूब गया है । लोग ऊपर बने श्मशान टीन स्थल पर शवो का अंतिम संस्कार कर रहे है या फिर घाट पर थोड़ बहुत जगह बची है उसी पर अंतिम संस्कार कर रहे है । गंगा के बढ़ते जलस्तर से गंगा तट के किनारे बसे गांव कांवर,महुअरिया,बिसुपुर,महुआरी खास, सराय, बलुआ, डेरवा, महुअर कला, हरधन जुड़ा,बिजयी के पूरा ,गणेश पूरा, टाण्डाकला, बड़गांवा, तीरगांवा, हसनपुर, नादी निधौरा आदि गांवो के किसानों व ग्रामीणों की जमीन समाहित हो चुकी है ।

### गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी शातिर गोतस्कर का पुलिस ने किया वाहन जब्त



**चहनियां।चंदौली।** पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम प्रभारी निरीक्षक बलुआ विनय प्रकाश सिंह मय पुलिस टीम द्वारा शातिर गोतस्कर व गैंगेस्टर रेनूलाल पुत्र पुत्र स्व0 हरिगेन निवासी बिसौरी, थाना चन्दौली, जनपद चन्दौली जो गोवंश की तस्करी के अपराध से अर्जित धन से खरीदे गये अपने वाहन संख्या-यूपी67 एटी 3564 (मैक्जिमा टैम्पू) के साथ कही जा रहा था कि मथेला पुलिया के पास रोककर धारा-14(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट के तहत उपरोक्त वाहन यूपी 67 एटी 3564 (मैक्जिमा टैम्पू) को कुर्क कर पुलिस कब्जा मे लिया गया। यूपी67 एटी 3564 मैक्जिमा टैम्पू जिसका उपयोग गिरफ्तार गंगेस्टर व गौ तस्कर द्वारा कभी कभी गौ तस्करी सहित अन्य गैर कानूनी कार्यों के लिए किया जाता रहा है को श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर बलुआ पुलिस द्वारा अपने कस्टडी में लेते हुए कुर्क करने की कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार व जब्तीकरण करने वाली टीम में मुख्य रुप से विनय प्रकाश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना बलुआ, हे0का0 चन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 प्रिंस सिंह, का0 रामजी पाण्डेय रहे।

### अधिकारियों ने नहीं ली सुधि तो अब शुरू हुआ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल



**चंदौली।** तहसील मुख्यालय चकिया के गांधी पार्क में आठ दिनों तक चली अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल के बाद भी जब अधिकारियों ने सुध नहीं ली तो आज से पीड़िता के पति लालचंद सिंह एड०अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठ गये। बता दें कि क्षेत्र के डोड़ापुर सलैया मौजे में पीड़िता मधुबाला देवी पत्नी लालचंद सिंह एडवोकेट की भूमि धरी भूमि है। जिस पर आरोप है कि बगल के काश्तकार द्वारा कास्त करने से रोका जा रहा है। हालांकि विगत दिनों पीड़िता द्वारा जमीन के अधिकांश भागों पर धान की रोपाई करवा दी गई थी लेकिन कुछ भूभाग पर विपक्षियों के दबाव में आकर उन्हें रोपाई बंद करनी पड़ी, जिसके बाद उन्होंने न्याय के लिए अधिकारियों से गुहार लगाई।लेकिन जब उनकी कहीं सुनवाई नहीं हुई तो पीड़िता भूख हड़ताल पर बैठ गई।परन्तु तहसील के ठीक बगल में आठ दिनों तक चले क्रमिक भूख हड़ताल पर जब कोई भी अधिकारी,कर्मचारी यह जानने नहीं पहुंचा कि आखिर समस्या क्या है और यह कब हल होगी। इसके बाद पीड़िता के पति लालचंद सिंह एड०ने अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल को अब अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में बदल दिया है।आज उन्हें अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठाते समय भृगुनाथ,बजरंगी,परमानन्द,विमल,गुलाबचौहान,महानन्द,नन्दलाल,जयनाथ आदि लोग मौजूद रहे।

**लापरवाही** 165 मीटर बोरिंग के लिए दो हॉर्स पावर के ट्रैक्टर युक्त बोरिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा

# अधिकारीयों की मिलीभगत से जल जीवन मिशन योजना में हो रही लापरवाही



**चहनियां। चंदौली।** जल जीवन मिशन के तहत हर गाँवों में लगने वाली पानी टंकी और टुबेल निर्माण में मानक के अनुसार कार्य करने के लिए उपयोग आने वाली मशीन आदि में क्षमता के अनुसार उपयोग न करके अधिकारीयों की मिली भगत से अनियमितता बरतने की बात बलुआ पानी टंकी निर्माण के लिए टुबेल की बोरिंग में देखने को मिल रही है। जहाँ 18 इंच परिधि में 165 मीटर गहरी बोरिंग के लिए दो हॉर्स पावर के ट्रैक्टर युक्त बोरिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है। पेय जल की समस्या को दूर करने के लिए शासन स्तर पर प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी लगवाकर पानी आपूर्ति किये जाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस कार्य में कई जगह अधिकारीयों की अनदेखी से मानक में लापरवाही बरतने की बात भी सामने आ रही है। ऐसी ही एक लापरवाही बलुआ में टंकी के लिए हो रहे टुबेल की बोरिंग के दौरान देखने को मिल रही है जहाँ 8 इंच परिधि सहित 165 मीटर गहरी बोरिंग के लिए दो हॉर्स पावर ट्रैक्टर युक्त छोटी मशीन का उपयोग ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिससे भविष्य में किसी बड़े खतरे से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान ने कहा कि इस योजना से सम्बंधित कोई भी जानकारी अधिकारीयों द्वारा नहीं दी गयी है कि क्या कैसे होगा। वे लोग आकर अपना कार्य अपने मन से कर रहे है। वहीं जल जीवन मिशन के अवर अभियंता अवधेश सरोज ने बताया कि हर हाल में मानक के अनुसार बोरिंग कार्य कराया जायेगा। कम क्षमता की मशीन का उपयोग होना संज्ञान में आया है जिसके कारणों की जाँच कराई जाएगी।

## समाधान दिवस का आयोजन अधिकारियों ने लिया सज्ञान



**सकलडीहा चंदौली।** शनिवार को सकलडीहा एसडीएम मनोज पाठक की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। वही समाधान दिवस में पड़े प्रार्थना पत्रों का अधिकारियों द्वारा संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रातः काल से ही प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार मौर्य की निर्देशन में समाधान दिवस की तैयारी पूर्ण की गई थी। वही इस समाधान दिवस में चार ऐसे मामले प्राप्त हुए जिसमें तीन मामले भूमि विवाद तथा एक मामला परिवार से जुड़ा हुआ पाया गया। जिसका संज्ञान लेते हुए उपस्थित अधिकारियों द्वारा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आदेश दिया गया। वही इस समाधान दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीआरवी कैंडिडेट्स द्वारा बैनर लगाकर उपस्थित वादकारीयों को जिला विधि सेवा प्राधिकरण से हर संभव मदद दिलाने की जानकारी उपलब्ध कराई गई। आपको बताने चले की शनिवार को कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। वही समाधान दिवस में क्षेत्राधिकार राजेश कुमार राय व एसडीएम मनोज पाठक की अध्यक्षता में समाधान दिवस पर पड़े प्रार्थना पत्रों का दोषपूर्ण निस्तारण करने का कार्य किया गया। जहां कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों को बुलाकर शीघ्र अति शीघ्र वादों का निस्तारण के साथआवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस कार्यक्रम में उपस्थित एक वाद करी ने बताया कि जहां हम लोग अपने वादों के तुर्किश निसान के क्रम में ऐसे समाधान दिवस पर उपस्थित होते हैं। वहीं अधिकारियों द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्यवाही के लिए निर्देशित भी किया जाता है। परंतु राजस्व विभाग के मामले में अधिकांश लेखपाल द्वारा लापरवाही बरती जाती है। शायद यही कारण है कि आज समाधान दिवस के अवसर पर कम ही फरियादी उपस्थित हो पाए हैं। इस समाधान दिवस में एसडीएम मनोज पाठक, क्षेत्राधिकार राजेश कुमार राय, एस आई मोहन प्रसाद, महफूज आलम, मीरा यादव, पीआरवी अवधेश कुमार यादव, राकेश कुमार राय के साथ तहसील कर्मचारी व अन्य लेखपाल पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।